जबलपुर रविवार 24 मई 2026 > शक संवत 1948, ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी, संवत 2083

वर्ष 31 अंक 324 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।

**मौसम**
अधिकतम तापमान 44.0°C
न्यूनतम तापमान 29.6°C
सूर्योदय - 5.26 | सूर्यास्त - 6.48



फिल्म पेड्डी में दिखेगा राम चरण का सबसे अलग रूप ▶▶ 7



टी20 महिला विश्व कप में जीत के इरादे से उतरेगी ▶▶ 10



# टेम्प्रेचर का टॉर्चर जारी...बचने की कर लें तैयारी

## तेलंगाना में हीटवेव से 16 मौतें, 11 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

नई दिल्ली

देश का अधिकांश हिस्सा तेज गर्मी और लू की चपेट में है। तेलंगाना में अब तक गर्मी और हीटवेव की वजह से 16 मौतें हो चुकी हैं। राज्य के राजस्व मंत्री श्रीनिवास रेड्डी ने यह जानकारी दी। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता देने का ऐलान किया है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के 11 राज्यों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। इन 11 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। नौतपा की शुरुआत 25 मई से होगी, लेकिन उससे पहले ही मध्यप्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में आ गया है। ग्वालियर-चंबल, सागर, रीवा और उज्जैन संभाग में हीटवेव का असर बना हुआ है। मौसम केंद्र भोपाल के अनुसार आने वाले दिनों में भी तेज गर्मी से राहत मिलने के संकेत नहीं हैं। सबसे ज्यादा तापमान यूपी के बांदा में 47 डिग्री सेल्सियस और एमपी के नौगांव में 46.8 डिग्री सेल्सियस रहा। अगले 2 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। कल दुनिया के 50 सबसे गर्म शहरों की लिस्ट में सभी शहर भारत के रहे। उत्तर प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, हरियाणा के कई शहर दोपहर से पहले ही 42 से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गए। अकेले उत्तर प्रदेश के 22 शहर गर्म शहरों की लिस्ट में थे। सुबह 10.50 बजे ओडिशा का बलांगीर 45 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म शहर रहा। दोपहर होते-होते विदर्भ के ब्रह्मपुरी में देश का सबसे ज्यादा 47.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। दोपहर 3 बजे दुनिया के 22 सबसे गर्म शहरों में पारा 47 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा था। ये सभी शहर भारत के थे।

### मप्र का हाल ए मौसम

मध्यप्रदेश के 5 बड़े शहरों में जबलपुर सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया। ग्वालियर में पारा 43.7 डिग्री, भोपाल में 42.2 डिग्री, इंदौर में 41.4 डिग्री और उज्जैन में 42 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। मध्यप्रदेश के ज्यादातर शहरों में शनिवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। छतरपुर का नौगांव सबसे गर्म रहा, जहां तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके बाद खजुराहो 45.4 डिग्री के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

### आज कैसा रहेगा मौसम

बिहार, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, राजस्थान और तेलंगाना में हीटवेव की स्थिति बनी रह सकती है। पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में गर्म और उमसभरा मौसम बना रह सकता है। केरल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश हो सकती है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और झारखंड में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान की चेतावनी दी गई है।

# 'आर्थिक तूफान...मुश्किल समाधान'

नई दिल्ली

वेस्ट एशिया संकट और कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच शनिवार को फिर पेट्रोल और डीजल के दाम में इजाफा हो गया। ईंधन की कीमतों में 9 दिन में यह तीसरी बढ़ोतरी है। 4 दिन पहले 19 मई को पेट्रोल और डीजल के दामों में एवरेज 90 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। जबकि, 15 मई को भी कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया था। इस बार पेट्रोल की कीमत 0.87 रुपये प्रति लीटर बढ़ी है, जबकि डीजल की कीमत 0.91 रुपये प्रति लीटर बढ़ी है। नई कीमतें आज यानी 23 मई से लागू हो गई हैं। अभी तक ईंधन की कीमतों में करीब 5 रुपये का इजाफा हो चुका है। तेल कंपनी आईओसीएल ने कहा था कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें एक साथ नहीं बढ़ाई जाएंगी, बल्कि इनकी कीमतों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी की जाएगी। ताकि ग्राहकों पर इसका असर डायरेक्ट ना पड़े। धीरे-धीरे करके इनकी कीमतों में इजाफा होने से कच्चे तेल की बढ़ोतरी से हो रहे नुकसान की भरपाई भी हो सकेगी और देश के लोगों पर इसका बोझ भी ज्यादा नहीं पड़ेगा। उधर, पाकिस्तान सरकार ने लगातार दूसरे हफ्ते पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती की है। इससे पहले पिछले हफ्ते दोनों के दाम 5-5 रुपए घटाए गए थे।




### क्यों बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं।

## सरकार में नेतृत्व संकट का संकेत : खड़गे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल के दाम में आठ दिन के भीतर तीसरी बार वृद्धि को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मौजूदा स्थिति को देखकर लगता है कि सरकार में नेतृत्व का संकट पैदा हो गया है जिसके कारण बार-बार ईंधन के दाम बढ़ाए जा रहे हैं। खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम रहने के दौरान सरकार ने जनता को राहत नहीं दी, बल्कि पेट्रोलियम उत्पादों पर भारी कर लगाकर लोगों पर बोझ डाला और अब संकट की स्थिति में भी सरकार आम लोगों को राहत देने के बजाय बार-बार और लगातार ईंधन की कीमतों में वृद्धि कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल पर रोजाना लगभग 1000 करोड़ रुपये का केंद्रीय कर लगाया गया है, लेकिन जब अंतरराष्ट्रीय दाम कम थे तब जनता को उसका लाभ नहीं पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के दौरान इटली, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, ब्रिटेन और आयरलैंड जैसे देशों ने अपनी जनता को राहत देने के लिए ईंधन पर करों में कटौती अथवा राहत पैकेज दिए, लेकिन भारत में इसके विपरीत कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि इटली ने ईंधन पर एक्साइज कटौती की, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी ने करों में कमी कर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में राहत दी, ब्रिटेन ने घरों को ऑयल सहायता तथा ईंधन एवं बिजली पर करों में राहत दी, जबकि आयरलैंड ने राहत पैकेज के जरिए ईंधन कीमतों में कमी की। कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया कि वह बताएं इस लूट की किश्त किस-किस को जा रही है और आरोप लगाया कि सरकार में लीडरशिप क्राइसिस वास्तविक है, जिसे अब देश की जनता समझ रही है।

### कच्चे तेल को लेकर संकट जारी

ईरान-अमेरिका जंग के कारण होर्मुज पर पूरी तरह से नाकाबंदी जारी है, जिस कारण कच्चे तेल की सप्लाई मिडिल ईस्ट से पूरी नहीं हो पा रही है। ऐसे में दुनिया में महंगाई का संकट बढ़ गया है। साथ ही कच्चे तेल की कीमतें लगातार ऊपर-नीचे हो रही हैं। अभी कच्चे तेल की कीमत 105 डॉलर के करीब है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति के आधार पर देश में ईंधन के दाम तय किए जाते हैं। सरकारी तेल कंपनियां 'डेली प्राइस रिवीजन' यानी डायनेमिक प्राइसिंग सिस्टम के तहत हर दिन सुबह 6 बजे नए रेट अपडेट करती हैं।



## बिजली के पोल से बरसी आग

### 3 मासूम जिंदा जले, सीएम ने जताया दु:ख

**सीधी।** मध्यप्रदेश के सीधी जिले में कच्चे मकान में लगी भीषण आग में तीन मासूम बच्चों की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे घर को चपेट में ले लिया। अंदर मौजूद बच्चे बाहर नहीं निकल सके। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को सीधी जिले के ग्राम कसिहवा में शॉर्ट सर्किट से हुए एक हादसे में तीन बच्चों की मृत्यु हो जाने की घटना का त्वरित संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा है कि घटना अत्यंत ही दुखद एवं हृदय विदारक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोकाकुल परिजन के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कर ईश्वर से दिवगतों को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उन्होंने कहा है कि दुख की इस घड़ी में सरकार परिजन के साथ है। मुख्यमंत्री ने परिजन के लिए राहत राशि भी घोषित की है। उन्होंने कहा है कि मृत बच्चों के परिजन को राज्य सरकार की ओर से 2-2 लाख रुपये आर्थिक सहायता दी जायेगी। उन्होंने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी, सीधी की ओर से परिजन को 20-20 हजार रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता राशि दे दी गई है। सीधी जिले के ग्राम कसिहवा, ग्राम पंचायत बघवारी, तहसील गोपद बनास में शनिवार की सुबह 11:20 बजे श्री रामरतन साकेत के घर के पास बिजली के पोल से शार्ट-सर्किट होने से आग लग गई, जिसमें श्री रामरतन की दो बेटियां कुमारी घुम्मु उर्फ संध्या साकेत (लगभग 6 वर्ष) कुमारी रिद्धि (लगभग 1.6 वर्ष) एवं एक बेटा नागेन्द्र (लगभग 3 वर्ष) की दर्दनाक मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा घटना पर तत्काल संज्ञान लेकर परिजन को 2-2 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई। म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा परिजन को 4-4 लाख रूपए राहत राशि देने की घोषणा की गई है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने बांटे 51 हजार नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को रोजगार मेले के 19वें संस्करण के तहत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव नियुक्त 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए और कहा कि भारत की युवा आबादी देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नव नियुक्त युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार मेला युवाओं को नए रोजगार अवसर उपलब्ध कराने तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### 120 दवाओं के सैंपल फेल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की ओर से देशभर से लिए गए कुल 120 दवा सैंपल फेल पाए गए हैं। इनमें से 24 सैंपल उत्तराखंड के ही हैं। जांच में फेल हुई दवा में खांसी-जुकाम, बुखार, मानसिक रोग, पेट के कीड़े, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, एसिडिटी, बैक्टीरियल संक्रमण और गर्भ संबंधी उपयोग की दवाएं शामिल हैं। उत्तराखंड की दवा निर्माण इकाइयों पर केंद्रीय जांच रिपोर्ट के बाद शिकंजा कसा गया है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन की अप्रैल की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट में उत्तराखंड में निर्मित 24 दवाओं के सैंपल फेल पाए जाने के बाद राज्य औषधि प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित कंपनियों के उत्पाद लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं।

## पेयजल 'संकट' ने ली तीन आदिवासी छात्राओं की जान

### गांव से 1 किमी दूर गई थीं कुएं से पानी भरने

**रायसेन।** मध्यप्रदेश में भीषण गर्मी और जल संकट अब जानलेवा साबित होने लगा है। एक तरफ रायसेन जिले में पानी भरने गई तीन आदिवासी छात्राओं की कुएं में डूबने से मौत हो गई, तो दूसरी ओर छिंदवाड़ा में उभरती कराटे और ताइक्कांडो खिलाड़ी केशिका चौरे की भी कुएं में गिरने से जान चली गई। रायसेन जिले के गैरतगंज तहसील स्थित सगौर गांव में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है। गांव के लोगों को करीब एक किलोमीटर दूर कुएं से पानी लाना पड़ता है। शनिवार सुबह चार छात्राएं पानी भरने के लिए कुएं पर पहुंची थीं। इसी दौरान वे नहाने लगीं और अचानक एक छात्रा का पैर फिसल गया। अपनी सहेली को बचाने के लिए दूसरी और फिर तीसरी छात्रा भी कुएं में कूद गई, लेकिन गहरे पानी में तीनों की डूबने से मौत हो गई। हादसे में मृत छात्राओं की पहचान राधा पिता हलके राम (12), अमृता पिता रामगोपाल (12) और तनु पिता हलके राम (13) के रूप में हुई है। राधा और अमृता पांचवीं कक्षा में पढ़ती थीं, जबकि तनु आठवीं की छात्रा थी। तनु और राधा सगी बहनें थीं। घटना के समय चौथी छात्रा अमीना भी मौके पर मौजूद थी। उसने गांव पहुंचकर परिजनों और ग्रामीणों को हादसे की जानकारी दी। इसके बाद गांववाले बच्चियों को कुएं से निकालकर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। गांववालों का कहना है कि अगर गांव में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था होती, तो बच्चियों को इतनी दूर पानी भरने नहीं जाना पड़ता। लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता देने और सुरक्षित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

### छिंदवाड़ा में कराटे खिलाड़ी की मौत

वहीं छिंदवाड़ा जिले के सारंग बिहारी क्षेत्र में रहने वाली कराटे और ताइक्कांडो खिलाड़ी केशिका चौरे की कुएं में गिरने से मौत हो गई। वह खेत में बने कुएं की मोटर चालू करने गई थी। इसी दौरान पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गई, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। केशिका ने खेलों में शानदार प्रदर्शन किया था और कुछ दिन पहले ही मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में उसे सम्मानित करते हुए 50 हजार रुपए का चेक और अवार्ड दिया था।

### सेना का हेलीकॉप्टर चीता दुर्घटनाग्रस्त

**नई दिल्ली (वार्ता)।** लेह के पास पूर्वी लद्दाख के ऊंचे इलाके वाले तांगत्से सेक्टर में एक चीता हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, लेकिन एक वरिष्ठ कमांडर समेत भारतीय सेना के तीन सुरक्षित बच गये। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। यह घटना 20 मई को लद्दाख के ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी इलाके में एक ऑपरेशनल उड़ान के दौरान हुई थी। इस दुर्घटना की जानकारी शुक्रवार को ही सामने आई। गौरतलब है कि लद्दाख दुनिया के सबसे मुश्किल उड़ान वाले इलाकों में से एक है। अधिकारियों के मुताबिक, हेलीकॉप्टर में सेना की तीसरी इन्फैंट्री डिविजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल सचिन मेहता सवार थे, जबकि एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक मेजर विमान उड़ा रहे थे।

### राघव चड्ढा राज्यसभा की याचिका समिति के अध्यक्ष बने



**नई दिल्ली (वार्ता)।** आम आदमी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए राघव चड्ढा को उच्च सदन की याचिका समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। चड्ढा सहित आम आदमी पार्टी के सात राज्य सभा सदस्य पिछले महीने ही भाजपा में शामिल हुए थे। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने हाल ही में राज्यसभा की याचिका समिति का पुनर्गठन किया था। उन्होंने इस समिति के लिए सदन के दस सदस्यों को मनोनीत किया है और चड्ढा को समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मनोनीत किये गये अन्य सदस्यों में भाजपा के हर्ष महाजन, गुलाम अली, शंभू शरण पटेल और मयंक कुमार नायक, तेलुगु देशम पार्टी के मस्तान राव यादव बीड़ा, कांग्रेस की जेबी माथेर हीशम, बीजू जनता दल के शुभाशीष खुंटिया, यूपीपीएल के रवंगवरा नारजारी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संदोष कुमार पी शामिल हैं। राज्यसभा की याचिका समिति आम जनता द्वारा उठाए गए व्यापक जनहित के मामलों और लंबित विधेयकों से जुड़ी याचिकाओं की जांच करती है।

## मोदी-रूबियो की मुलाकात, व्यापार-तकनीक पर बात

नई दिल्ली



अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत दौरे पर दिल्ली पहुंचे और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस मीटिंग में दोनों देशों के बीच सुरक्षा, व्यापार और नई तकनीक जैसे अहम मुद्दों पर बात हुई। यह दौरा क्वाड देशों की विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान हो रहा है, लेकिन इसके राजनीतिक और रणनीतिक मायने इससे कहीं बड़े बताए जा रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री के साथ मुलाकात को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, भारत और अमेरिका दुनिया की भलाई के लिए आगे भी मिलकर काम करते रहेंगे। इस अहम बैठक में भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। करीब एक घंटे चली इस बैठक में सुरक्षा, व्यापार, क्रिटिकल टेक्नोलॉजी और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग जैसे कई अहम मुद्दे शामिल रहे। दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। चर्चा में यह भी शामिल रहा कि भारत और अमेरिका किस तरह मिलकर सुरक्षा ढांचे को मजबूत कर सकते हैं और व्यापारिक साझेदारी को नई गति दे सकते हैं। बैठक में क्रिटिकल टेक्नोलॉजी को लेकर सहयोग बढ़ाने पर भी बातचीत हुई। इसके अलावा इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में 'फ्रीडम ऑफ नेविगेशन' यानी समुद्री मार्गों की स्वतंत्रता और सुरक्षा को लेकर दोनों देशों के साझा प्रयासों पर चर्चा की गई। साथ ही क्वाड देशों की बैठक और भारत की भूमिका को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई बैठक में मिडिल ईस्ट के संकट पर भी चर्चा हुई। रुबियो ने बैठक में साफ कहा कि अमेरिका ईरान को वैश्विक ऊर्जा बाजार को 'बंधक' नहीं बनाने देगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और बाजार की स्थिरता बनाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद भारत की ऊर्जा जरूरतों को विविध बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि भारत और अमेरिका के संबंध इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में वॉशिंगटन की रणनीति का अहम आधार हैं। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री बनने के बाद उनकी पहली आधिकारिक बैठक क्वाड देशों के साथ हुई थी और अब अगली क्वाड बैठक भारत में होना दिल्ली की बढ़ती रणनीतिक भूमिका को दिखाता है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि भारतीय कंपनियों ने अमेरिका में 20 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध मजबूत हुए हैं और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सैन्य अभ्यासों के जरिए सुरक्षा साझेदारी भी लगातार गहरी हुई है। प्रधानमंत्री मोदी को अमेरिका आने का निमंत्रण भी दिया गया है।

# विचरण कर रहे हाथी का किया गया रेस्क्यू

शहडोल (स्वतंत्रमत)

वन परिक्षेत्र केशवाही एवं आसपास के क्षेत्रों में विगत कुछ दिनों से विचरण कर रहे जंगली नर हाथी 5 द्वारा मानव-हाथी द्वंद्व की घटनाएँ सामने आ रही थीं। हाथी के आबादी क्षेत्रों के समीप आने से ग्रामीणों में भय की स्थिति निर्मित हो गई थी। हाथी के सीमा में प्रवेश करने से पहले कुछ दिन तक अनूपपुर में विचरण करने के दौरान वन विभाग द्वारा क्षेत्र में विशेष सतर्कता एवं निगरानी व्यवस्था प्रारंभ की गई। वन विभाग द्वारा लगातार ग्रामीणों को गश्ती, मुनादी लाउडस्पीकर एवं बैठकों के माध्यम से सतर्क किया गया तथा हाथी के मूवमेंट वाले क्षेत्रों में रात्रिकालीन गश्त, निगरानी एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। संवेदनशील ग्रामों में ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर रहने हेतु समझाइश दी गई तथा हाथी मित्र दल एवं वन अमले द्वारा निरंतर संपर्क बनाए रखा गया। क्षेत्र में हाथी की गतिविधियों की निगरानी ड्रोन एवं अन्य माध्यमों से भी की जाती रही। कई गांवों ने कच्चे मकान खाली भी करवाये गए। 13 मई को ग्राम गिरवा क्षेत्र में एक ग्रामीण की मृत्यु की घटना के पश्चात स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन



में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से प्रशिक्षित हाथियों, महावतों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों के दल को बुलाया गया एवं वन वृत्त शैडो के स्थानीय अमले के साथ एक संयुक्त रेस्क्यू दल का गठन किया गया। प्रशिक्षित हाथियों का एक ट्रांजिट कैम्प ग्राम बेलिया में स्थापित किया गया एवं जिला प्रशासन के सहयोग से समस्त क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से कॉर्डन ऑफ किया गया। साथ ही ग्राम बेलिया के शासकीय विद्यालय में एक मॉनिटरिंग स्टेशन तथा वनमंडल दक्षिण शहडोल में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया जहाँ से पूरे घटनाक्रम की सतत निगरानी की गई। कई दिनों तक लगातार मॉनिटरिंग एवं रणनीतिक प्रयासों तथा दो दिन तक चले इस जटिल रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद 23 मई को हाथी 5 का सफल एवं सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू अभियान अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में संचालित किया गया। जिसमे कई जेसीबी मशीनें, क्रेन, ट्रक, टैंकर, फायर टेंडर, ट्रेक्टर, थर्मल एवं इंफ्रारेड ड्रोन इत्यादि का इस्तेमाल किया गया। किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय दुर्घटना की आशंका के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग से डॉ चित्रलेखा सिंह एवं एम्बुलेंस पूरे ऑपरेशन के दौरान तैनात रही। घने वनक्षेत्र, पहाड़ी भूभाग एवं हाथी के आक्रामक व्यवहार के बावजूद वन वृत्त शहडोल एवं बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के संयुक्त रेस्क्यू दल ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए पूरे अभियान को सफल बनाया। अभियान के दौरान हाथी की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा गया तथा आवश्यक चिकित्सकीय निगरानी निरंतर जारी रही। रेस्क्यू उपरांत हाथी को सुरक्षित रूप से बांधवगढ़ क्षेत्र के उपयुक्त प्राकृतिक आवास हेतु रवाना किया गया, जहाँ उसकी सतत निगरानी की जाएगी। इस संपूर्ण अभियान में वन वृत्त स्तर से लेकर मैदानी अमले तक सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर अनुपम सहाय तथा वन वृत्त शहडोल के वन संरक्षक महेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। वनमंडलाधिकारी दक्षिण तरुण वर्मा एवं वनमंडलाधिकारी अनूपपुर डेविड चनाप के निर्देशन में उपवनमण्डलाधिकारी जैतपुर विनोद जाखड़, भा.व. से. द्वारा इस ऑपरेशन का नेतृत्व किया गया जिसमे परिक्षेत्र अधिकारी केशवाही अंकुर तिवारी एवं उनकी टीम द्वारा द्वारा पूरे अभियान के दौरान मैदानी स्तर पर बीटीआर की रेस्क्यू टीम के साथ सतत समन्वय कर रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। उक्त कार्यवाही में उपवनमंडलाधिकारी अनूपपुर प्रीतेश पखाले, सोहागपुर संतोष शुक्ला, सहायक संचालक बीटीआर दिलीप मराठा, वन्यप्राणी चिकित्सक डॉ. राजेश तोमर, डॉ. अभय सेंगर, डॉ. अमोल रोखड़े एवं डॉ. नितिन गुप्ता, वन परिक्षेत्राधिकारी गोहपारू हेमन्त प्रजापति, वन परिक्षेत्राधिकारी खन्नौधी भाग्यशाली सिंह, वन परिक्षेत्राधिकारी जैतपुर ब्रजलाल प्रजापति, वन परिक्षेत्राधिकारी बुढ़ार सलीम खान, वन परिक्षेत्राधिकारी जयसिंहनगर दिनेश पटेल वनक्षेत्रपाल, वन परिक्षेत्राधिकारी अनूपपुर स्वर्णगौरव सिंह वनक्षेत्रपाल, वन परिक्षेत्राधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा वनक्षेत्रपाल, अमित सिंह चंदेल प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, प्रज्ञा गुप्ता प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल, बृजभान सिंह उप वनक्षेत्रपाल, बेदन सिंह कार्यवाहक वनपाल, वीरभान सिंह कार्यवाहक वनपाल, बृजेश तिवारी वनरक्षक, धीरेन्द्र गौतम वनरक्षक, अभिनय गौतम वनरक्षक, राहुल शर्मा वनरक्षक एवं अन्य समस्त वन स्टाफ की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

## अमृत हरित महाअभियान अंतर्गत संभाग स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन




शहडोल (स्वतंत्रमत)

नगर पालिका परिषद के सभागार में अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत पौधारोपण हेतु भूमि चयन एवं पौधारोपण पूर्व तैयारी विषय पर आधारित संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य पौधारोपण कार्य को वैज्ञानिक, व्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपादित करने हेतु संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान करना रहा। इस अवसर पर अध्यक्ष नगरपालिका घनष्याम जायसवाल, संयुक्त संचालक नगरीय प्रषासन आरपी मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशा जितेंद्र भंडारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहें। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में एसडीओ फॉरेस्ट संतोष कुमार शुक्ला द्वारा पौधारोपण एवं पौध संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। स्टेट मॉनिटरिंग टीम से अशोक कुमार मिश्रा ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर वृक्षारोपण संबंधी विस्तृत मार्गदर्शन दिया। वहीं विवेक शर्मा द्वारा प्रत्यक्ष वृक्षारोपण का लाइव डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत कर पौधारोपण की व्यवहारिक एवं तकनीकी जानकारी दी गई। कार्यशाला में विभिन्न नगरीय निकायों से आए पौधारोपण प्रभारी, नोडल अधिकारी, माली, उद्यान प्रभारी एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं को पौधारोपण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, निराई-गुड़ाई, खाद प्रबंधन तथा सिंचाई की उचित विधि एवं समय के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उप यंत्री सुखेंद्र सिंह तोमर, मनोज श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश पांडे एवं शिवराम इडपाचे उपस्थित रहे तथा कार्यशाला के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन सिटी मिशन मैनेजर सत्यकाम मिश्रा द्वारा किया गया।

## रसमोहनी में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सत्ताह शुरू, कथा सुनने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



रसमोहनी (स्वतंत्रमत)

पुरुषोत्तम मास के शुभ अवसर पर ग्राम रसमोहनी में हनुमान मंदिर के पास सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सत्ताह का शुभारंभ को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ कलश यात्रा के साथ हुआ। कथा के प्रथम दिन व्यास पीठ में कथा वाचक आचार्य लक्ष्मीकांत मिश्रा ने भागवत महत्व का भाव पूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति मार्ग अपनाने की प्रेरणा दी कथा के दौरान आचार्य लक्ष्मीकांत मिश्रा ने कहा कि श्रीमद् भागवत साक्षात भगवान श्री कृष्ण का स्वरूप है इसके श्रवण मात्र से मनुष्य के जन्म जन्म अंतर के पाप नष्ट हो जाते हैं और मोक्ष का द्वार खुलता है उन्होंने बताया की भागवत कथा वह दिव्य अमृत है जो जीवन में अज्ञानता का अंधकार दूर कर भक्ति का प्रकाश फैलती है कलयुग में नाम संकीर्तन को उन्होंने सर्वोत्तम साधन बताया यज्ञाचार्य वेदकांत मिश्रा वाराणसी के सानिध्य में प्रतिदिन प्रात 8.00 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का मूल पाठ एवं विधिवत वैदिक विधि से पूजन संपन्न कराया जा रहा है। भागवत कथा के पांचवें दिन नंदोत्सव मनाया गया। भागवत कथा का आयोजन भीम गुप्ता के द्वारा कराया जा रहा है कथा श्रोता रामबाई गुप्ता ज्योति गुप्ता भीम गुप्ता एवं समस्त गुप्ता परिवार भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं। उमड़ा जन सैलाब कथा के पांचवें दिन रस मोहनी टिकुरी चुहिरी बरेली गोहपारु खैरहनी बदौडी से कथा सुनने भक्त पहुंच रहे हैं। मंगलवार को पूर्ण आहुति हवन भंडारा के साथ भागवत कथा का समापन होगा।

## पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में चौतन्य एआई क्लब द्वारा एआई और भारत का भविष्य विषय पर विशेष संवाद आयोजित

शहडोल (स्वतंत्रमत)

पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में चौतन्य एआई क्लब के तत्वावधान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं भारत में उसके भविष्य और संभावनाओं पर आधारित एक विशेष संवाद एवं विचार-विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो रामशंकर, कुलसचिव डॉ आशीष तिवारी, प्राध्यापकगण एवं एआई क्लब के छात्र सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं परिचय के साथ हुआ। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो राम शंकर द्वारा अतिथियों का परिचय प्रस्तुत किया गया। डॉ. मौसमी कर एवं डॉ. वंदना राम ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित अतिथियों में अशोक कुमार शर्मा, प्रसिद्ध प्रौद्योगिकीविद्, रेनॉल्ट टेक्नोक्रेट, इलाहाबाद (प्रयागराज) तथा अनिल श्रीवास्तव, सेवानिवृत्त वन अधिकारी एवं जाने-माने कवि शामिल रहे। इसके अतिरिक्त प्रो. प्रमोद कुमार पाण्डेय, प्रो. गीता साराफ, प्रो. चेतना सिंह, डॉ. मनीष तराम (कार्यक्रम समन्वयक), डॉ. वंदना राम, डॉ. मौसमी कर एवं एआई क्लब के छात्र सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भारत एआई के क्षेत्र में किस दिशा में आगे बढ़ रहा है, क्या भारत वास्तव में एआई की दौड़ में पीछे है, मोबाइल उपकरणों में एआई मॉडल्स का उपयोग, समाचार पत्रों



से प्रोजेक्ट आइडिया विकसित करने की प्रक्रिया तथा विद्यार्थी प्रोजेक्ट्स के माध्यम से इंटरव्यू की तैयारी कैसे करें जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। अशोक कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि भारत तेजी से एआई आधारित तकनीकों को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और आने वाले समय में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग एवं प्रशासन सहित प्रत्येक क्षेत्र में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी नवाचार एवं व्यवहारिक परियोजनाओं पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वहीं अनिल श्रीवास्तव ने तकनीक और मानवीय संवेदनाओं के संतुलन पर अपने विचार रखते हुए कहा कि एआई का विकास मानव जीवन को सरल और प्रभावी बनाने के लिए होना चाहिए। उन्होंने युवाओं को रचनात्मक सोच एवं नैतिक मूल्यों के साथ तकनीक का उपयोग करने की प्रेरणा दी। कुलगुरु प्रो रामशंकर ने विश्वविद्यालय में एआई आधारित नवाचारों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आने वाला समय डिजिटल इन्फ्लुएंसर्स, कंटेंट क्रिएटर्स एवं तकनीकी उद्यमियों का होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से नई तकनीकों को सीखने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

## स्व. अनिल माधव दवे की स्मृति में शंकर घाट पर नदी संवाद एवं संगोष्ठी आयोजित

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

स्वर्गीय अनिल माधव दवे के पुण्य स्मरण में डिंडोरी स्थित शंकर घाट पर च्च्नदी संवाद एवं संगोष्ठीज्ज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्मदा संरक्षण, जल संवर्धन और नदी संस्कृति को बचाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। वक्ताओं ने अनिल माधव दवे के विचारों को याद करते हुए नदी संरक्षण को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित श्री महेश जी ने कहा कि वही कार्य महत्त्वपूर्ण होता है जो परिणाम तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन के लिए भोजन जितना आवश्यक है, उतना ही पानी भी आवश्यक है। पृथ्वी पर जब से मनुष्य आया है, तब से पानी भी उसके जीवन का आधार रहा है और दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने कहा कि यदि मनुष्य



स्वस्थ और निरंतर विकास करने वाला जीवन चाहता है, तो पानी को भी स्वस्थ रखना होगा। केवल मनुष्य के स्वास्थ्य की चिंता कर पानी को प्रदूषित छोड़ देना संभव नहीं है। जितना स्वस्थ मनुष्य चाहिए, उतना ही स्वस्थ जल भी आवश्यक है। इसलिए पानी को स्वस्थ बनाए रखने की जिम्मेदारी मनुष्य की है, क्योंकि पानी ही हमें स्वस्थ रखने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि यह बात जितनी जल्दी समाज समझेगा, उतनी जल्दी सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। कार्यक्रम में नर्मदा समग्र के संभागीय सदस्य सुधीर दत्त तिवारी ने कहा कि अनिल माधव दवे ने डिंडोरी में चौपाल लगाकर नर्मदा में मिल रहे नालों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की थी। उनकी प्रेरणा से लगातार प्रयास किए गए और आज स्थिति यह है कि नर्मदा में कोई नाला नहीं मिल रहा है। उन्होंने बताया कि वे प्रतिदिन नर्मदा तट जाते हैं, लेकिन कुछ भी अर्पित नहीं करते, क्योंकि अनिल जी ने केवल माँ नर्मदा के दर्शन करने और नदी में एक चावल का दाना तक न डालने की सीख दी थी। राजू बर्मन ने बताया कि नदी महोत्सव में अनिल माधव दवे का वक्तव्य सुनने के बाद उन्हें नदी संरक्षण के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिली।

## अवैध शराब के 9 प्रकरण दर्ज, भारी मात्रा में मदिरा जब्त

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में अवैध शराब के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने के उद्देश्य से आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 21 एवं 22 मई 2026 को आबकारी विभाग वृत्त डिंडौरी एवं शहपुरा की टीम ने प्राप्त शिकायतों के आधार पर विभिन्न ग्रामों में दबिश देकर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान विक्रमपुर, मेरमाल, कस्तूरी पिपरिया एवं खमरिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में कुल 09 प्रकरण दर्ज किए गए। आबकारी विभाग की टीम ने आरोपियों के कब्जे से 44 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, 50 पाव देसी मदिरा एवं 27 पाव विदेशी मदिरा बरामद की। जब्त मदिरा की अनुमानित कीमत 15 हजार 560 रुपए बताई गई है। आबकारी विभाग ने सभी आरोपियों के



विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) 'क' के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की है। यह कार्रवाई कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार आबकारी अधिकारी श्री बैधनाथ वासनिक के मार्गदर्शन में की गई। कार्रवाई में उप निरीक्षक सम्हर सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक छिद्दी लाल झारिया, मनीष उइके, करिशमा सलामे, नगर सैनिक तोक सिंह मरावी एवं वाहन चालक कुलदीप उइके की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## समनापुर में रात के अंधेरे में धड़ल्ले से चल रहा अवैध बोर खनन, प्रतिबंध के बावजूद मशीनें सक्रिय

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में लगातार गिरते भूजल स्तर और जल संकट की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन इसके बावजूद समनापुर क्षेत्र में रात के अंधेरे में अवैध बोर खनन का खेल खुलेआम जारी है। प्रशासनिक आदेशों की अनदेखी कर देर रात भारी मशीनों से बोरिंग कराई जा रही है, जिससे शासन के निर्देशों और भूजल संरक्षण नियमों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार समनापुर क्षेत्र के कई स्थानों पर रात होते ही बोर खनन मशीनें सक्रिय हो जाती हैं और पूरी रात धड़ल्ले से नलकूप खनन का कार्य किया जाता है। सामने आई तस्वीरों और वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि अंधेरे में मशीनों के जरिए बोरिंग का काम जारी है, लेकिन जिम्मेदार विभागों द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासनिक उदासीनता और विभागीय निष्क्रियता के चलते अवैध बोर खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं। लोगों का कहना है कि राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग की अनदेखी के कारण प्रतिबंध के



बावजूद खुलेआम बोरिंग कराई जा रही है। ग्रामीणों ने यह भी आशंका जताई कि बिना संरक्षण या मिलीभगत के इतनी बड़ी गतिविधि लगातार संचालित होना संभव नहीं है। क्षेत्रवासियों ने भूजल स्तर में लगातार हो रही गिरावट पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि अनियंत्रित और अवैध बोर खनन के कारण आने वाले समय में गांवों में पेयजल संकट और अधिक गहरा सकता है। पहले से ही जल अभाव की स्थिति झेल रहे कई गांवों में गर्मी के मौसम में जल स्त्रोत सूखने लगे हैं, ऐसे में लगातार हो रहा बोर खनन भविष्य के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध बोर खनन में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## करौंदी स्कूल के विद्यार्थियों को मिला प्रायोगिक प्रशिक्षण, कृषि आधारित रोजगार के बताए अवसर

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करौंदी, शहपुरा में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत अध्ययनरत विद्यार्थियों को रोजगारपरक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से ऑन जॉब प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए शुरू किए गए इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर बनाना है। विद्यालय में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत कृषि विषय का अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं को 20 दिवसीय ऑन जॉब प्रशिक्षण शासकीय उद्यान संजय निकुंज करौंदी, शहपुरा में दिया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 2 मई को विद्यालय के प्राचार्य श्री शिवचरन सिंह आर्मो एवं व्यावसायिक शिक्षक श्री श्याम साहू की उपस्थिति में किया गया था। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को उद्यानिकी एवं कृषि



से जुड़े विभिन्न कार्यों की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षक कामता विश्वकर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को नर्सरी तैयार करना, आम एवं फूलों में ग्राफ्टिंग करना, गूटी बांधना, पौध तैयार करना तथा पौधों के संरक्षण से संबंधित तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि नर्सरी एवं पौध तैयार करने का कार्य कर वे स्वरोजगार के अवसर कैसे प्राप्त कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को व्यावसायिक पाठ्यक्रम के महत्व और उससे जुड़े रोजगार के अवसरों के बारे में भी विस्तार से समझाया गया। उन्हें बताया गया कि कृषि एवं उद्यानिकी क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर स्वयं का व्यवसाय स्थापित किया जा सकता है और आर्थिक रूप से मजबूत बना जा सकता है। छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण में भाग लेते हुए विभिन्न गतिविधियों में रुचि दिखाई। व्यावसायिक शिक्षक श्याम साहू ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार विद्यालय में व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को 80 घंटे का ऑन जॉब प्रशिक्षण दिया जाना अनिवार्य है। इसी के तहत विद्यार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे पढ़ाई के साथ-साथ कार्य अनुभव भी प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि 12वीं के बाद विद्यार्थी किसी कंपनी में रोजगार प्राप्त करने के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय भी शुरू कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को केवल तकनीकी जानकारी ही नहीं दी जा रही, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता और स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित भी किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 23 मई तक संचालित किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

# काली बाड़ी मंदिर विवाद : बंग समाज के लोगों ने घेरा एसपी कार्यालय

## खमरिया क्षेत्र का मामला, मंदिर पर कब्जा करने का आरोप

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

खमरिया के काली बाड़ी मंदिर को लेकर चल रहा विवाद अब तूल पकड़ता जा रहा है। मंदिर परिसर में रहने को लेकर शुरू हुआ मामला अब पुलिस तक पहुंच गया है। शनिवार को बंग समाज के लोगों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर एक महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की है। बंग समाज के लोगों का आरोप है कि एक महिला कुछ लोगों के साथ मिलकर प्रसिद्ध काली बाड़ी मंदिर पर कब्जा करने की कोशिश कर रही है। बताया गया कि महिला पहले मंदिर के एक कमरे में जबरन रहने की कोशिश कर रही थी। जब मंदिर समिति के सदस्यों ने इसका विरोध किया तो महिला ने पुजारी और समिति के सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाए और सोशल मीडिया के




जरिए मंदिर प्रबंधन को बदनाम करने का प्रयास किया। मामले को लेकर सिटी बंगाली क्लब जबलपुर में काली मंदिर एवं दुर्गा पूजा समिति के सदस्य एकत्रित हुए और इसके बाद एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत सौंपी। काली बाड़ी खमरिया के सचिव अर्नब दास गुप्ता ने एसपी को पूरे घटनाक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि काली मंदिर पर लगाए गए आरोप झूठे और असहनीय हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल मंदिर ही नहीं बल्कि पूरे बंग समाज की छवि खराब करने की साजिश है। समाज को गैर हिंदू बताकर बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है।

### एसपी से दिया उचित कार्यवाही का आश्वासन

इधर बंग समाज के प्रतिनिधियों ने यह भी आरोप लगाया कि स्थानीय खमरिया थाना में शिकायत देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई, जिसके चलते उन्हें एसपी कार्यालय आना पड़ा। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए खमरिया थाना प्रभारी को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। मंदिर समिति का कहना है कि पूरे घटनाक्रम के पीछे सुनियोजित तरीके से मंदिर पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है।

# भेड़ाघाट में अर्पित की जाएगी 900 फीट लंबी चुनरी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

प्रतिवर्ष अनुसार हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट के द्वारा इस 14 वे वर्ष में भी गंगा दशहरा की पूर्व सुबह 7 बजे 24 मई सोमवार को बैनगंगा नर्मदा नदी, सरस्वती नदी के संगम बेनगंगा पुल हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से उस पार तक 900 फुट की चुनरी अर्पण की जाएगी दुग्ध अभिषेक महा आरती के साथ भंडारे का वितरण होगा। पुराणों में लिखे अनुसार ज्ञात हो बाणासुर नाम के राक्षस ने तपस्या कर गंगा मेया का उद्गगम किया था नामकरण बाणासुर के नाम से बाण एवं गंगा मैया दोनों मिलकर बाणगंगा कहते थे अभरश: होकर बेनगंगा कहने लगें। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज ने अपने संदेश में कहा भेड़ाघाट क्षेत्र में सुख समृद्धि बनी रहे नशा मुक्त रहे पर्यावरण एवं खुशियली रहे। उपस्थिति की अपील आश्रम के व्यवस्थापक एवं नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल, जय किशन गुप्ता, सुषमाशंकर पटेल आदि ने की है।

# विशेष समुदाय के युवकों के साथ होटल में पकड़ी गई महिलाएं

## हिंदूवादी संगठनों ने किया जमकर हंगामा, पुलिस ने संभाला मोर्चा




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कटंगी बाइपास स्थित होटल सुकून में शनिवार को उस वक्त हंगामा मच गया, जब एक विशेष समुदाय के दो युवक दो महिलाओं के साथ होटल में रुके होने की सूचना पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि होटल में अनैतिक गतिविधियां संचालित होने की जानकारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने होटल में घुसकर छापामार कार्रवाई की, जहां युवक-युवतियां आपत्तिजनक हालत में मिले। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने दोनों युवकों के साथ मारपीट की और माढ़ोताल थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों और दोनों महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस दौरान हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि होटल सुकून में लंबे समय से अवैध देह व्यापार संचालित किया जा रहा है और इसके बदले मोटी रकम वसूली जाती है। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने फिलहाल पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। होटल संचालक से भी पूछताछ की जा रही है और होटल के दस्तावेजों के साथ वहां आने-जाने वालों की जानकारी खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### युवकों से की मारपीट

बताया जा रहा है कि कार्यकर्ताओं की पकड़ में आए एक युवक का नाम फरहज अली कादरी, निवासी मुजावर मोहल्ला,रानी दुर्गावती मोहल्ला के रहने वाला बताया जा रहा है। शनिवार दोपहर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि एक महिला, एक युवती को कार में लेकर होटल सुकून पहुंची है। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता होटल पहुंच गए और उन्होंने होटल के कमरों की तलाशी शुरू कर दी। तलाशी के दौरान एक कमरे में एक युवक और युवती संदिग्ध हालत में मिले। इसके बाद कार्यकर्ताओं का गुस्सा भड़क गया। आरोप है कि कार्यकर्ताओं ने होटल में जमकर हंगामा और तोड़फोड़ की। युवक और युवती को कमरे से बाहर निकालकर होटल परिसर में ले आए। घटना की जानकारी मिलते ही माढ़ोताल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस जब दोनों युवकों को पकड़कर वाहन में बैठाने लगी, तभी कुछ कार्यकर्ताओं ने वहां भी उनके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने स्थिति संभालते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

# श्रीमद भागवत कथा में उमड़ रहा श्रद्धालुओं का सैलाब



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** गोसलपुर के समीप शिवदत कालोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह की कथा सुनकर ग्राम व कालोनी की महिलाएं व पुरुष भावविभोर हो उठे श्रीकृष्ण रुकमणी के पात्रों का नागरिकों ने आरती उतारकर पूजन किया श्रीमद् भागवत पुराण कथा प्रवक्ता पं. विपिन दुबे ने व्यास गद्दी की आसन्दी से श्रीमद्भागवत पुराण मे भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला से शुरू कर कंसवध और रुक्मणी विवाह के प्रसंग की कथा सुनाया श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना। श्रद्धालुओं, महिला भक्तों ने विवाह के मंगल गीत गाए। कथावाचक पं. विपिन दुबे ने प्रसंग में कहा की रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया रुक्मणी का बड़ा भाई रुकमणि और श्रीकृष्ण से शत्रुतावश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया।श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण रूक्मणी की मंगल आरती भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, हेमचंद असाटी, धर्मेंद्र सिंह राजपूत, नवल सिंह लटोरी आदि ने की।

# सांसद ने ग्राम पंचायतों में प्रवास कर किया व्यापक जनसंवाद

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद आशीष दुबे ने सिहोरा विधानसभा अंतर्गत कुंडेश्वर धाम एवं चौरई मंडल की विभिन्न ग्राम पंचायतों का व्यापक प्रवास कर ग्रामीणजनों से आत्मीय संवाद किया। प्रवास के दौरान उन्होंने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं,ग्रामीण विकास कार्यों तथा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी ग्रामीणों के साथ साझा की।

अपने प्रवास कार्यक्रम के दौरान सांसद दुबे ने महंगवा, सुपावारा, चौरईकला,भैसवाही, हरदूलीकला, महगंवा, जतपुरी, देवहरा, महेशपुरी, कुंडेहरदुली, बिलटुकरी, दरगढ़ एवं लखनवारा ग्राम पंचायतों का दौरा किया। विभिन्न स्थानों पर उन्होंने ग्रामीण नागरिकों से भेंट कर क्षेत्र की समस्याओं, विकास संबंधी आवश्यकताओं एवं जनअपेक्षाओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक विषयों पर त्वरित कार्रवाई एवं निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रवास के दौरान सांसद श्री दुबे ने स्थानीय विधायक संतोष बरकड़े के साथ विधायक निधि से स्वीकृत लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। इन कार्यों में ग्रामीण अधोसंरचना,सामुदायिक सुविधाओं एवं जनहित से जुड़े निर्माण कार्य शामिल रहे। इस अवसर पर सांसद दुबे ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु केंद्र एवं प्रदेश सरकार निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमति नंदनी मरावी,जनपद अध्यक्ष सुरेन्द्र धुर्वे, जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र बरकड़े आदि उपस्थित रहे।



# बरसात से पहले साफ हो जाएं शहर भर के सभी नाले

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आगामी वर्षा ॠतु को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा नागरिकों को जलभराव की समस्या से निजात दिलाने और वर्षाजल की सुगम निकासी सुनिश्चित करने के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार पूरे शहर में बड़े स्तर पर नाला-नालियों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। नाला-नालियों की सफाई का कार्य मशीनरी संसाधनों और मानव संसाधनों के साथ काम किया जा रहा है। समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त श्री अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर




के मुख्य और संवेदनशील नालों की सफाई के लिए जहां एक ओर आधुनिक पोकलेन और जेसीबी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर संकरी गलियों की नालियों को साफ करने के लिए सफाई कर्मचारियों की टीमें तैनात की गई हैं। ह्वाला नालियों की सफाई अभियान को गति देने के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार लगातार बैठकें ले रहे हैं और मौके पर भी जाकर देख रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों और मैदानी अमले को निर्देशित किया कि किसी भी वार्ड या मुख्य मार्ग पर जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं होनी चाहिए।

## भाजपा पार्षदों ने लगाया शराब दुकान पर ताला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी बड़ा पत्थर में खोली गई शराब दुकान का लंबे समय से क्षेत्रीय नागरिक व राजनैतिक दल विरोध कर रहे थे। इस मामले में जहां कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी पिछले एक पखवाड़े से धरना प्रदर्शन कर रहे थें। वहीं आज भाजपा पार्षद दल ने एक कदम आगे बढ़ते हुए विवादित शराब दुकान को बंद कराते हुए तालाबंदी कर दी। एमआईसी सदस्य दामोदर सोनी ने बताया कि रांझी शराब दुकान को लेकर विगत दिवस क्षेत्रीय नागरिक विधायक अशोक रोहाणी से मिले थे। उक्त प्रतिनिधि मंडल ने चर्चा के दौरान विधायक रोहाणी को बताया था कि शराब दुकान खुलने के बाद से वहां असामाजिक गतिविधियां बढ़ गई है। चुंकि समीप ही सब्जी मंडी व मंदिर स्थित है,लिहाजा महिलाओं का वहां आना जाना लगा रहता है।

# पुरातात्विक शोध के लिए लक्ष्मीकान्त शर्मा हुए सम्मानित

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अंतरराष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय एवं कला वीथिका , श्री राम जन्मभूमि न्यास अयोध्या द्वारा पुरातात्विक शोध, ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और इस क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए नगर के प्रतिष्ठित शोधकर्ता लक्ष्मीकान्त शर्मा को सम्मानित किया गया। यह सम्मान राम कथा संग्रहालय अयोध्या के निदेशक एवं प्रबंध सलाहकार डॉ. संजीब कुमार सिंह द्वारा लखनऊ के सुप्रसिद्ध चंबल संग्रहालय में प्रदान किया गया । पुराविद्, संग्रहालय विशेषज्ञ एवं



लेखक डॉ. संजीब कुमार सिंह ने कहा कि श्री शर्मा का कार्य भावी पीढ़ी को हमारी समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से जोड़ने में बेहद महत्वपूर्ण रहा है।

पुरातात्विक, विरासत संरक्षण तथा पर्यटन क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे विशिष्ट कार्यों को रेखांकित करते हुए संस्था ने उन्हें इस सम्मान से नवाजा है। इस अवसर पर राम कथा संग्रहालय अयोध्या की शोध टीम के सदस्य डॉ. सत्यव्रत त्रिपाठी, सान्या गुप्ता आदि उपस्थित थे ।



# शहर को स्वच्छता में अव्वल लाने विद्यार्थियों ने की सहभागिता

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में पहले पायदान पर पहुँचाने नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा। इसी कड़ी में शहर की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं, महाविद्यालयों और समर कैंप्स में एक वृहद व सघन जन-संपर्क अभियान चलाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, युवाओं और कॉलेज स्टाफ के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ शहर की रैंकिंग सुधारने के लिए स्वच्छता फीडबैक फॉर्म भरे गए। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार नगर निगम की विशेष टीम ने कदम संस्था द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक शिविर में पहुँचकर नन्हे बच्चों से सीधा संवाद किया।


आवश्यक सूचना

जबलपुर से पुणे एवं बांद्रा टर्मिनस के लिए नियमित साप्ताहिक ट्रेन सेवा शुरू

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेल द्वारा जबलपुर- पुणे स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन को दिनांक 24.05.2026 एवं जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन को दिनांक 29.05.2026 से रेगुलर गाड़ी में परिवर्तित कर चलाया जाएगा, जिसका विवरण निम्न है:-

| 20162/20161 जबलपुर ⇌ पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस | | | 20164/20163 जबलपुर ⇌ बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ट्रेन नं. 20162 | ↓ स्टेशन ↑ | ट्रेन नं. 20161 | ट्रेन नं. 20164 | ↓ स्टेशन ↑ | ट्रेन नं. 20163 |
| जबलपुर-पुणे एक्सप्रेस | | पुणे-जबलपुर एक्सप्रेस | जबलपुर-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस | | बांद्रा टर्मिनस-जबलपुर एक्सप्रेस |
| प्रस्थान 13.50 (रविवार) | जबलपुर | आगमन 06.00 (मंगलवार) | प्रस्थान 17.00 (शुक्रवार) | जबलपुर | आगमन 15.10 (रविवार) |
| 14.00-14.02 | मदन महल | 05.38-05.40 | 18.03-18.05 | नरसिंहपुर | 13.18-13.20 |
| 14.58-15.00 | नरसिंहपुर | 04.28-04.30 | 19.03-19.05 | पिपरिया | 12.13-12.15 |
| 16.03-16.05 | पिपरिया | 03.18-03.20 | 20.30-20.45 | इटारसी | 11.00-11.15 |
| 17.20-17.30 | इटारसी | 02.00-02.10 | 21.03-21.05 | नर्मदापुरम | 09.35-09.37 |
| 18.16-18.18 | हरदा | 00.13-00.15 | 22.30-22.35 | भोपाल | 08.25-08.30 |
| 20.45-20.46 | बुरहानपुर | 20.31-20.32 | 23.03-23.05 | संत हिरदाराम नगर | 08.00-08.02 |
| 21.45-21.50 | भुसावल | 20.00-20.05 | 02.10-02.12 | उज्जैन | 05.10-05.15 |
| 00.10-00.15 | मनमाड | 17.10-17.15 | 03.50-03.55 | रतलाम | 02.45-02.50 |
| 01.12-01.15 | कोपरगांव | 15.27-15.30 | 07.40-07.50 | वडोदरा | 22.46-22.56 |
| 01.57-02.00 | बेलापुर | 14.37-14.40 | 10.05-10.10 | सूरत | 21.05-21.10 |
| 02.57-03.00 | अहिल्यानगर | 13.32-13.35 | 11.37-11.39 | वापी | 19.37-19.39 |
| 04.33-04.35 | दौंड कॉर्ड लाइन | 12.20-12.22 | 13.23-13.26 | बोरीवली | 16.58-17.01 |
| 06.25 (आगमन सोमवार) | पुणे | 11.20 (प्रस्थान सोमवार) | 14.15 (आगमन शनिवार) | बांद्रा टर्मिनस | 16.30 (प्रस्थान शनिवार) |

कोच संरचना:
20162/20161
जबलपुर - पुणे साप्ताहिक एक्सप्रेस
वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-05, द्वितीय श्रेणी शयनयान-08, एसएलआर-02

कोच संरचना:
20164/20163
जबलपुर - बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस
वातानुकूलित प्रथम श्रेणी-01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-06, द्वितीय श्रेणी शयनयान-09, सामान्य कोच-04, एसएलआर-02

परिचालन के दिन
गाड़ी संख्या - 20162 जबलपुर से प्रत्येक रविवार
गाड़ी संख्या - 20161 पुणे से प्रत्येक सोमवार
गाड़ी संख्या - 20164 जबलपुर से प्रत्येक शुक्रवार
गाड़ी संख्या - 20163 बांद्रा टर्मिनस से प्रत्येक शनिवार

पश्चिम मध्य रेल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

FOLLOW US @wc_railway West Central Railway West Central Railway Official


# लार्डगंज पुलिस ने दबोचा शातिर वाहन चोर

## 4 लाख कीमत की 7 गाड़ियां जब्त, जांच में जुटी पुलिस

जबलपुर।

शहर में लगातार हो रही वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत लार्डगंज थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है, जिसके कब्जे से चोरी की 2 स्कूटी और 5 मोटरसाइकिल सहित कुल 7 दुपहिया वाहन जब्त किए गए हैं। बरामद किए गए वाहनों की कुल कीमत लगभग 4 लाख रुपये आंकी गई है। लार्डगंज थाना प्रभारी द्वारा चोरी गए वाहनों की बरामदगी



और आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई थी। टीम ने मुखबिर की सूचना और सघन चेकिंग के दौरान दिनांक 22 मई 2026 को आरोपी को घेराबंदी कर दबोच लिया।

कई क्षेत्रों से चोरी किए वाहन पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी की पहचान मोहम्मद सदाब (उम्र 22 वर्ष), पिता मोहम्मद गोपू उर्फ फरीद उर्फ छोटू के रूप में हुई है। आरोपी हनुमानताल थाना क्षेत्र के खोवा मस्जिद के सामने, पप्पू चौराहा, तेढ़ी नीम बाबा टोला का निवासी है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कुबूल किया है कि उसने ये वाहन लार्डगंज, गढ़ा और शहर के अन्य थाना क्षेत्रों से पार किए थे। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर दो सफेद रंग की स्कूटी (एक एक्टिवा और एक बिना नंबर की एक्सेस), तीन काले और लाल-काले रंग की एचएफ डीलक्स बाइक एक काले रंग की होंडा मोटरसाइकिल, एक काले-सिल्वर रंग की पैशन बाइक जब्त किए हैं।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

कार्रवाई और शातिर चोर को बेनकाब करने में उपनिरीक्षक दीप्ति लिल्हारे, उपनिरीक्षक लेखराम नादोनिया, सहायक उपनिरीक्षक राजेश वर्मा, आरक्षक पंकज सनोडिया, आरक्षक हुलेश परस्ते, आरक्षक सुभम पटेल, आरक्षक आदर्श दुबे, आरक्षक ॠषभ बर्मन और आरक्षक पुरुषोत्तम मर्सकोले की सराहनीय भूमिका रही।

# आदतन अपराधी पहुंचा सलाखों के पीछे

## पहले ब्लैकमेलिंग में अब लूट के गंभीर अपराध दर्ज, दो फरार

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



मवेशी व्यापारी से चाकू की नोक पर लूटपाट और मारपीट के मामले में गिरफ्तार पत्रकार हिमांशु जैन आदतन अपराधी के रूप में दिखाई देने लगे हैं। पहले ब्लैकमेलिंग का मामला दर्ज, फिर सार्वजनिक स्थान पर उपद्रव फैलाने (आईपीसी 151) का मामला दर्ज और अब लूटपाट के गंभीर अपराध दर्ज के बाद बिरसा पुलिस ने साथी विजय चौधरी के साथ अभिरक्षा में बैहर जेल में भेज दिया हैं।

जानकारी अनुसार, 19 मई को मवेशी व्यापारी संतोष गौतम ने पुलिस को बताया कि वह अपने पार्टनर बलिराम साहू एवं मजदूरों के साथ मवेशी लेकर दमोह हाट बाजार जा रहा था। इसी दौरान ग्राम कनिया मेन रोड पर हिमांशु जैन, विजय चौधरी, भूरा और निखिल ने रास्ता रोक लिया। आरोप है कि सभी ने खुद को बजरंग दल से जुड़ा बताते हुए गाली-गलौज की और व्यापारी के साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद चाकू की नोक पर 70 हजार रुपये छीन लिए तथा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले में बिरसा पुलिस ने लूटपाट सहित बीएनएस की विभिन्न गंभीर धाराओं भारतीय न्याय संहिता की धारा 296(ड्ड), 115(2), 351(3), 225, 3(5) और 309(6) के तहत प्रकरण दर्ज कर रविवार शाम हिमांशु जैन और विजय चौधरी को गिरफ्तार किया। बिरसा पुलिस ने लूटपाट करने के मामले में हथकड़ी लगाकर न्यायलय में पेश कर रिमांड खत्म होते ही सलाखों के पिछे डाल दिया है।

### यह हैं कारनामें

तथाकथित पत्रकार हिमांशु जैन ने पत्रकारिता जगत को बदनाम कर दिया हैं। इनके कारनामों से पहली बार नाता नहीं हुआ हैं इनके कारनामों की शिकायत कई दफा की गई हैं। सूत्रों की माने तो उकवा में किसी मामले को लेकर हिमांशु जैन की पिटाई की गई थीं, और यही नहीं उन्होंने पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल की छवि धूमिल करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म में वीडियो बनाकर वायरल किया गया था, जिसमें मानहानि की कार्यवाही पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने की थीं। सूत्रों की माने तो पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश भटेरे के खिलाफ भी भ्रामक सोशल मीडिया प्लेटफार्म में वीडियो वायरल किया गया था। चर्चा तो यह भी हैं कि वारासिवनी के प्रतिष्ठित धान व्यापारी गगन सोमानी व उनके पुत्र की छवि धूमिल करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म में खबर बनाकर वीडियो वायरल किया गया था। जिसके बाद व्यापारी ने थाना में शिकायत करने पहुंचे थे जहां पर हिमांशु जैन ने माफी मांगी थीं।

### पहले जेल की तहलीज पर, अब गया अंदर

आरोप हैं कि हिमांशु जैन वर्ष 2014 में बालाघाट के एक व्यापारी ने स्थानीय अदालत में निजी शिकायत दर्ज कराई थी कि पत्रकार हिमांशु जैन और उसकी साथी ने बलात्कार की घटना के सिलसिले में उसे ब्लैकमेल कर रहे हैं। उनकी शिकायत और उपलब्ध सबूतों के आधार पर, अदालत ने पुलिस को उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 384, 417, 429, 120 और आयकर अधिनियम की धारा 67 के तहत मामला दर्ज करने और उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश दिया। इसके बाद हिमांशु जैन को गिरफ्तार कर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया न्यायिक हिरासत में जेल पहुंचते ही बेहोश हो गया था। वहीं बालाघाट में विगत वर्षो में एक युवा पत्रकार के साथ सार्वजनिक स्थान आम्बेडकर चौक पर मारपीट की गई थीं जिस पर पुलिस ने आईपीसी की धार 151 के तहत जेल भेजने के आदेश हुए थे लेकिन बिमारी का बहाना लेकर जिला अस्पताल में पहुंचे थे। बिरसा पुलिस थाना में हिमांशु जैन ने साथियों के साथ मिलकर लूटपाट की घटना को जो अंजाम दिया उस बीएनएस धारा 309(6) के तहत बैहर जेल की सलाखों के पिछे हैं।

### पुलिस कर रहीं साथियों की तलाश...

हिमांशु जैन के साथ दो कार में सवार एक दर्जन अपराधियों ने एक व्यापारी से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया हैं, जिसमें हिमांशु और विजय तो जेल पहुंचे लेकिन नामजद भूरा और निखिल की तलाश पुलिस कर रहीं है। बताया तो यह भी जा रहा हैं कि भरवेली के ही अन्य साथी और बिरसा के कुछ लोगों के साथ मिलकर हिमांशु जैन ने घटना को अंजाम दिया है। वैसे तो हिमांशु जैन के जेब से नगद राशि की बड़ी रकम भी जेब से जब्त किया गया और मवेशी राशिद भी जब्त किया हैं। पुलिस को अन्य अपराधियों की तलाश है जो इस घटना में लूटे गए राशि और अन्य घटना की जानकारी का खुलासा करेगें।

# इंटक से नाता तोड़ नितिन गड़करी के भारतीय जनता कामगार महासंघ से जुड़ा मॉयल कामगार संगठन, केंद्रीय कमेटी का पुनर्गठन

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



समस्त मॉयल कामगार संगठन ने एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णय लेते हुए इंटक से अपना संबंध समाप्त कर भारतीय जनता कामगार महासंघ, महाराष्ट्र का एफिलिएशन ग्रहण कर लिया है। यह निर्णय संघ की सर्वसाधारण सभा में लिए गए प्रस्ताव के अनुसार किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि अब संघ माननीय केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के संरक्षण में कार्यरत भारतीय जनता कामगार महासंघ से संबद्ध होकर श्रमिक हितों की लड़ाई को नई दिशा देगा।

संघ की ओर से जारी सूचना में बताया गया कि भारतीय जनता कामगार महासंघ का एफिलिएशन पत्र सुधीर दे उलगावकर, जो केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के निजी सहायक (पी.ए.) हैं, से विधिवत प्राप्त किया गया। संगठन का कहना है कि इस नए संबद्धता से मॉयल कर्मियों के हितों की रक्षा, श्रमिक समस्याओं के समाधान तथा संगठन को अधिक मजबूती प्रदान करने में सहायता मिलेगी। संगठन द्वारा केंद्रीय कमेटी का पुनर्गठन भी किया गया है। नवगठित कमेटी में श्री तानाजी वनवे को संगठन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि राम अवतार देवांगन को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही विशाल निंबालकर को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

संघ के अन्य प्रमुख पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष के रूप में मुकुंदा जांबुलकर, महासचिव के रूप में राजेश आचार्य एवं एहफाज कुरैशी को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं केंद्रीय संगठन सचिव के रूप में दिलीप नागोसे, सुखराम ब्रम्हें तथा अली उद्दीन शेख को मनोनीत किया गया है। केंद्रीय कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी अप्पू नायर को दी गई है, जबकि योगेश वाडीभस्में को मुख्य सलाहकार नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अनुप सोना, अनिल घरसे तथा अशोक गेडाम को शामिल किया गया है। संगठन का कहना है कि नई टीम श्रमिकों के अधिकारों, वेतन, सुरक्षा, सुविधाओं और लंबित समस्याओं के समाधान के लिए मजबूती के साथ कार्य करेगी।

संघ के महामंत्री राम अवतार देवांगन ने जानकारी देते हुए कहा कि संगठन द्वारा लिया गया यह निर्णय मॉयल कामगारों के हितों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। उन्होंने कहा कि नई संबद्धता के माध्यम से श्रमिकों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा तथा कामगारों की समस्याओं के निराकरण के लिए सतत प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने संगठन के सभी केंद्रीय पदाधिकारियों, शाखा अध्यक्षों, शाखा सचिवों एवं सदस्यों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और श्रमिक हित में कार्य करने की अपील की है।

# ट्रैक्टर चालकों से कर रहे थे अवैध वसूली

## तीन आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल

कटंगी(स्वतंत्र मत)



कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम भजियापार में ट्रैक्टर चालकों से अवैध वसूली और धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह घटना 20 और 21 मई के बीच की है, जिसने ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों पैदा कर दिए हैं। पहली शिकायत जुगराज पिता अंनराम पटले की है।

पुलिस ने बताया कि जब वह अपने ट्रैक्टर से खेत जा रहे थे, तभी ग्राम वरुड निवासी अजय पिता जगन्नाथ मड़ावी और राजेश पिता धनसिंह मड़ावी ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने ट्रैक्टर आगे बड़ने से रोका। उनसे जबरन 5 हजार रुपए की मांग की। धमकी दी कि पैसे नहीं देने पर जान से मार देंगे। पुलिस ने जुगराज की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 126(1), 296(ए), 308(3), 351(3), 3/5 के तहत मामला दर्ज किया। दूसरी शिकायत महेश भगत निवासी भजियापार की है। महेश अपने ट्रैक्टर से मिट्टी परिवहन कर रहे थे। उसी दौरान अजय मड़ावी, राजेश मड़ावी और नवीन कोकोड़े ने उनका रास्ता रोक लिया। उनसे जबरन 10 हजार रुपए की मांग की गई। धमकी दी गई कि पैसे नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। महेश की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 126(1), 296(ए), 308(3), 308(5), 351(3), 3/5 के तहत मामला दर्ज किया।

# वन रक्षक चाहते हैं कार्यवाही या हो गई लापरवाही

## बेशकीमती सागौन पेड़ों की कटाई मामले में जांच रिपोर्ट तैयार

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



वन विकास निगम की इकाई लामता परियोजना मंडल बालाघाट के अंतर्गत लामता परिक्षेत्र के बीट पश्चिम मोहगांव के कक्ष क्रमांक 1170 में अवैध रूप से बेशकीमती सागौन पेड़ों की कटाई में जांच की गई हैं, प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत वनरक्षक जितेन्द्र बांगड़े का कार्यक्षेत्र हैं। जिसकी जांच रिपोर्ट अब परियोजना मण्डल के संभागीय प्रबंधक रामकिशन सोलंकी के पास पहुंचेगी और वह जॉच रिपोर्ट पर आगे की कार्यवाही करेंगे। चर्चा है कि वनरक्षक स्वयं ही चाहते हैं कि कार्यवाही हो और वह वहां से कहीं दूसरी जगह चले जाए या फिर उनकी लापरवाही हैं..! जानकारी अनुसार, लामता परिक्षेत्र के वनक्षेत्र में होने वाली अवैध कटाई की घटनाएं प्रकाश में आईं हैं जिन पर मौजूदा संभागीय प्रबंधक द्वारा दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। अवैध कटाई की यह घटनाएं विगत दिवसों में संबंधित वनरक्षक जितेन्द्र बांगरे के अधिकार क्षेत्र में आने वाली बीट पश्चिम मोहगांव के कक्ष क्रमांक 1170 में हुई हैं। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा दोषी कर्मचारियों के विरूद्ध कोई भी कार्यवाही प्रारंभ नहीं की गई है। उक्त वनक्षेत्र में सैकड़ों सागौन के वृक्षों को अवैध रूप से काटा गया है जो कि प्राकृतिक दृष्टि से बहुमूल्य हैं। संभागीय प्रबंधक लामता परियोजना मंडल द्वारा अबतक दोषी वनरक्षक तथा रेंजर के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही न करना यह दर्शाता है कि अवैध कटाई प्रशासनिक अधिकारियों की मिलीभगत से ही हो रही है। यह बात विचारणीय है कि वर्तमान में वन विकास निगम में दैनिक मजदूरी दर पर कार्यरत श्रमिकों को बिना किसी लिखित सूचना के आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के कारण बंद किया जा रहा है और लामता परिक्षेत्र में बहुमूल्य सागौन वृक्षों को अवैध रूप से काटा जा रहा है। जिनकी कीमत लाखों में होती है। विभागीय सूत्रों के अनुसार वनरक्षक जितेन्द्र बांगड़े द्वारा कार्यालय के गोपनीय दस्तावेजों तथा पत्रों को स्वयं के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड किया जा रहा है, ऐसा करना गंभीर अनुशासनहीनता तथा घोर कदाचार के अंतर्गत आता है। चर्चा हो गई हैं कि पिछले वर्ष ही वारासिवनी परिक्षेत्र से स्थानांतरण पर लामता परिक्षेत्र में गए जितेन्द्र बांगरे फिर से वारासिवनी परिक्षेत्र में आना चाहते हैं, उनके द्वारा मंडल कार्यालय में पूर्व में आवेदन भी प्रेषित किए गए हैं। यह भी चर्चा है कि अवैध कटाई की उपरोक्त घटनाएं उनके द्वारा ही कराईं जा रहीं हो ताकि उनको आधार बनाकर संभागीय प्रबंधक उनका स्थानांतरण उनके घर के समीप वारासिवनी परिक्षेत्र में ही कर दें। और यदि आगामी समय में ऐसा होता है तो यह चिंताजनक होगा कि किस प्रकार एक भारतीय वन सेवा का अधिकारी एक वनरक्षक के दबाव में कार्य कर रहा हैं।

# गंगा दशहरा पर सगरा तालाब में होगा श्रमदान एवं साफ-सफाई कार्यक्रम

उमरिया (स्वतंत्रमत)

प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री नागर सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशहरा के अवसर पर 25 मई 2026 को स्थानीय सगरा तालाब, वार्ड क्रमांक 24 उमरिया में प्रातः 9 बजे तालाब की साफ-सफाई एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु समस्त जिलाधिकारियों से कहा है कि वे 25 मई 2026 को प्रातः 9 बजे सगरा तालाब, उमरिया में अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# सिकल सेल उन्मूलन शिविर में हुई 250 लोगों की जांच

उमरिया (स्वतंत्रमत)

राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को रणविजय प्रताप सिंह स्नातकोत्तर कॉलेज में सिकल सेल उन्मूलन शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में जिले के विभिन्न गांवों से पहुंचे सिकल सेल रोग से पीड़ित मरीजों, वाहकों एवं उनके परिजनों की जांच कर उपचार उपलब्ध कराया गया।शिविर का आयोजन सिकल सेल टास्क फोर्स इंडिया की चेयरपर्सन डॉ. दीप्ति जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वी.एस. चंदेल, जिला सिकल सेल नोडल अधिकारी डॉ. मुकुल तिवारी, विकास शुक्ला, डॉ. ऋषि सागर तथा पराग सागर के मार्गदर्शन में पराग सागर फाउंडेशन के सहयोग से संपन्न हुआ।शिविर के दौरान 250 महिला एवं पुरुषों की सिकल सेल एनीमिया संबंधी स्क्रीनिंग की गई। जांच के बाद मरीजों को आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को समय पर जांच और उपचार के महत्व के बारे में जागरूक किया।जिला सिकल सेल नोडल अधिकारी डॉ. मुकुल तिवारी ने उपस्थित लोगों को सिकल सेल उन्मूलन से जुड़ी विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देते हुए जिले में चलाए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं डॉ. दीप्ति जैन ने सिकल सेल रोग के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार के संबंध में जानकारी साझा की और मरीजों की स्वास्थ्य जांच भी की।कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक दर्शन पंद्राम, जिला कार्यक्रम समन्वयक एनटीपीसी शारदा प्रसाद गुप्ता सहित जिले के सीएचसी एवं पीएचसी के स्वास्थ्यकर्मी, एएनएम और आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पीएम जनमन अंतर्गत जिले के जनजातीय ग्रामों में संतृप्ति शिविरों का किया जा रहा आयोजन

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली तथा संचालनालय जनजातीय क्षेत्रीय विकास योजनाएं, भोपाल के निर्देशानुसार पीएम जनमन एवं डीए-जेजीयूए अंतर्गत शामिल ग्रामों में विशेष लाभार्थी संतृप्ति शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का उद्देश्य विशेष रूप से पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) समुदायों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना तथा उनके बीच जागरूकता बढ़ाना है।

# तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मनोनित



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष पं. अतुल मिश्रा ने संविधान में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए संदीप कुमार त्रिपाठी, सहायक ग्रेड-3, कार्यालय जिला आयुष अधिकारी जिला उमरिया को तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा उमरिया का जिला अध्यक्ष मनोनित किया है। प्रांताध्यक्ष पं. अतुल मिश्रा ने आशा व्यक्त की है कि श्री त्रिपाठी संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए कर्मचारियों के हितों के संरक्षण एवं समस्याओं के निराकरण हेतु सक्रिय भूमिका निभाएंगे। वही इस उपलब्धि पर ईष्ट मित्रो और कर्मचारियों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किया है।

# चंदिया के टाउन हॉल में भारत रत्न राजीव गांधी की मनाई गई पुण्यतिथि

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि नगर परिषद चंदिया के टाउन हॉल में गुरुवार 21 मई को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी विजय कोल के अध्यक्षता में श्रद्धापूर्वक मनाई गई।



कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी विजय कोल ने कहा कि राजीव गांधी जी ने देश को आधुनिक तकनीक, दूरसंचार एवं शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा दी। उनके विचार और नीतियां आज भी देश के विकास के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं नागरिक उपस्थित रहे। अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में पुष्पराज सिंह, मिथलेश राय, शिशुपाल यादव, मुकेश तिवारी, मनोज द्विवेदी, संजय अग्रवाल, सम्पत शुक्ला, वंश रूप शर्मा, विक्रम सिंह,लाल भवानी सिंहइशरत खान राजा, झल्लू कोल, अजय सिंह, सुधीर सिंह, शिवप्रसाद कुशवाहा, मुख्तियार खान, प्रवीण अग्रवाल, रामरतन प्रजापति, रमेश प्रसाद कुशवाहा, हिमांशु सिंह, विजय सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित हुए।

# मानपुर क्षेत्र के गाँवों में धड़ल्ले से संचालित अवैध शराब दुकान और ठीहों पर कब होगी कार्यवाही ?

मानपुर (स्वतंत्रमत)

जिले के मानपुर तहसील क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। नागरिकों का आरोप है कि प्रशासन द्वारा अन्य मामलों में कार्रवाई तो की जा रही है, लेकिन गांव-गांव में खुलेआम हो रही अवैध शराब बिक्री और पैकारी पर शासन, प्रशासन और विभाग के द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है.! सत्र 2026 - 27 में मानपुर ब्लॉक के तकरीबन सभी गांव से दैनिक खबर मिल रहाहै कि इस सत्र अवैध मदिरा ब्यापार भविस्य के लिये काली छाया बव के मड़रा रहा है। मानपुर ब्लॉक क्षेत्र में लाइसेंसी दुकान सिर्फ चार हैं जो ठेका पर मानपुर, ताला, अमरपुर और इंदवार में संचालित हैं, जिनके गुर्गों के द्वारा निर्भीक दबंगई यहां के तकरीब क्षेत्र के सभी गांव में अवैध सराब दुकान संचालित हैं.! हर गांव में शराब दुकान के ब्यवस्था से यूवा एवं छोटे उम्र के अधिक्तर लोग भी नसा में लिप्त मिला करते हैं, यही नशे की आदत परिवार के शुख चौन को छीनने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। एक तरफ नसा मुक्त देश के लिये सरकार द्वारा कई कार्यक्रम चलाये जाते हैं वहीं ठेकेदारों द्वारा खुलेआम सरकार के इस पहल को पीछे करने में सफल होते हुये सुर्खियों में हैं जिन्हें शायद शासन-प्रशासन और कानून से कोई भय तक नहीं रहता है, क्योंकि मिलीभगत की ताकत महान दिख रही है। अवैध मदिरा वाले कुछ दुकानों में प्रशासन के चाबूक




चलने का खबर यदा कदा ही मिलता है, जबकि वह मदिरा जिस दुकान से आता है जो पहुंचाता है उनके ऊपर किसी प्रकार के जांच और कोई कार्यवाही क्यों नही हो रहा है जो बड़े प्रश्न का विषय बना हुआ है। वही सूत्रों के अनुसार हिरौली, बिजौरी, करौंदी टोला, डोंड़का, भमराहा, अमिलिया, लखनौटी, उरदना, नौगवां, देवरी, छपरौड़, बल्हौंड़, कुशमहा, शुखदास, बड़छड़, बकेली एवं ऐसा कौन सा ग्राम पंचायत क्षेत्र है जहां अवैध सराब का दुकान न मिले.? वहीं स्थानीय लोगों की सुने तो जवाब में मिलेगा कि कई स्थानों पर देर शाम तक शराब की बिक्री होती रहती है, लेकिन न तो छापेमारी होती है और न ही कोई सख्त कार्रवाई दिखाई देती है। वही समाज का कहना है कि एक ओर शासन नशा मुक्ति अभियान चलाकर युवाओं को जागरूक करने की बात करता है, वहीं दूसरी ओर गांवों में आसानी से उपलब्ध हो रही अवैध शराब युवाओं को नशे की ओर धकेल रही है। इससे सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है और परिवारों में भी तनाव की स्थिति बन रही है, वहीं वरिष्ट सोगों का मानना है कि यदि समय रहते अवैध शराब कारोबार पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले समय में यह समस्या और गंभीर हो सकती है, गांवों में छोटे स्तर से शुरू हुआ यह कारोबार अब खुलेआम चलने लगा है। स्थानीय नागरिकों द्वारा समाचार के माध्यम से अप्रैल 2026 प्रशासन से दैनिक मांग किया जा रहा है कि अवैध शराब बिक्री वाले स्थानों पर एवं अवैध दुकान ठिकानों तक अवैध मदिरा का भंडारण करवाने वालों के ऊपर संयुक्त छापेमारी और सख्त कार्यवाही होना अति आवश्यक है, तभी अवैध सराब के ब्यापार में ब्रेक लग सकता है। जिस सघन पहल में आबकारी विभाग के सांथ अन्य सहयोगी विभागों के सहयोग का योगदान होना भी जरूरत बनते दिख रहा है तभी सरकार के मनसा और पहल का सफल होना सम्भव है..!

## किराया न देने वालों पर कार्यवाही

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला रोगी कल्याण समिति के आय-व्यय संबंधी लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया जिसकी कलेक्टर द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिला रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत आने वाली ऐसी 89 दुकानों के नवीनीकरण के निर्देश दिए जिनकी अनुबंध अवधि समाप्त हो चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो दुकानदार नियमित रूप से किराया नहीं दे रहे हैं और निविदा शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं उनके विरुद्ध शीघ्र वैधानिक कार्यवाही की जाए। बकाया राजस्व की समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधितों को 15 दिवस का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही बैठक में दुकानों की नवीनीकरण राशि को 1 हजार रुपये से बढ़ाकर 5 हजार रुपये करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

## व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने बीजाडांडी विकासखण्ड में दीपिका वेयरहाउस स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति नारायणगंज गेहूं खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर उपार्जन से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने खरीदी केन्द्र पर भंडारण और खरीदी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया एवं विभागीय अधिकारियों से गेहूं उपार्जन की दैनिक प्रगति, परिवहन, भंडारण, भुगतान आदि की जानकारी ली।

## दिव्यांग छात्रा का हौसला

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जहां हौसले बुलंद हों वहां शारीरिक अक्षमता भी सफलता की राह नहीं रोक सकती इस प्रेरणादायक सत्य को ग्राम करौंदा टोला भीमडोंगरी की प्रतिभाशाली दिव्यांग छात्रा द्रौपदी धुर्वे ने साकार कर दिखाया है। द्रौपदी ने पैरों से लिखकर कक्षा 12वीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। द्रौपदी की इस असाधारण उपलब्धि से प्रभावित होकर कलेक्टर स्वयं उनके निवास पहुंचे। उन्होंने छात्रा एवं उसके परिजनों से आत्मीय चर्चा कर द्रौपदी के साहस, आत्मविश्वास और संघर्षशीलता की सराहना की तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गर्भवती महिलाओं की होगी जांच

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार जिले में सुरक्षित प्रसव की गुणवत्ता एवं कवरेज बढ़ाने तथा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच, निदान एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 25 मई को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं महिला चिकित्सा अधिकारी सेवाएं देंगी। स्वास्थ्य विभाग ने जिले की सभी गर्भवती महिलाओं से अपील की है कि वे 25 मई को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श सेवाओं का लाभ लें।

## जल संरक्षण का संकल्प

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले के विकासखंड मोहगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया की अनारी नदी में 22 मई को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी एवं विकासखंड समन्वयक नेमलाल धुर्वे के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था पेंडुर गंगा सेवा समिति पातादेई सेक्टर मुनू द्वारा संपन्न हुआ।

## सांदीपनी विद्यालय के छात्रों को मिला प्रशिक्षण

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** शासकीय सांदीपनी विद्यालय नारायणगंज में संचालित वोकेशनल शिक्षा के अंतर्गत हेल्थ केयर एवं आईटी ट्रेड के विद्यार्थियों का 21 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को वास्तविक कार्यक्षेत्र के वातावरण से परिचित कराना एवं व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना रहा। हेल्थ केयर ट्रेड के विद्यार्थियों ने बीएमओ डॉ. कोल के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज के विभिन्न विभागों में प्रशिक्षण प्राप्त किया। व्यवसायिक प्रशिक्षक रुचि प्रदा संत की देखरेख में छात्रों ने जनरल वार्ड, इंजेक्शन कक्ष, आई विभाग, पैथोलॉजी लैब, दवा वितरण कक्ष, मलेरिया विभाग, ड्रेसिंग वार्ड, एक्स-रे, ईपीडी एवं ओपीडी विभागों में कार्य करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली को करीब से समझा।

# न स्थल निरीक्षण किया और न ही मटेरियल की कराई जांच

# घर बैठे उपयंत्री ने कर दिया मूल्यांकन, एक साल में उखड़ी सड़क

मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)






ग्राम पंचायत पड़रिया उर्फ नारायण गंज एक बार फिर चर्चाओं में है। जनपद मुख्यालय क्षेत्र में महिला एवं बाल विकास कार्यालय से लोक सेवा केंद्र तक बनाई गई लगभग 150 मीटर लंबी सीसी सड़क निर्माण कार्य पर अब गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब 4 लाख 62 हजार रुपये की लागत से बनी यह सड़क एक साल भी नहीं टिक सकी और जगह-जगह से गिट्टियां निकलने लगी हैं बताया जा रहा है कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य खसरा नंबर 151/1/1 में 5वें वित्त आयोग मद से कराया गया था। ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित होने के बाद यह सड़क आम नागरिकों शासकीय कर्मचारियों और अधिकारियों की आवाजाही को सुगम बनाने के उद्देश्य से बनाई गई थी। लेकिन सड़क की वर्तमान हालत देखकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है ग्रामीणों का कहना है कि जिस सड़क से प्रतिदिन अधिकारी-कर्मचारी और आमजन गुजरते हैं वही सड़क यदि इतनी जल्दी टूटने लगे तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठना लाजिमी है। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया या फिर गुणवत्ता की अनदेखी कर जल्दबाजी में काम पूरा कराया गया स्थानीय लोगों के बीच अब यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर इस गुणवत्ताहीन निर्माण के पीछे जिम्मेदार कौन है निर्माण एजेंसी, पंचायत बॉडी या फिर किसी प्रकार का दबाव और कमीशनखोरी ग्रामीणों का कहना है कि यदि मुख्यालय क्षेत्र में विकास कार्यों की यह स्थिति है तो दूरस्थ गांवों के हालात सहज ही समझे जा सकते हैं मामले में जब संबंधित उपयंत्री उपासना बघेल से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि मिलकर बात करते हैं। वहीं जनपद पंचायत अध्यक्ष आशाराम भारतीया ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच कराने की बात कही है संबंधित विभाग इस मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी अन्य शिकायतों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा। बता दें ग्राम पड़रिया में विकास कार्यों की हकीकत एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। गांव में लाखों रुपए की लागत से बनाई गई सीसी सड़क अब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही है। हालत यह है कि सड़क निर्माण पूरा हुए ज्यादा समय भी नहीं बीता और सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी है। सड़क की ऊपरी परत टूटकर बाहर आ रही है गिट्टियां बिखर रही हैं और निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान न तो गुणवत्ता का ध्यान रखा गया और न ही तय मापदंडों का पालन किया गया। सड़क में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया जिसकी पोल अब खुलने लगी है। गांव वालों का कहना है कि सड़क देखकर ऐसा लग रहा है मानो वर्षों पुरानी सड़क हो जबकि इसे हाल ही में बनाया गया था। कई जगहों पर दरारें साफ दिखाई दे रही हैं और किनारे टूटने लगे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर जब निर्माण कार्य किया जा रहा था तब जिम्मेदार अधिकारी क्या कर रहे थे क्या निर्माण एजेंसी को खुली छूट दे दी गई थी क्या मौके पर गुणवत्ता परीक्षण किया गया था या फिर सिर्फ कागजों में ही निरीक्षण पूरा कर लिया गया ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में शुरू से ही अनियमितताएं थीं लेकिन शिकायतों के बावजूद किसी ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की सड़क लंबे समय से खराब थी और लोग उम्मीद लगाए बैठे थे कि नई सीसी सड़क बनने के बाद राहत मिलेगी। लेकिन सड़क बनने के कुछ ही समय बाद उसकी हालत खराब हो गई। इससे लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी राशि का खुलकर दुरुपयोग किया गया है और गांव के विकास के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि निर्माण कार्य के दौरान पर्याप्त मोटाई नहीं रखी गई। कई जगह सड़क की सतह हाथ लगाने भर से टूट रही है। सड़क की मजबूती को लेकर किए गए दावे अब पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। गांव वालों का कहना है कि यदि अभी यह हालत है तो बारिश शुरू होते ही सड़क पूरी तरह जवाब दे देगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने मांग की है। उनका कहना है कि निर्माण कार्य की तकनीकी जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही सड़क का दोबारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि पहले कच्ची सड़क थी लेकिन इतनी खराब हालत कभी नहीं हुई जितनी अब नई सीसी सड़क की हो रही है।

# भाजपा किसान मोर्चा की बैठक में बनी रणनीति




मण्डला(स्वतंत्रमत)

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा आगामी 31 मई को आयोजित होने वाले मन की बात किसानों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा किसानों के बीच जानकारी पंचायत एवं बूथ स्तर पर आयोजन तथा अधिक से अधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति बनाई गई। बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री गोपाल कुर्मी पटेल एवं प्रदेश मंत्री राजमणि बघेल का भाजपा कार्यालय आगमन हुआ। यहां भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा एवं किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष संजीत पांडे ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री गोपाल कुर्मी पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम देश के किसानों, युवाओं और आमजन से सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम बन चुका है। वहीं किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री राजमणि बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा किसानों के हितों के लिए समर्पित रही है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचकर अधिक से अधिक किसानों को इस अभियान से जोड़ें और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष उमेश शुक्ला, वीरेंद्रधर द्विवेदी, पवन ज्योतिषी, आदित्य मिश्रा, अमृतलाल, भगवान प्रसाद मिश्रा, पुनाराम गोठिया, जगन्नाथ यादव, ओमकार यादव, मनहरण पटेल, असद अहमद, संतु सिंह कुलस्ते, प्रहलाद सोनी, लालाराम यादव, विनोद साहू,, आनंद राम, कतकू लाल भलावी, जगदीश हरदहा, अतर लाल मरावी सहित किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बच्चों को दी कछुओं के विषय में जानकारी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कछुआ दिवस के अवसर पर आज बच्चों को कछुआ के बारे में राजेश क्षत्री पर्यावरण विद् एवं वन्य प्राणियों के जानकार जानकारी देते हुए अवगत कराया कि जल में रहने वाला सफाई दार प्राणी कछुआ है जो की जल में रहने वाले सड़े गले पदार्थ का भी भक्षण करके जल को स्वच्छ रखता है इस अवसर पर उन्होंने अवगत कराया की जैव विविधता सबसे ज्यादा खतरनाक स्थिति यदि है तो वह जाली जैव विविधता की क्योंकि लगातार जल में होने वाले प्रदूषण से हमारे जल के प्राणी चाहे वह मछली हो चाहे मेंढक हो चाहे वह कछुए लुप्त हो रहे हैं उन्होंने कहा प्रदेश की नर्मदा की महाशीर मछली की लुप्त होने की कगार में है क्योंकि उसकी प्रजनन शक्तियों में भी कमी आ रही है।

## मौन जुलूस 25 को

मण्डला(स्वतंत्रमत)। निरंतर पद विहार में हो रही जैन साधु साध्वी की दर्दनाक हत्या सड़क हादसे में शासन प्रशासन चुप है वाहन चालक नशे में धुत है अब यह नहीं सहेगा जैन समाज 25 मई को जैन समाज द्वारा मौन जुलूस निकाला जाएगा। मुनिवर प्रमाणसागर महाराज का आव्हान विरोध नहीं है बल्कि शासन प्रशासन के साथ जैन साधु साध्वी के विहार में उनकी सुरक्षा बनाने के लिए एक वज्रकोट है।

## श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



मण्डला(स्वतंत्रमत)

किले वार्ड स्थित साई मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के चौथे दिन भगवान कृष्ण के मथुरा आगमन और अत्याचारी कंस के वध का मार्मिक प्रसंग प्रस्तुत किया गया। कथावाचक पंडित इन्द्रमणि पाठक ने कंस के जन्म से लेकर उसके अत्याचारों और भगवान कृष्ण द्वारा धर्म की स्थापना के लिए किए गए संघर्ष का विस्तृत व्याख्यान किया। कथा श्रवण के लिए प्रतिदिन की तरह बड़ी संख्या में श्रृद्धालु साई मंदिर प्रांगण पहुंचे। भगवान कृष्ण के मथुरा पहुंचने और अपने मामा कंस का संहार करने के प्रसंग को सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हो उठे। पूरा प्रांगण भक्तिमय वातावरण में लीन हो गया। इस दौरान श्रृद्धालुओं ने विभिन्न जयकारे लगाए। जिससे माहौल भक्ति और श्रृद्धा से ओतप्रोत हो गया। कंस वध का यह प्रसंग बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। जिसे कथा के माध्यम से अत्यंत प्रभावी ढंग से समझाया गया।

# जन समस्या शिविर में दिखी लापरवाही

**मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन समस्या निवारण शिविर को लेकर प्रशासनिक दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है गुरुवार को मोहगांव माल ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में मोहगांव माल, अंडियामाल, बोडासिल्ली, चाबी, गिठार, मलपहरी, झुरगीपोंडी, करेगांव, खेरीमाल, खाल्हेगिठौरी, मोहगांव रैयत, मुगवानी और ठेभा सहित कई गांवों के लोगों की समस्याओं के निराकरण का दावा किया गया था लेकिन अधिकांश ग्रामीणों को शिविर की जानकारी ही नहीं मिल सकी जानकारी के अनुसार शिविर के प्रभारी वीरेंद्र हरदहा आरआई एवं महेंद्र उइके पीसीओ बनाए गए थे। शिविर में जनपद पंचायत के सीईओ सहित बीईओ, बीएमओ, बीआरसी, सीडीपीओ, एसएडीओ, पीएचई, पीडब्ल्यूडी, डब्ल्यूआरडी, फॉरेस्ट, ग्रामीण विकास, पीएम आवास योजना, पेसा विभाग, आरजीएसए, एसबीएम और पंचायत समन्वय अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति निर्धारित की गई थी।

# उखड़ गए सड़कों में लगे फाइबर के स्पीड ब्रेकर





## बाहर निकली कीलों से लोग परेशान

नैनपुर ( स्वतंत्र मत)

नगर क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर लगाए गए फाइबर के स्पीड ब्रेकर अब आमजन के लिए सुविधा के बजाय परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। नगर सौंदर्यीकरण के तहत पिछली नगर परिषद द्वारा इन आधुनिक गति अवरोधकों को बड़े उत्साह के साथ स्थापित किया गया था, जिससे शुरुआत में लोगों ने इसे सराहा भी था। यह व्यवस्था यातायात नियंत्रण के साथ-साथ शहर की सुंदरता बढ़ाने का प्रतीक मानी जा रही थी। लेकिन समय के साथ इन फाइबर ब्रेकरों की गुणवत्ता और रखरखाव की कमी सामने आने लगी है। अधिकांश स्थानों पर ये ब्रेकर उखड़ चुके हैं या टूट-फूट का शिकार हो गए हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इनमें लगी लोहे की कीलें अब सड़क पर बाहर निकल आई हैं, जो राहगीरों और विशेष रूप से दुपहिया वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन गई हैं।

कई स्थानों पर वाहन इन कीलों में फंसकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, जिससे लोग चोटिल भी हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जिन स्पीड ब्रेकरों का उद्देश्य वाहनों की रफ्तार नियंत्रित करना था, वही अब हादसों को आमंत्रित कर रहे हैं।

ज्ञात हो कि इन स्पीड ब्रेकरों को वार्डों और मुख्य मार्गों पर बढ़ती वाहनों की रफ्तार को नियंत्रित करने के लिए लगाया गया था, और प्रारंभिक समय में इसका सकारात्मक प्रभाव भी देखने को मिला था। लेकिन घटिया निर्माण सामग्री या उचित रखरखाव के अभाव में ये ज्यादा समय तक टिक नहीं पाए।

अब आवश्यकता है कि नगर पालिका परिषद इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए या तो इन क्षतिग्रस्त ब्रेकरों की तत्काल मरम्मत कराए, या फिर मानक गुणवत्ता वाले नए स्पीड ब्रेकर स्थापित कराए। साथ ही नियमित निरीक्षण और रखरखाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न उत्पन्न हो।

नगरवासियों की मांग है कि प्रशासन इस ओर शीघ्र ध्यान देकर सड़कों को सुरक्षित और सुगम बनाए, जिससे आम जनता को राहत मिल सके।

## सामाजिक लोगों से की मुलाकात

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश राज्य विद्युत मंडल जबलपुर संभाग के मुख्य अभियंता एवं अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध अधिकारी कर्मचारी संघ आलोक के प्रदेश अध्यक्ष एस के गिरिया और संघ के ई एल लिल्हारे सपरिवार कान्हा नेशनल पार्क जाते समय मंडला में सामाजिक पदाधिकारी के साथ मुलाकात कर सामाजिक गतिविधियों एवं आगामी विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह के संबंध में चर्चा की गई। इस दौरान बाल सिंह ठाकुर, कन्हैया ठाकुर, राजेश लोधी, राजकुमार दमाहे नंदलाल जंघेला आदि मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने निभाया जनसुनवाई का वादा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जनसुनवाई में ग्रामीणों से किया वादा निभाते हुए कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे मवई जनपद पंचायत के दूरस्थ ग्राम पंचायत इन्द्री के बैगा टोला पहुंचे। कलेक्टर ने पूरे प्रशासनिक अमले के साथ गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से आत्मीय चर्चा की और उनकी मूलभूत समस्याओं को जाना। विदित है कि पिछली जनसुनवाई में इन्द्री के ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे थे तब कलेक्टर ने उन्हें स्वयं गांव आकर समस्याएं सुनने का भरोसा दिलाया था। चौपाल में कलेक्टर ने ग्रामीणों की प्रमुख समस्याओं को चिन्हित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी गुरुवार को ग्राम में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाए। इस शिविर में आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, जॉब कार्ड और पात्रता पर्ची जैसी हितग्राहीमूलक समस्याओं का पात्रता के अनुसार शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। ग्रामीणों द्वारा राशन दुकान से राशन लाने में होने वाली दिक्कतों से अवगत कराने पर कलेक्टर ने भरोसा दिलाया कि अब गांव में ही वाहन के माध्यम से राशन पहुंचाया जाएगा। विद्युत संबंधी समस्याओं पर कलेक्टर ने विद्युत वितरण कंपनी को 7 कार्यदिवसों के भीतर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।


## कार्यालय नगर परिषद बम्हनी बंजर जिला मण्डला

क्रमांक/न.प./स्टोर./2026/458 बम्हनी बंजर दिनांक 22/05/2026

जेम बिड सूचना

एतद् द्वारा नगर परिषद बम्हनी बंजर में विद्युत विभाग अंतर्गत अति आवश्यक सेवा के लिए विद्युत सामग्री क्रय किए जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन बिड भारत सरकार के पार्टल https://gem. gov.in के माध्यम से क्रय की जा सकती है।

| क्र. | विवरण एंव बिड नम्बर | ऑनलाईन बिड की प्रारंभिक तारीख | ऑनलाईन बिड की अंतिम तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid.NO.Gem/2026/B/7576156date-22/05/2026 | 22.05.2026 | 08.06.2026 |

जेम बिड की शर्ते-

1. निर्धारित सुरक्षा निधि काटी जावेगी, जो 12 माह पश्चात वापिस की जावेगी।
2. अनुबंध किया जाना आवश्यक होगा। 3. अमानत राशि 2 प्रतिशत देय होगी।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बम्हनी बंजर**



## पुराने फुटवियर को दें ट्रेंडी लुक

लड़कियां कपड़ों से लेकर फुटवियर तक अपनी मैचिंग का पूरा ध्यान रखती हैं। अगर ऐसे में उनके फुटवियर पुराने हो जाएं तो वह उन्हें कबाड़ में फेंक देती हैं।

### स्टोन

रोजाना इस्तेमाल होने वाले फुटवियर को आप स्टोन से सजा सकते हैं। फुटवियर की पतली स्ट्रीप में आप रंगीन स्टोन लगा दें और रिबन का फ्लावर लगा दें।

### पुराने बटन

फुटवियर को ट्रेंडी लुक देने के लिए आप पुराने बटन का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आपके पास फ्लैट बैली है तो उस पर पुराने बटन लगाकर इसे स्टाइलिश लुक दें।

### स्पार्कल ग्लू

स्पार्क ल ग्लू की मदद से आप अपने शूज को एक नया लुक दे सकती हैं। शूज के ऊपर आप स्पार्क ल ग्लू से कोई भी डिजाइन बना दें। जैसे- छोटे फ्लावर या कार्टून आदि।

### मिरर

बाजार में आपको बहुत से छोटे मिरर आसानी से मिल जाएंगे। इन मिरर से आप अपनी हिल्स या शूज को एक अलग लुक दे सकती हैं।

### स्टीकर

आपने मार्केट में भी बहुत से ऐसे फुटवियर देखे होंगे, जिन पर स्टीकर लगे होते हैं। बेहतर होगा कि इन्हें मार्केट से खरीदने के बजाए घर पर खुद स्टीकर से फुटवियर को ट्रेंडी लुक दें।

अगर आप सिंपल आउटफिट पहनकर भी स्टाइलिश दिखना चाहती हैं, तो यह ट्रेंड आपके लिए परफेक्ट है। मल्टी लेयर्ड चेन न सिर्फ आपके लुक में डेप्थ और एलिगेंस जोड़ती है, बल्कि बिना ज्यादा मेहनत के आपको ट्रेंडी और स्मार्ट अपील भी देती है। चाहे कैजुअल डे आउट हो या कोई खास मौका...

एलिगेंट और ट्रेंडी हर आउटफिट के साथ

# सिंपल लुक को बनाएं सुपर स्टाइलिश मल्टी लेयर्ड चेन

**अधिकतर महिलाएं अपने लुक को बेहतर बनाने के लिए आउटफिट के साथ-साथ कुछ एक्सेसरीज भी ट्राई करती हैं। ऐसे में अगर आपको भी एक्सेसरीज पहनने का बहुत शौक है, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ लेटेस्ट मल्टी लेयर चेन डिजाइंस के बारे में बताएंगे, जो आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकती हैं।**

### गोल्ड प्लेटेड लेयर्ड चेन नेकलेस



अगर आपको भी एक्सेसरीज पहनने का बहुत शौक है और आप बदल-बदल कर कुछ न कुछ नया ट्राई करती रहती हैं, तो अब आप इस तरह की खूबसूरत गोल्ड प्लेटेड लेयर्ड चेन नेकलेस को शामिल कर सकती हैं। ऐसी चेन डिजाइन आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी, जो आपके पूरे लुक को बेहतर बनाने में मदद करेगी। इसे आप अपनी किसी भी ड्रेस के साथ शामिल कर सकती हैं।

### गोल्ड टोन पर्ल, कॉइन एंड चेन डिजाइन



आप चाहे तो इस तरह की खूबसूरत गोल्ड टोन पर्ल, कॉइन एंड चेन डिजाइन को भी अपने वेस्टर्न लुक के साथ शामिल कर सकती हैं। यह आपकी खूबसूरती को दोगुना करने में मदद करेंगी। ऐसी चेन डिजाइन आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी, जो आपके लिए एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। इसे अपना न सिर्फ वेस्टर्न आउटफिट, बल्कि किसी भी तरह के आउटफिट के साथ शामिल कर सकती हैं।



### हार्ट सर्कल एंड बार पेंडेंट मल्टी लेयर चेन सेट



आपके लिए इस तरह की खूबसूरत हार्ट सर्कल एंड बार पेंडेंट मल्टी लेयर चेन सेट डिजाइन भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। इसे भी आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। आप इसे किसी भी तरह के आउटफिट के साथ शामिल कर अपने पूरे लुक को अट्रेक्टिव बना सकती हैं। ऐसे चेन डिजाइन आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे और आपको गॉर्जियस लुक देने में मदद करेंगे।

### गोल्ड प्लेटेड स्टेनलेस स्टील मल्टी लेयर चेन



अगर आप डेली वियर में भी तरह-तरह की एक्सेसरीज पहनती हैं, तो अब आपके लिए इस तरह की खूबसूरत गोल्ड प्लेटेड स्टेनलेस स्टील मल्टी लेयर चेन भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। ऐसी चेन डिजाइंस इन दिनों काफी चलन में है, जो अधिकतर महिलाओं को बहुत पसंद आ रही है। ऐसे में यह आपके लिए भी बेस्ट ऑप्शन हो सकती है। यह आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगी।

इस समय तेजी से बढ़ रहे हेल्थकेयर सेक्टर में फार्मा क्षेत्र अग्रणी है। कोविड-19 संकट हो या कि सामान्य समय, असाधारण रोगों, आपदाओं या स्वास्थ्य रक्षा के लिए फार्मा सेक्टर की जरूरत कभी खत्म नहीं होने वाली। वर्तमान स्थितियां चिकित्सीय परीक्षणों और दवाई उत्पादन के एक नए दौर की शुरुआत के तौर भी देखी जा रही है।

# फार्मा सेक्टर... युवाओं को देगा दमदार कॅरियर



भारत वैश्विक स्तर पर फार्मा सेक्टर के लिए कुशल लोगों को उपलब्ध कराने वाले अग्रणी देशों में दूसरे नंबर पर है। यानी इस सेक्टर को अपनाने का एक अर्थ यह भी है कि कुशल युवा के लिए संभावनाएं विश्व में कहीं भी उपलब्ध रहेंगी। यह भी सभी को पता है कि इस सेक्टर को खास विकसित करने पर भारत सरकार की ओर से भी कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसलिए इस क्षेत्र को चुनना एक स्थायी और दमदार कॅरियर देगा।

### शैक्षणिक योग्यता और कोर्स

फार्मा सेक्टर के अंडरग्रेजुएट कोर्स में दाखिले के लिए जरूरी है कि छात्र ने दसवीं के बाद बायोलॉजी, फिजिक्स, केमिस्ट्री या फिर मैथ, फिजिक्स, केमिस्ट्री ग्रुप से 12वीं की हो। अधिकतर कॉलेज किसी भी फार्मा पाठ्यक्रम में प्रवेश देने से पहले या तो कट ऑफ लिस्ट जारी करते हैं या फिर प्रवेश परीक्षा लेते हैं। इस सेक्टर के कुछ लोकप्रिय कोर्स इस तरह हैं।

### फार्मेसी में डिप्लोमा (डी. फार्मा.)

यह कोर्स आपको इस सेक्टर के लिए आधारभूत योग्यता देगा। यह दो साल का कोर्स होता है। इसके लिए 12वीं (केमिस्ट्री, मैथ, बायोलॉजी या फिजिक्स के साथ) जरूरी होती है। इसके बाद हॉस्पिटल ट्रेनिंग कराई जाती है।

### बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी. फार्मा.)

डी. फार्मा. की बजाय आप चार वर्षीय (आठ सेमेस्टर का) अंडरग्रेजुएट बी.फार्मा. कोर्स भी कर सकते हैं। इसके लिए छात्रों को साइंस स्ट्रीम में 12वीं पास होना चाहिए। मैथ, बायोलॉजी और फिजिक्स या पीसीएम में 12वीं करने वाले छात्र इस कोर्स में एडिमशन ले सकते हैं। इसमें कोई स्पेशलाइजेशन नहीं होता है।

### मास्टर इन फार्मेसी (एम. फार्मा.)


बी.फार्मा. के बाद दो वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स कर सकते हैं। इसमें छात्र अपनी पसंद से स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। एम. फार्मा. में फार्माकोग्नॉसी, फार्मास्युटिकल इंजीनियरिंग, बायोकेमिस्ट्री जैसे स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं। मास्टर्स कोर्स के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा जीपीएटी होती है। रिसर्च के क्षेत्र में काम करने का लक्ष्य है, तो पीएचडी करने का विकल्प भी है। फार्मा में कुछ अन्य कोर्स भी हैं, जैसे पीजी डिप्लोमा इन फार्मास्युटिकल एवं हेल्थकेयर मार्केटिंग, डिप्लोमा इन फार्मा मार्केटिंग, एडवांस डिप्लोमा इन फार्मा मार्केटिंग एवं पीजी डिप्लोमा इन फार्मा मार्केटिंग जैसे कोर्स भी हैं, जिनकी अवधि छह माह से एक वर्ष के बीच है। इनमें प्रवेश के लिए योग्यता बी.एससी., बी.फार्मा. अथवा डी.फार्मा. (कोर्स के अनुसार) है।

### प्रमुख संस्थान

- दिल्ली इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च, दिल्ली
- महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी, रोहतक
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, मोहाली, पंजाब
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी, वाराणसी
- इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी, सी.एस.जे.एम. यूनिवर्सिटी, कानपुर
- मणिपाल कॉलेज ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज, मणिपाल, कर्नाटक

**इंदौर के भी विभिन्न कालेजों में आप बी फार्मा, डी फार्मा कर सकते हैं।**

## अवसर



फार्मासिस्ट एक युवा को हॉस्पिटल फार्मेसी, क्लिनिकल फार्मेसी, टेक्निकल फार्मेसी, रिसर्च एजेंसियों, मेडिकल डिस्पेंसिंग स्टोर, सेल्स और मार्केटिंग डिपार्टमेंट, एजुकेशनल इंस्टिट्यूट, हेल्थ सेंटर, मेडिकल रिप्रेंजटेटिव, क्लिनिकल रिसर्चर, मार्केट रिसर्च एनालिस्ट, मेडिकल राइटर आदि के तौर पर काम मिल सकता है। इस सेक्टर में विभिन्न पदों पर विविधस्तर की नौकरियां उपलब्ध हैं।

### रिसर्च और डेवलपमेंट

यहां नई-नई दवाइयों की खोज और विकास संबंधी कार्य किया जा सकता है। रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) क्षेत्र को जेनेरिक उत्पादों के विकास, शोध व विश्लेषण, एक्टिव फार्मास्युटिकल इन्ग्रेडिएंट्स या बल्क ड्रग आरएंडडी जैसी श्रेणियों में बांटा जा सकता है। सबका अपना सुपर-स्पेशलाइजेशन है।

### क्लिनिकल रिसर्च

इसमें नई लॉन्च मेडिसिन के बारे में रिसर्च होती है कि वह कितनी सुरक्षित और असरदार है। इसके लिए क्लिनिकल ट्रॉयल होता है। देश में कई विदेशी कंपनियां क्लिनिकल रिसर्च के लिए आ रही हैं। दवाइयों के स्क्रीनिंग सम्बंधी काम में नई दवाओं या फॉर्मुलेशन का पशु मॉडलों पर परीक्षण करना या क्लिनिकल रिसर्च करना शामिल है।

### मेडिकल इन्वेस्टिगेटर

यह नई दवाइयों के टेस्टिंग व डेवलपमेंट की प्रक्रिया से सम्बंधित है। हॉस्पिटल फार्मासिस्ट पर मेडिसिन और अन्य मेडिकल सम्बंधी सामग्रियों के स्टॉकिंग और डिस्ट्रिब्यूशन का जिम्मा होता है। रिटेल सेक्टर में फार्मासिस्ट को बिजनेस मैनेजर की तरह काम करते हुए दवा संबंधी कारोबार करना होता है।

### क्या होगी सैलरी

आमतौर पर ट्रेनिंग के तुरंत बाद नियुक्ति में फार्मासिस्ट को लगभग 25 हजार रुपए महीने मिलते हैं। शोध के क्षेत्र में 40 हजार रुपए तक सैलरी मिल सकती है। उत्पादन इकाइयों में अच्छा पैकेज मिलता है और स्वतंत्र रूप से भी काम कर सकते हैं।

समर सीजन में स्टाइल का नया ट्रेंड... ट्राई करें ये सॉफ्ट और कूल कलर्स

# समर में स्टाइल और परफेक्ट कॉम्बिनेशन...लाइट कलर्स

अगर अब तक आप लोग गर्मियों में डार्क कलर पहनती आई हैं, तो इस बार इन्हें चेंज करिए। इस समर सीजन में गर्मी से बचने के लिए आप हमारे बताए इन रंगों के कपड़े पहन सकती हैं, जो आपको स्टाइलिश लुक भी देंगे।

गर्मी का मौसम चल रहा है। इस मौसम में चिलचिलाती धूप और उमस की वजह से कपड़ों का चुनाव करना भी मुश्किल हो जाता है। कहीं बाहर जाने से पहले ये सोचना पड़ता है कि क्या पहनें। खासतौर पर कपड़ों का रंग बहुत मायने रखता है, क्योंकि गर्मियों में डार्क कलर्स के कपड़े पहनने से शरीर जल्दी गर्म होता है और पसीना ज्यादा आता है। ऐसे में आपको गर्मियों में लाइट कलर्स चुनने चाहिए। हल्के रंग जैसे सफेद, हल्का नीला या पीला, सूरज की रोशनी को ज्यादा सोखते नहीं हैं। इससे शरीर ज्यादा गर्म नहीं होता, साथ ही ये ठंडक का एहसास देते हैं। इसलिए गर्मियों में हल्के रंग पहनना न सिर्फ स्टाइलिश होता है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है, तो चलिए जानते हैं, गर्मियों के लिए बेस्ट लाइट रंग कौन से हैं, जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं।



### लेमन कलर

लेमन कलर के कपड़े गर्मियों में पहनने के लिए एक अच्छी च्वाइस हो सकते हैं। ये कलर काफी लाइट होता है और सूरज की रोशनी में बेहद प्यारा लगता है। इसके लिए आप इस आउटफिट से आइडिया ले सकती हैं। एक्ट्रेस की ये ड्रेस लेमन कलर में बेहद प्यारी लग रही है, साथ ही सूरज की रोशनी में ये काफी हाईलाइट भी हो रही है।

### बेबी पिंक कलर

गर्मियों में बेबी पिंक कलर के आउटफिट भी शरीर को ठंडा रखने के लिए बेस्ट हैं। आप इस कलर की ड्रेस, टॉप, सूट या साड़ी भी पहन सकती हैं। ये आपको एक कूल लुक देगा और आपको फ्रेश भी फील कराएगा। सेलिब्रिटी ने पिंक कलर की साड़ी पहनी है, जो उनके स्किनटोन पर खूब जंच भी रही है। आप भी इस कलर को इस समर सीजन में जरूर ट्राई करें।

### मिंट ग्रीन

मिंट ग्रीन कलर की साड़ी ये कलर गर्मियों में काफी पसंद किया जाता है। इंडियन स्किनटोन पर ये रंग खूब जंचता है। अगर आप धूप में निकल रही हैं, तो ये सूरज की रोशनी में हाईलाइट होता है और काफी प्यारा इफेक्ट देता है। इस गर्मी आप इसे भी ट्राई कर सकती हैं।

### बेज कलर



बेज कलर आजकल काफी ट्रेंड में है। वैसे तो ये कलर सर्दियों में भी काफी पसंद किया जाता है, लेकिन हल्का होने की वजह ये इस कलर के कपड़ों को आप गर्मियों में आराम से पहन सकती हैं। ये रंग शरीर को तो ठंडा रखेगा ही, साथ ही ट्रेंडिंग होने की वजह से आपको स्टाइलिश लुक भी देगा। इसके लिए आप सोनम बाजवा के इस सूट से आइडिया ले सकती हैं, जिसके साथ एक्ट्रेस ने रेड कलर का दुपट्टा कॉन्ट्रास्ट में लिया है।

# पार्टी में स्टाइल का नया अंदाज...एक्सक्लूसिव डिजाइनर बैकलेस ब्लाउज

साड़ियों के दीवानों को यह तो पता ही है कि ब्लाउज पूरे लुक को बना या बिगाड़ सकता है। परफेक्ट पार्टी वेयर साड़ी ब्लाउज के साथ ग्लैमर का तड़का लगाना ही सबसे अहम है। चटख रंगों और जटिल डिजाइनों से लेकर अनोखे कट्स और अलंकरणों तक, लेटेस्ट डिजाइन किसी भी इवेंट में सबका ध्यान खींचने में कामयाब रहेंगे। बैकलेस ब्लाउज सदाबहार और स्टाइलिश होते हैं। ये उन लोगों के लिए एकदम सही हैं, जो एक बोल्ड स्टेटमेंट देना चाहते हैं।

### डीप वी-नेक ब्लाउज

डीप वी-नेक ब्लाउज काफी समय से चलन में हैं और इनकी लोकप्रियता बरकरार है। ये आपकी साड़ी को एक परिष्कृत लुक देते हैं और शाम की पार्टियों के लिए आदर्श हैं। ब्लाउज को और भी आकर्षक बनाने के लिए इन्हें कम से कम गहनों के साथ पहनें।

### पेप्लम स्टाइल ब्लाउज

पेप्लम ब्लाउज पारंपरिक साड़ियों को नया रूप देने का एक स्टाइलिश तरीका है, जो उन युवा लड़कियों के लिए एकदम सही है, जिन्होंने अभी-अभी साड़ियां पहनना शुरू किया है। ये ब्लाउज साधारण और डिजाइनदार दोनों तरह की साड़ियों के साथ बहुत अच्छे लगते हैं, साथ ही साड़ियों को धोती या लहंगे की तरह भी पहना जा सकता है, जिससे उनमें एक अलग ही अंदाज जुड़ जाता है।



### हाई नेक ब्लाउज

बारीक डिजाइन या अलंकरण वाले हाई नेक ब्लाउज एक परिष्कृत लुक प्रदान कर सकते हैं, जो आपकी साड़ी को शाही अंदाज देते हुए आपके समग्र रूप को निखारते हैं। किसी पार्टी में ये ब्लाउज पहनने वाले को आत्मविश्वास और स्टाइलिश महसूस कराते हैं, खासकर जब साड़ी को अच्छी तरह से पिन किया गया हो। इससे आराम और चलने-फिरने की पूरी आजादी मिलती है, जिससे आप अपने पहनावे की चिंता किए बिना कार्यक्रम का आनंद ले सकती हैं।

### केप स्लीव ब्लाउज


केप स्लीव्स एक शानदार और सुरुचिपूर्ण लुक देती हैं, जो भव्य प्रवेश के लिए एकदम सही है। ये आपकी साड़ी को एक प्रवाहमय और अलौकिक रूप प्रदान करती हैं। आप चाहें तो साड़ी को फ्यूजन स्टाइल में भी पहन सकती हैं, जिससे गाउन जैसा प्रभाव मिलेगा, जो पार्टी के माहौल के लिए बेहतरीन रहेगा।

### मिरर वर्क ब्लाउज

मिरर वर्क वाले ब्लाउज बेहद आकर्षक और मनमोहक होते हैं। ये आपके पहनावे में एक अलग ही रौनक लाते हैं और पार्टियों व समारोहों के लिए एकदम सही हैं। ये फ्यूजन साड़ी, प्री-ड्रेप्ड साड़ी या फ्रिल वाली साड़ी के साथ बहुत अच्छे लगते हैं।

### फ्रिंज डिटेल ब्लाउज

फ्रिंज डिटेल्स आपके ब्लाउज में मूवमेंट और स्टाइल का तड़का लगाते हैं, जिससे यह एक मजेदार और जीवंत पार्टी लुक के लिए एक बेहतरीन विकल्प बन जाता है।



### हॉल्टर नेक ब्लाउज

हॉल्टर नेक ब्लाउज आधुनिक और स्टाइलिश होते हैं। ये आपके कंधों को उभारते हैं और एक आकर्षक, समकालीन लुक के लिए बेहतरीन हैं।

### ऑफ-शोल्डर ब्लाउज

ऑफ-शोल्डर ब्लाउज आजकल ट्रेंड में हैं और स्टाइलिश भी। ये आपकी साड़ी को एक युवा और आकर्षक लुक देते हैं और गर्मियों की पार्टियों के लिए एकदम सही हैं।

### कॉर्सेट ब्लाउज

कॉर्सेट ब्लाउज आपकी साड़ी को आकर्षक आकार देता है और उसे पुराने जमाने का आकर्षण प्रदान करता है।



# जर्मनी के शोधकर्ताओं का कमाल, 3500 साल पुराना रहस्य खुला; प्राचीन लिपि को एआई ने किया डिकोड

नई दिल्ली

जर्मनी के वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक एआई टूल का खुलासा किया है। ये कीलाकार लिपि में लिखी प्राचीन मिट्टी की गोलियों को पढ़ने के तरीके को बदल रहा है, जिससे अनातोलिया पर कभी प्रभुत्व रखने वाली हित्ती सभ्यता के अनगिनत भूले हुए रहस्यों को उजागर करने की संभावना है।

पैलियोग्राफिकम नाम का यह टूल परिष्कृत पैटर्न-पहचान प्रणाली के रूप में कार्य करता है, जो तीन हजार साल पहले मिट्टी पर उकेरे गए कीलनुमा अक्षरों में मौजूद व्यक्तिगत भिन्नताओं को स्वचालित रूप से पहचान लेता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह विकास क्रांति से कम नहीं है।

वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय में प्राचीन निकट पूर्वी अध्ययन विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डैनियल श्वमर ने कहा,पैलियोग्राफिकम हमारे काम को पूरी तरह से बदल रहा है। इससे हमें हजारों घंटों की बचत होती है। यह सॉफ्टवेयर 70,000 डिजिटाइज्ड तस्वीरों को खंगालता है, जिनमें 50 लाख से ज्यादा क्यूनिफॉर्म अक्षर मौजूद हैं और यह तुरंत ही एक जैसी या लगभग एक जैसी लिपि संरचनाओं का पता लगा लेता है।

जिस काम में पहले मिट्टी के पांच टुकड़ों की बारीकी से हाथ से तुलना करने में तीन दिन लगते थे, अब वह काम महज पांच मिनट में पूरा किया जा सकता है। हिटाइट सभ्यता लगभग 1600 ईसा पूर्व में आज के तुर्की वाले क्षेत्र में फली-फूली थी, अपने पीछे मिट्टी की पट्टियों पर उकेरा हुआ एक विशाल लिखित रिकॉर्ड छोड़



गई। हालांकि, सदियां गुजरने के साथ इनमें से ज्यादातर पट्टियां टूट-फूट गईं और उनके टुकड़े दुनिया भर के संग्रहालयों में बिखर गए। इससे पहले कि शोधकर्ता इन पूरे दस्तावेजों को पढ़ पाते, उन्हें इन टूटे हुए टुकड़ों को सही ढंग से फिर से जोड़ने की एक बहुत बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। एक ऐसी प्रक्रिया जिसमें कीलाक्षर लिपि के 375 अलग-अलग चिह्नों में से हर एक में मौजूद लिखने की विशिष्ट शैली को पहचानना जरूरी था।

आधुनिक हस्तलेखन के विपरीत कीलाकार लिपि में कुछ अनोखी चुनौतियां थीं। इन पट्टियों को लिखने वाले लगभग 400 लेखकों में से प्रत्येक की अपनी विशिष्ट शैलीगत विशेषताएं थीं। कुछ लेखक कलम को इतनी जोर से दबाते थे कि अक्षर अलंकृत हो जाते थे, जबकि अन्य विशिष्ट रिक्ति पैटर्न का उपयोग करते थे। इन पहचान चिह्नों को पहचानना खंडित ग्रंथों को जोड़ने की कुंजी बन गया।

यह तकनीक डॉर्टमुंड के टेक्निकल यूनिवर्सिटी के सहयोग से विकसित की गई थी, जो ष्ट्ह्यड्ड (कंप्यूटर-असिस्टेड क्यूनीफॉर्म एनालिसिस) नाम के डीएफजी-वित्तपोषित पांच वर्षीय प्रोजेक्ट पर आधारित थी।

शोधकर्ता अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लगातार री-ट्रेन कर रहे हैं, जिसमें वे वैश्विक हिटिटोलॉजी अनुसंधान समुदाय से मिले फीडबैक को शामिल कर रहे हैं।

भविष्य को देखते हुए टीम ने एक और भी ज्यादा महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। एआई को इस तरह से प्रशिक्षित करना कि वह अलग-अलग लेखकों की लिखावट की शैलियों को अपने-आप पहचान सके। अगर वे इसमें सफल हो जाते हैं तो विद्वान हित्ती लेखन संस्कृति का एक विस्तृत सामाजिक इतिहास तैयार कर सकेंगे, जिससे यह पता चल सकता है कि अलग-अलग लेखकों का काम उनके पेशेवर जीवन के दौरान किस तरह विकसित हुआ और क्या वे दबाव में या घर पर लिखते समय अलग तरह से लिखते थे।

# अमेरिकी हमले की आशंका के बीच अलर्ट मोड पर ईरान, बंद किया अपना एयरस्पेस

नई दिल्ली



अमेरिका द्वारा नए सिरे से सैन्य हमले किए जाने की बढ़ती आशंकाओं के बीच ईरान ने अपना एयरस्पेस पूरी तरह से बंद कर दिया है। इस बीच दोनों देशों के बीच चल रही शांति वार्ता पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है।सीबीएस न्यूज के अनुसार, इस योजना से सीधे तौर पर जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अमेरिका, ईरान पर सैन्य हमलों के एक नए दौर की योजना बना रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर अगले 24 घंटों के भीतर कोई बड़ी कूटनीतिक सफलता हाथ नहीं लगती है, तो राष्ट्रपति बड़े पैमाने पर नए ऑपरेशनों को मंजूरी देने का मन बना रहे हैं।

हालांकि, नए हमलों को लेकर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। प्रशासन द्वारा तेहरान के खिलाफ नए हमलों पर विचार करने के कारण अमेरिकी सेना और खुफिया एजेंसी के कई अधिकारियों ने अपनी मेमोरियल डे वीकेंड की छुट्टियां रद कर दी हैं।

यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब शनिवार को अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया, जिसके कारण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को न्यू जर्सी में अपना सप्ताहांत (वीकेंड) बिताने का कार्यक्रम रद कर तुरंत वाशिंगटन लौटना पड़ा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि ईरान के साथ कूटनीतिक तनाव के कारण वह संभवत: अपने बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर की शादी में शामिल नहीं हो पाएंगे। सरकार से जुड़ी परिस्थितियों का हवाला देते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्हें लगता है कि उनका वाशिंगटन में रहना ज्यादा जरूरी है।

उन्होंने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा कि हालांकि मैं अपने बेटे डॉन जूनियर और ट्रंप परिवार की नई सदस्य, उसकी होने वाली पत्नी बेटिना के साथ रहना चाहता था, लेकिन सरकारी परिस्थितियों और अमेरिका के प्रति मेरे प्रेम के कारण ऐसा करना संभव नहीं है।

ट्रंप ने आगे लिखा कि मुझे लगता है कि इस महत्वपूर्ण समय में मेरा वाशिंगटन डी.सी. में व्हाइट हाउस में रहना जरूरी है। डॉन और बेटिना को बधाई।

अप्रैल में ट्रंप द्वारा घोषित अस्थायी सीजफायर अमेरिका और ईरान के बीच काफी हद तक कायम है, हालांकि कई खाड़ी देशों में कुछ छिटपुट हमलों की खबरें सामने आई हैं। अप्रत्यक्ष माध्यमों से दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है, लेकिन इस बातचीत में सबसे बड़ी बाधा तेहरान का संवर्धित यूरेनियम बना हुआ है।

कई मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, व्हाइट हाउस का सख्त रुख है कि ईरान के पास न तो परमाणु हथियार हो सकते हैं और न ही वह अपना संवर्धित यूरेनियम अपने पास रख सकता है। दूसरी ओर, रिपोर्ट्स बताती हैं कि ईरानी प्रशासन इस बात पर अड़ा हुआ है कि उसका संवर्धित यूरेनियम किसी भी कीमत पर विदेश नहीं भेजा जा सकता है।

## चीन की कोयला खदान में विस्फोट, 90 लोगों की मौत; कई लापता

**नई दिल्ली।** शुक्रवार देर रात चीन त्तरी चीन के शांक्सी प्रांत स्थित लियुशेनयु कोयला खदान में भयानक गैस विस्फोट हुआ। इस दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 90 हो गई है, जबकि कई मजदूर अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। चीनी राष्ट्रपति शी चिनपिंग और प्रधानमंत्री ली कियांग ने बचाव कार्य में पूरी ताकत झोंकने और घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं। चीन की सरकारी मीडिया शिन्हुआ के अनुसार, यह गैस धमाका शुक्रवार देर रात किनयुआन काउंटी की लियुशेन्यु कोयला खदान में हुआ। हादसे के वक्त खदान के भीतर 247 मजदूर काम कर रहे थे। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अधिकारियों से घायलों के इलाज और खोज व बचाव अभियान चलाने में कोई कसर न छोड़ने का आह्वान किया है। साथ ही, उन्होंने दुर्घटना के कारणों की गहन जांच करने और कानून के अनुसार कड़ी जवाबदेही तय करने का भी आदेश दिया। वहीं, चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने भी इन निर्देशों का समर्थन करते हुए, समय पर और सटीक जानकारी जारी करने तथा कड़ी जवाबदेही सुनिश्चित करने की बात कही। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, खदान के लिए जिम्मेदार कंपनी के अधिकारियों को हिरासत में ले लिया गया है।

# पुलवामा हमले के मास्टरमाइंड बुरहान के जनाजे में शामिल हुए ढेरों खूंखार आतंकी,एके-47 के साए में सुपुर्द-ए-खाक

नई दिल्ली



पाकिस्तान एक बार फिर बेनकाब हुआ है। आतंकियों की फैक्ट्री में एक बार फिर से टॉप के मोस्ट वांटेड टेररिस्ट एक साथ देखे गए हैं। मौका था पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड हमजा बुरहान के जनाजे का।

इस जनाजे में हिजबुल मुजाहिदीन के सरगना सैयद सलाहुद्दीन और अल-बद्र के प्रमुख बख्त जमीन खान सहित पाकिस्तान में मौजूद कई वांछित आतंकवादी देखे गए। हमजा बुरहान को अर्जुमंद गुलजार डार के नाम से भी जाना जाता था और जिसका कोडनेम डॉक्टरथा। उसको पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (क्र्क्य) में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा गोली मारे जाने के एक दिन बाद इस्लामाबाद में दफनाया गया।सोशल मीडिया पर चल रहे वीडियो और स्थानीय रिपोर्टों के अनुसार, आतंकवादी गुर्गों के अलावा पाकिस्तान की आईएसआई से जुड़े अधिकारी भी जनाजे में मौजूद दिखे।

जनाजे के वीडियो में कथित तौर पर लोग भारी हथियारों से लैस नजर आए। इनके पास ग्च-47 राइफलें और अन्य आधुनिक हथियार थे। उस इलाके से सोशल मीडिया पर आए वीडियो से यह भी संकेत मिला कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े कई हथियारबंद गुर्गे भी इसमें शामिल थे।

बुरहान कथित तौर पर 2019 के पुलवामा आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड में से एक था, जिसमें फरवरी 2019 में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 40 से अधिक जवान शहीद हो गए थे। जम्मू और कश्मीर में कई आतंकी गतिविधियों में शामिल के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 2022 में उसे आतंकवादी घोषित कर दिया था।

अधिकारियों के अनुसार, उसने पाकिस्तान से अल-बद्र के ऑपरेशन के लिए कट्टरपंथ फैलाने, युवाओं की भर्ती करने और फंडिंग करने में अहम भूमिका निभाई थी। हाल के वर्षों में बुरहान क्र्क्य में एक शिक्षक के तौर पर काम करते हुए छिपकर रह रहा था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वह इस्लामाबाद से लगभग 135 किलोमीटर दूर मुजफ्फराबाद में एक प्राइवेट कॉलेज के प्रिंसिपल के तौर पर काम कर रहा था। स्थानीय पुलिस के अनुसार, गुरुवार सुबह जब बुरहान कॉलेज परिसर से बाहर निकला तो उस पर हमला किया गया।कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने बहुत करीब से उस पर गोलियां चलाईं, जिससे उसके सिर में कई गोलियां लगीं। इससे पहले मई 2025 में भी पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों, सिविल नौकरशाहों और बड़े आतंकी सरगनाओं ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मारे गए आतंकवादियों के जनाजों में हिस्सा लिया था।

## उप्र के 75 जिलों में चलेगी बाल श्रमिक विद्या योजना : योगी

लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रमिक राज्य की प्रगति की सबसे बड़ी शक्ति हैं। श्रमिकों को सम्मानजनक जीवन, शिक्षा और सुरक्षित कार्य वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है। श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा में शनिवार को मुख्यमंत्री ने कई निर्देश दिए। उन्होंने बाल श्रमिक विद्या योजना को नए प्रावधानों के साथ सभी 75 जिलों में लागू करने को कहा। अभी यह योजना 20 जिलों में चल रही है। योजना में 8 से 18 वर्ष के कामकाजी बच्चों को विद्यालयों से जोड़कर आर्थिक मदद दी जाती हैं। सेवामित्र व्यवस्था को और प्रभावी बनाने को कहा। सरकारी विभागों में भी इसके उपयोग से पारदर्शिता बढ़ेगी और स्थानीय रोजगार मिलेगा। पोर्टल पर अभी 54,747 कुशल कामगार पंजीकृत हैं। सभी औद्योगिक शहरों में आधुनिक श्रमिक सुविधा केंद्र विकसित होंगे। इन्हें केवल जुटान स्थल नहीं, बल्कि श्रमिक सहायता केंद्र बनाया जाएगा। दूसरे क्षेत्रों से आने वाले श्रमिकों के लिए सुरक्षित आवास की व्यवस्था भी होगी।यहां बढ़ई, बिजली मिस्त्री, नलसाज जैसे कामों का प्रशिक्षण मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2025-26 में 3,030 रोजगार मेलों से 3.74 लाख युवाओं को रोजगार मिला। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन से 27,555 युवाओं का चयन हुआ।

## ट्रंप ने ईरान के साथ चल रही शांति वार्ता को और समय देने का फ़ैसला किया

**वॉशिंगटन, (वार्ता)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ चल रही शांति वार्ता को और समय देने का फ़ैसला किया है।यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से दी है। उन्होंने बताया कि श्री ट्रंप ने कूटनीति को एक मौका देने के लिए, फिलहाल ईरान के खिलाफ हमले फिर से शुरू न करने का फ़ैसला किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि श्री ट्रंप ने शुक्रवार सुबह अमेरिका के शीर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक बैठक की, जिसमें ईरान को लेकर आगे के कदमों पर चर्चा हुई, लेकिन इस दौरान कोई औपचारिक फ़ैसला नहीं लिया गया।

# तेल कीमतों में बढ़ोतरी जनविरोधी कदम : तेजस्वी

पटना, (वार्ता)

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)सरकार पर निशाना साधते हुए इसे जनविरोधी और पूंजीपरस्त सरकार करार दिया है। श्री यादव ने आज बयान जारी कर कहा कि केंद्र सरकार ने एक बार फिर पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दाम बढ़ा दिए हैं।उन्होंने कहा कि पिछले 10 दिनों में तेल की कीमतों में लगभग पांच रुपये की वृद्धि हुई है, जिससे आम लोगों पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ा है।

श्री यादव ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतें वर्ष 2014 की तुलना में कम होने के बावजूद पेट्रोल और डीजल के दाम दोगुने हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता के हितों की अनदेखी कर निजी कंपनियों को लाभ पहुंचा रही है।

नेता प्रतिपक्ष श्री यादव ने कहा कि ईंधन कीमतों में लगातार वृद्धि से महंगाई बढ़ेगी, निजी क्षेत्र में रोजगार प्रभावित होंगे तथा छोटे उद्योग-धंधों पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। उन्होंने दावा किया कि आने वाले दिनों में बेरोजगारी और गरीबी की स्थिति और गंभीर हो सकती है।उन्होंने केंद्र सरकार पर रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों से ध्यान हटाने का आरोप लगाते हुए



कहा कि सरकार का ध्यान केवल हेडलाइन मैनेजमेंट और अन्य विवादित मुद्दों पर केंद्रित है।

श्री यादव ने कहा कि देश की राजग सरकर जिस ढर्रे पर चल रही है, उसे देखते हुए लगता है आने वाले दिनों में जनता को भयंकर महंगाई झेलनी पड़ेगी, प्राइवेट सेक्टर की नौकरियां जायेंगी और उद्योग धंधों के बंद होने से प्रवासी श्रमिक घर वापस लौटेंगे। उन्होंने कहा कि हालात बता रहे हैं कि लघु उद्योग-धंधों के कमजोर होने से गरीबी एवं बेरोजगारी बढ़ने के आसार हैं। राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि इस सरकार की मनता समाज में नफ़रत का कारोबार बढ़ने की है। उन्होंने कहा कि राजग के नेता काम पर ध्यान लगाने की जगह भाषणबाजी, रील्स और एंटरटेनमेंट में ज्यादा रुचि रखते हैं। उन्होंने कहा कि चुनी हुई सरकार का दायित्व है कि वह नौकरी, गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी, कृषि, गांव-किसान, शिक्षा-स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था इत्यादि पर गहन विचार विमर्श करे, लेकिन वास्तविकता कुछ और है और वर्तमान सरकार के नेता विकास पर ध्यान देने की जगह संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग, हेडलाइन मैनेजमेंट, हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद, गाय-गोबर और स्थलों के नाम बदलने में ज्यादा अभिरुचि दिखा रहे हैं।



# एक दिन बिक जायेगा के लिये राजकपूर ने मजरूह को दिये थे 1000 रूपये

महान शायर और गीतकार मजरूह सुल्तानपुरी को उनके रचित गीत 'एक दिन बिक जायेगा माटी के मोल' के लिए शोमैन राजकपूर ने 1000 रुपए दिए थे।




मजरूह सुल्तानपुरी का जन्म उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर शहर में एक अक्टूबर 1919 को हुआ था। उनके पिता पुलिस में एक उप निरीक्षक थे और वह मजरूह सुल्तानपुरी को ऊंची से ऊंची तालीम देना चाहते थे। मजरूह सुल्तानपुरी ने लखनऊ के तकमील उल तीब कॉलेज से यूनानी पद्धति की मेडिकल की परीक्षा उत्तीर्ण की और बाद मे वह हकीम के रूप में काम करने लगे।बचपन के दिनों से ही मजरूह सुल्तानपुरी को शेरो-शायरी करने का काफी शौक था और वह अक्सर सुल्तानपुर में हो रहे मुशायरों में हिस्सा लिया करते थे ,जिनसे उन्हें काफी नाम और शोहरत मिली। उन्होंने अपनी मेडिकल की प्रैक्टिस बीच में ही छोड़ दी और अपना ध्यान शेरो-शायरी की ओर लगाना शुरू कर दिया। इसी दौरान उनकी मुलाकात मशहूर शायर जिगर मुरादाबादी से हुयी। 1945 में सब्बो सिद्धकी इंस्टिच्यूट द्वारा संचालित एक मुशायरे में हिस्सा लेने मजरूह सुल्तान पुरी बम्बई आये। मुशायरे के कार्यक्रम में उनकी शायरी सुन मशहूर निर्माता ए. आर. कारदार काफी प्रभावित हुये और उन्होंने मजरूह सुल्तानपुरी से अपनी फिल्म के लिये गीत लिखने की पेशकश की। मजरूह ने कारदार साहब की इस पेशकश को ठुकरा दिया, क्योंकि फिल्मों के लिये गीत लिखना वह अच्छी बात नहीं समझते थे।

जिगर मुरादाबादी ने मजरूह सुल्तानपुरी को तब सलाह दी कि फिल्मों के लिये गीत लिखना कोई बुरी बात नहीं है। गीत लिखने से मिलने वाली धन राशि में से कुछ पैसे वह अपने परिवार के खर्च के लिये भेज सकते है। जिगर मुरादाबादी की सलाह पर मजरूह सुल्तानपुरी फिल्म में गीत लिखने के लिये राजी हो गये। संगीतकार नौशाद ने मजरूह सुल्तानपुरी को एक धुन सुनायी और उनसे उस धुन पर एक गीत लिखने को कहा।मजरूह सुल्तान पुरी ने उस धुन पर जब उनके गेसू बिखराये बादल आये झूम के गीत की रचना की। मजरूह के गीत लिखने के अंदाज से नौशाद काफी प्रभावित हुये और उन्होंने अपनी नयी फिल्म शाहजहां के लिये गीत लिखने की पेशकश की।

लगभग दो वर्ष तक जेल में रहने के बाद मजरूह सुल्तानपुरी ने एक बार फिर से नये जोशो खरोश के साथ काम करना शुरू कर दिया। वर्ष 1953 में प्रदर्शित फिल्म फुटपाथ और आर पार में अपने रचित गीतों की कामयाबी के बाद मजरूह सुल्तानपुरी फिल्म इंडस्ट्री मे पुन ‍अपनी खोई हुयी पहचान बनाने में सफल हो गये।मजरूह सुल्तान पुरी के महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुये वर्ष 1993 में उन्हें फिल्म जगत के सर्वोच्च सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से नवाजा गया। इसके अलावा वर्ष 1964 में प्रदर्शित फिल्म दोस्ती में अपने रचित गीत चाहूंगा मैं तुझे सांझ सवेरे के लिये उन्हें सर्वश्रेष्ठ गीतकार के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मजरूह सुल्तान पुरी ने चार दशक से भी ज्यादा लंबे सिने करियर में लगभग 300 फिल्मों के लिये लगभग 4000 गीतों की रचना की। अपने रचित गीतों से श्रोताओं को भावविभोर करने वाले महान शायर और गीतकार 24 मई 2000 को इस दुनिया को अलविदा कह गये।

## राजकुमार राव स्टारर रफ्तार 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

राजकुमार राव और कीर्ति सुरेश स्टारर रफ्तार, 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अमेज़न एमजीएम स्टूडियोज की ओरिजिनल और राजकुमार राव की बेहद प्रतीक्षित फिल्म रफ्तार 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में एक स्पेशल प्रीमियर के लिए पूरी तरह तैयार है, जो दशहरे के लंबे वीकेंड पर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगी।



आदित्य निंबालकर के निर्देशन में बनी और काम्पा फिल्म के बैनर तले पत्रलेखा द्वारा प्रोड्यूस की गई इस फिल्म के एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर तरुण बाली हैं। फिल्म की कहानी और स्क्रीनप्ले रोहन नरूला ने लिखा है, जबकि पीवीआर आइनॉक्स पिक्चर्स इस फिल्म की ऑफिशियल डिस्ट्रीब्यूटर है। यह फिल्म एक प्रोड्यूसर के तौर पर राजकुमार राव के बिजनेस सफर की शुरुआत भी है। राजकुमार राव और कीर्ति सुरेश की मुख्य भूमिकाओं वाली इस फिल्म में अनुराग ठाकुर, रोहन वर्मा, तान्या मानिकतला और रजत कपूर जैसे कई बेहतरीन कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। राजकुमार राव ने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, लोग कहते हैं कि सपना देखने और उसे बुनने में समय लगता है, लेकिन उसे जीने के लिए और भी ज्यादा मेहनत और लगन की जरूरत होती है!

# फिल्म पेड्डी में दिखेगा राम चरण का सबसे अलग रूप



फिल्म पेड्डी में दर्शकों को राम चरण का सबसे अलग रूप देखने को मिलेगा। अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्री के बड़े सितारे अब ऐसे किरदार निभा रहे हैं जो पूरी तरह अच्छे इंसान नहीं होते। कोई तस्कर होता है, कोई गैंगस्टर, कोई विद्रोही या हिंसक आदमी। उनकी पहचान अच्छाई से नहीं, बल्कि डर और दबदबे से बनती है। हीरो की छवि अब ज्यादा अंधेरी, ठंडी और आम लोगों से दूर हो गई है। गुस्सा तो होता है, लेकिन वह ज्यादातर निजी बदले, ताकत या सत्ता के लिए होता है।लेकिन पेड्डी इस रास्ते से बिल्कुल अलग जाती हुई दिखाई दे रही है। बुची बाबु की आने वाली फिल्म पेड्डी को देखकर ऐसा लगता है कि राम चरण कोई एंटी-हीरो नहीं निभा रहे हैं, बल्कि ऐसा हीरो निभा रहे हैं जिसे भारतीय व्यावसायिक सिनेमा धीरे-धीरे खोता जा रहा था ऐसा हीरो जिसका गुस्सा सिर्फ उसका अपना नहीं, बल्कि उसके आसपास के लोगों का भी गुस्सा हो।हाल ही में जारी किए गए ट्रेलर में पेड्डी को किसी अपराधी साम्राज्य खड़ा करने वाले इंसान या किसी अजेय मशीन की तरह नहीं दिखाया गया है। उसे गांव के लोगों की तकलीफों और गुस्से से निकला हुआ आदमी दिखाया गया है, जो अपनी मिट्टी और अपने इलाके की पहचान के लिए खड़ा है।फिल्म में दिखाए गए खेल केवल मनोरंजन जैसे नहीं लगते। क्रिकेट, कुश्ती और दौड़ यहां लड़ाई के मैदान जैसे महसूस होते हैं। ट्रेलर में भीड़ की प्रतिक्रियाएं ऐसी लगती हैं जैसे वर्षों से दबा हुआ गुस्सा फूटकर बाहर आ रहा हो। लोग जोर-जोर से चिल्लाते हैं, खिलाड़ी मिट्टी में गिरते हैं और पूरा माहौल बहुत निजी और वास्तविक महसूस होता है। राम चरण ने पहले भी कई तीव्र और दमदार किरदार निभाए हैं। मगधीरा, ध्रुवा और आरआरआर जैसी फिल्मों में उनके किरदार बड़े और भव्य थे। लेकिन पेड्डी अलग दिखाई देती है। यहां उनका हाव-भाव ज्यादा भारी, खुरदरा और जमीन से जुड़ा हुआ लगता है। वह किसी सुपरस्टार की तरह नहीं, बल्कि ऐसे आदमी की तरह दिखाई देते हैं जिसके अंदर वर्षों का गुस्सा भरा हुआ है। यह बात सीधे निर्देशक बुच्ची बाबू सना की सोच से जुड़ती है। उनकी फिल्म सामाजिक ऊंच-नीच पर आधारित थी। अब पेड्डी में वह इन्हीं बातों को और बड़े स्तर पर दिखाते हुए नजर आ रहे हैं, जहां खेल, पुरुषत्व, समुदाय, गांव की राजनीति और पहचान सब एक साथ जुड़े हुए हैं। फिल्म से जुड़ी खबरों के अनुसार इसकी कहानी एक दिहाड़ी मजदूर की जिंदगी से प्रेरित है, जिससे यह कहानी कल्पनात्मक हीरोवाद की बजाय मेहनतकश लोगों की सच्चाई से जुड़ी हुई लगती है। आज की कई मसाला फिल्मों में हीरो आम लोगों से ऊपर दिखाई देते हैं।

# सबसे दूर सबसे पहले जनभागीदारी अभियान अंतर्गत ग्राम माल्हनवाड़ा में जनसुनवाई सम्पन्न

### शासन की योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए आयोजित किया गया शिविर



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले की जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत माल्हनवाड़ा (इकलोनी) के गोंडवाना भवन में सबसे दूर सबसे पहले जनभागीदारी अभियान अंतर्गत जनसुनवाई एवं लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर ने ग्रामवासियों की समस्याएं सुनकर उनका तत्काल समाधान किया और जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया उनका समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती जी का पूजन-अर्चना कर किया गया। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने बच्चों को निःशुल्क साईकिलें और पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्रीमती कलावती व्यारे, जिला अधिकारी व विकासखंड स्तरीय अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामवासी मौजूद थे। जिला स्तर के सभी अधिकारी एक ही वाहन से एक साथ शिविर में पहुंचे। इस शिविर का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत पात्र नागरिकों तक पहुंचाना था। शिविर में आधार कैम्प के माध्यम से ग्रामवासियों एवं बच्चों के आधार कार्ड बनाए गए और आधार कार्ड में आवश्यक सुधार किए गए। इस दौरान संबंधित अधिकारियों ने जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, उज्जवला योजना 3.0 के तहत गैस कनेक्शन, पोषण आहार वितरण, मातृ वंदना योजना, विभिन्न पेंशन योजनाओं, मनरेगा जॉब कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पशु केसीसी, किसान सम्मान निधि, संबल योजना के तहत पंजीयन, अनुग्रह सहायता व अंत्येष्टी सहायता राशि, पीएम सुरक्षा बीमा योजना आदि विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामवासियों को दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प आयोजित कर कुपोषण की जांच की गई। साथ ही ग्रामवासियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवा वितरित की गई। क्षय रोग के तहत 70 नागरिकों की स्क्रिनिंग कर 40 के सैम्पल लिए ग शिविर में बताया गया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत मानेगांव की मेमवती गोंड़ व निशा ठाकुर को 6 हजार रुपये की राशि उनके बैंक खाते में पहुंचाई गई।

## प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजनांतर्गत चीचली में पंजीयन शिविर सम्पन्न

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत चीचली में शुक्रवार को पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 18 से 40 वर्ष तक असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के पंजीयन किए गए। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित एक सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना है। इस योजना के अंतर्गत श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्रतिमाह 3 हजार रुपये की न्यूनतम पेंशन प्रदान की जाती है। योजना में श्रमिक द्वारा निर्धारित मासिक अंशदान जमा किया जाता है तथा केंद्र सरकार द्वारा भी समान राशि का योगदान किया जाता है।

## संघर्ष को कांग्रेस ने दिया सम्मान, अतुल बने मुख्य संगठक



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल के मुख्य संगठक लालजी देसाई ने प्रदेश मुख्य संगठक अवनीश भार्गव,जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल, जिला संगठन मंत्री दीवान शैलेंद्र सिंह, पूर्व ऊर्जा मंत्री एन पी प्रजापति, पूर्व विधायक संजय शर्मा , सुनील जयसवाल ,पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी, नरेंद्र राजपूत , पूर्व नपा अध्यक्ष करेली राजेंद्र रघुवंशी की सहमति से मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव और क्षेत्र के सक्रिय युवा नेता अतुल चौरसिया को भारतीय कांग्रेस सेवादल ने नरसिंहपुर जिले का सेवादल में प्रमुख संगठक नियुक्त किया है। अतुल लंबे समय से कांग्रेस संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं देते चले आ रहे हैं। अतुल चौरसिया का राजनीतिक सफर काफी प्रभावशाली रहा है। वे वर्तमान में और पूर्व में संगठन के कई अहम दायित्वों को संभाल चुके हैं। अतुल युवा कांग्रेस मध्य प्रदेश के प्रदेश सचिव, युवा कांग्रेस सागर एवं सिवनी के जिला प्रभारी, युवा कांग्रेस छिंदवाड़ा के विधानसभा प्रभारी, युवा कांग्रेस नर्मदापुरम लोकसभा महासचिव, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस नगर अध्यक्ष, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष के साथ-साथ वे सामाजिक रूप से भी काफी सक्रिय हैं और वर्तमान में युवा चौरसिया समाज मध्य प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में सामाजिक सेवा कर रहे हैं। अतुल समाज के सभी वर्गों की आवाज़ को प्रमुखता से उठाते चले आ रहे है और उनके अधिकारों की रक्षा व हितों के लिए लगातार संघर्ष व आंदोलन करते चले आ रहे हैं। श्री चौरसिया की नियुक्ति पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में पदाधिकारियो ने खुशी जाहिर करते हुए अपेक्षा की है कि अतुल चौरसिया सेवादल को मजबूत करेंगे।

## कलेक्टर ने जनगणना 2027 में एचएलबी पूर्ण करने पर किया सम्मानित

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में सर्वप्रथम शत-प्रतिशत हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग का कार्य पूर्ण करने पर तहसीलदार साईंखेड़ा श्री अतुल श्रीवास्तव और तहसीलदार करेली श्री पारसनाथ मिश्रा को सम्मानित किया गया। उन्होंने शाल एवं श्रीफल देकर उनको सम्मानित किया गया।

# 108 हनुमान चालीसा पाठ सहित गायकों वादकों का सम्मान समारोह आयोजित

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर नरसिंहपुर स्थापना के 26 बर्ष पूर्ण होने पर विगत दिवस मंदिर परिसर में बार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।अतिथि व आयोजन समिति की ओर से पंडित रुद्रेश तिवारी सुनील कोठारी कुंवर मुंशी साहित्यकार अशोक त्रिपाठी गिरीश पटेल मनोज बाजपेई संजय तिवारी एन पी साहू बी डी रूसिया लक्ष्मीकांत सरावगी सहित यजमान महेश साहू व अनेक गणमान्य जनों ने हनुमान जी महाराज का पूजन अर्चन वंदन किया।पं.मनीष गिरदोनिया ने चोला चढ़वाया। तत्पश्चात वाद्य यंत्र व साजो संगीत के साथ गायकों वादकों और श्रृद्धालुओं द्वारा 108 हनुमान चालीसा का सुमधुर पाठ किया गया। उक्त अवसर पर अतिथि व आयोजन समिति द्वारा गायकों वादकों का सम्मान किया गया। सम्मान के इस क्रम में दिनेश विश्वकर्मा हुकुम विश्वकर्मा दयाराम दुबे एस पी तिवारी महेश कुशवाहा प्रदीप साहू छोटू सोनी प्रफुल्ल सोनकिया प्रयागराज ललमन खोबी



लाल महोबिया विष्णु कश्यप ए पी उपाध्याय सुंदर लाल विश्वकर्मा अनुभव कौरव माधव सेन्द्रे भोजराज नमन मुकेश पटेल राज रैकवार दीप कश्यप सौरभ तिवारी प्रवेश सोनी युगान्तर तिवारी मुरारी मास्टर रीतेश चौरसिया ईश्वर दास संतोष कहार वरुण महोबिया पवन कुमार प्रवीण सराठे कुंजी लाल सेन का वस्त्र माला श्रीफल देकर स्वागत सम्मान किया गया।मंदिर समिति की ओर से नारायण प्रसाद साहू ने अवगत कराया कि हनुमान जी महाराज का यह प्रसिद्ध स्थल है जहां भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।स्थापना दिवस से ही प्रत्येक मंगलवार को चोला वंदन एवं 11 श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन नियमित रूप से होता है।

कार्यक्रम में महेश नेमा जे पी श्रीवास्तव दिनेश श्रीवास्तव अशोक नेमा रामचरण कश्यप बी डी रूसिया चौहान साहब सुभाष साहू एड अजय साहू विष्णु पहलवान ओमप्रकाश पंड्या गंगा राम साहू भागवती राय बबलू नेमा सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

# पीएम श्री बीटीआई स्कूल गाडरवारा के छात्रों की ऑन जॉब ट्रेनिंग संपन्न

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।**

नगर के प्रतिष्ठित शासकीय विद्यालय *पी एम श्री शास. बालक उ.मा.वि. (बी टी आई) में संचालित *नवीन व्यावसायिक शिक्षा* के अंतर्गत एग्जिट लेवल के छात्रों की *ऑन जॉब ट्रेनिंग* सफलतापूर्वक संपन्न हुई ।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम, लोक शिक्षण संचालनालय के आदेशानुसार प्रतिवर्ष आयोजित होता है। जिसकी मूल अवधारणा यह है कि एग्जिट लेवल के व्यावसायिक शिक्षा के छात्रों को अपनी ट्रेड से संबंधित इंडस्ट्री या संस्थान में वास्तविक कार्यस्थल वातावरण में कार्य करते हुए, अपने कौशल को विकसित करने और व्यावसायिक व्यवहार को जानने उसकी समस्याओं को समझने और हल करने का अवसर प्राप्त हो सके ।बी टी आई विद्यालय के छात्रों को इस बार नगर के सारा कंप्यूटर एजुकेशन* में अपनी इस ऑन जॉब ट्रेनिंग को पूर्ण करने का



अवसर प्राप्त हुआ, जहां उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और उसकी उपयोगिता* विषय पर प्रशिक्षण लिया और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के विभिन्न ऐप्स पर काम करना सीखा। जिनमें मुख्य तौर पर चैट जीपीटी, जेमीनाई, कैनवा ग्राफिकल डिजाइनिंग आदि टूल्स का प्रोफेशनल उपयोग करना सीखा ।इस संपूर्ण प्रशिक्षण में प्रशिक्षण स्थल से लेकर, कंप्यूटर लैब एवं अन्य समस्त प्रकार के संसाधनों की पूर्णतः निःशुल्क उपलब्धता को सारा कंप्यूटर एजुकेशन के संचालक कमल साहू ने सुनिश्चित किया और छात्रों को एक सुविधापूर्ण व्यवस्था प्राप्त हो सके इसका भरपूर ध्यान रखा । विदित हो कि 1 मई से निरंतर आयोजित होने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटेल के मार्गदर्शन में,व्यावसायिक प्रशिक्षक विनोद कुमार तिवारी एवं अंशुमान दुबे जी के नेतृत्व में हुआ। इस कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बी टी आई विद्यालय और सारा कंप्यूटर एजुकेशन के संयुक्त तत्वाधान में समस्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही ऑन जॉब ट्रेनिंग के दौरान श्रेष्ठतम और उल्लेखनीय कार्य करने वाले छात्रों को चयनित कर उन्हें पुरस्कार व स्मृति पदक भी प्रदान किए गए। समापन कार्यक्रम में जहां एक ओर बी टी आई विद्यालय की यशस्वी प्राचार्या श्रीमती पटेल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की तो वहीं श्री साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का गौरव बढ़ाया। उन्होंने अपने वक्तव्य से छात्रों का मार्गदर्शन किया और पुरस्कार वितरित किए।

प्राचार्य श्रीमती पटेल ने भी अपनी उपस्थिति और प्रेरणादाई शब्दों से छात्रों का प्रोत्साहन किया। उन्होंने इस ऑन जॉब ट्रेनिंग कार्यक्रम में समस्त संसाधनो की निःशुल्क उपलब्धता और सुचारू व्यवस्था और सुविधाएं प्रदान करने के लिए सेंटर के प्रति आभार जताया ।

## ग्राम स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता दिवस के तहत गर्भवती माताओं व बच्चों का किया गया टीकाकरण

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।**

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिले में ग्राम स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता दिवस के अंतर्गत व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। जिले में टीकाकरण कार्यक्रम के तहत कुल 109 टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें 99 गर्भवती माताओं एवं बच्चों को एंटीजनवार कुल 492 टीकाकरण किए गए। कार्यक्रम की मॉनिटरिंग यू-विन पोर्टल के माध्यम से की गई, जिसमें जिले की प्रगति राज्य स्तर पर शत-प्रतिशत दर्ज की गई। वीएचएनडी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाला एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य एवं पोषण कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरियों एवं बच्चों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना एवं समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

जनसामान्य को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से विकासखंड नरसिंहपुर अंतर्गत डीएचओ/सीबीएमओ डॉ. जी.पी. भनारिया द्वारा ग्राम पंचायत कोदरास कला में धरती आभा अभियान के अंतर्गत जन-सुनवाई का आयोजन किया गया। साथ ही ग्राम बुढ़ेना स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र कोदरास कला में आयोजित वीएचएनडी शिविर के दौरान एक हाई रिस्क गर्भवती महिला, जिसका रक्तचाप 170/90 पाया गया, को तत्काल लोबेटोलॉल 100 एमजी दवा देकर 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर रेफर किया गया। वर्तमान में महिला का उपचार जारी है एवं वह खतरे से बाहर है। इसी क्रम में विकासखंड गोटेगांव अंतर्गत सीबीएमओ डॉ. एस.एस. धुर्वे द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र इमलिया का निरीक्षण किया गया।

## जीएसको कंपनी का कार्य अवैध रूप से रोककर हड़ताल कर बाधित करने पर कंपनी ने मोरवा थाने मे नामजद की शिकायत

**सिंगरौली।** जिले के एनसीएल दूधिचूआ परियोजना मे ओबी का कार्य कर रही जीएसको कंपनी का कार्य बीना सूचना दिये गुंडई से रोककर बाधित कर दिये जिससे कंपनी का घंटो प्रोडक्शन बाधित रहा जिससे कंपनी को लाखो रूपये का नुकसान हुआ है और शासन का भी कोयला प्रोडक्शन का नुकसान हुआ है। ज्ञातव्य हो की जीएसको कंपनी का कार्य अब सिर्फ पाँच महीने का बचा है लेकिन दिनाँक -22-05-2026 को अचानक अरविन्द शाह, पुष्पेन्द्र शाह,राजेन्द्र शाह आकर खदान मे घुसकर कंपनी का कार्य बाधित कर नौकरी की माँग करने लगे जबकि कंपनी का कार्य अंतिम स्वरूप पर है और इनकी जमीन भी कटिंग एरिया मे नहीं है फिर जबरदस्ती गुंडागर्दी के दम पर कंपनी का कार्य प्रभावित कर नौकरी की माँग करने लगे जिससे काफी क्षति कंपनी को हुई है जिसकी शिकायत मोरवा थाने मे की गई है। कंपनी प्रबंधन का कहना है कि जल्द से जल्द इन सरहँग किस्म के लोगो पर कार्यवाही नहीं हुई तो इनका मनोबल बढेगा और आये दिन कंपनी का कार्य रोकेंगे ।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण वर्ष 2026 के तहत विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया गया निरीक्षण



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण वर्ष 2026 के तहत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा (सेवानिवृत्त) श्री पी.के. वर्मा को जिले के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्री वर्मा ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न नगरीय निकायों एवं पंचायत क्षेत्रों का दौरा कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का निरीक्षण किया।

उन्होंने नगरीय निकाय गाडरवारा, सालीचौका, चीचली एवं सांईखेड़ा के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर वहां चल रही निर्वाचक नामावली संबंधी कार्यवाही का जायजा लिया। प्रेक्षक श्री पी.के. वर्मा ने अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रावास गाडरवारा, नगर परिषद सांईखेड़ा, नगर परिषद सालीचौका स्थित शासकीय बालक प्राथमिक शाला, बाबई कला के बूथ क्रमांक 6 एवं 7 सहित अन्य मतदान केन्द्रों का अवलोकन किया।

इसके अतिरिक्त पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्षिक पुनरीक्षण 2026 के तहत शासकीय हाई स्कूल देतपोन, शासकीय प्राथमिक शाला बम्होरीखुर्द एवं शासकीय बालक शाला सहावन सहित विभिन्न बूथों का भी निरीक्षण किया गया। प्रेक्षक श्री वर्मा ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम गाडरवारा श्रीमती कलावती व्यारे, तहसीलदार, बीएलओ, संबंधित नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए एनटीपीसी विंध्याचल में 15 दिवसीय थिएटर वर्कशॉप का भव्य समापन

**सिंगरौली।**

एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के उमंग भवन में दिनांक 22.05.2026 को 15 दिवसीय थिएटर वर्कशॉप का भव्य समापन किया गया। राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार, साहित्यिक अभिरुचि जागृत करने एवं ग्रीष्मकालीन अवकाश का रचनात्मक सदुपयोग करने के उद्देश्य से यह कार्यशाला विंध्य क्लब में दिनांक 08.05.2026 से 22.05.2026 तक संचालित की गई। प्रशिक्षण का संचालन शैडो ग्रुप, भोपाल की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। इस वर्कशॉप में परियोजना के कर्मचारियों, महिला गृहणियों एवं बच्चों को अभिनय, वाद-संवाद, नृत्य तथा हिंदी साहित्य की गहन समझ विकसित करने हेतु प्रशिक्षित किया गया। मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने राजभाषा हिंदी की



सहजता, अभिव्यक्ति क्षमता एवं सांस्कृतिक समृद्धि को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री संजीव कुमार साहा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री ए जे राजकुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधिगण, सुहासिनी संघ की पदाधिकारीगण, मानव संसाधन विभाग के अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में कर्मचारी सहभागी जन सपरिवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा पंचतंत्र की लोकप्रिय कहानी 'मगरमच्छ एवं बंदर' का नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया गया। स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता हेतु 'गणपति बप्पा मोरिया' विषय पर भी प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति दी गई। महिला प्रतिभागियों द्वारा संस्कृत नाटक 'कर्णभारम्' का हिंदी में भावपूर्ण मंचन किया गया तथा प्रख्यात कवि अरुण कमल द्वारा रचित कविता 'ग्रहण' पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने राजभाषा की संवेदनशीलता को उजागर किया। कर्मचारियों की ओर से 'राजा और राज्य' विषय पर विशेष नाट्य रूपांतरण प्रस्तुत किया गया, जिसने शासन, कर्तव्य एवं नैतिकता का संदेश राजभाषा हिंदी के माध्यम से दिया। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों द्वारा कई मनमोहक समूह नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि श्री संजीव कुमार साहा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों में रचनात्मकता के साथ-साथ राजभाषा हिंदी के प्रयोग को भी बढ़ावा देती हैं। उन्होंने प्रशिक्षण टीम एवं प्रतिभागियों को बधाई दी। यह कार्यशाला राजभाषा हिंदी को दैनिक जीवन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुई। कार्यशाला ने प्रतिभागियों में आत्मविश्वास, सृजनात्मकता एवं राजभाषा के प्रति अनुराग को नई दिशा दी।

# बाजार में बढ़ती अनियमितताओं एवं उपभोक्ताओं के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार: डॉ. राजेंद्र सिंह

**भाजपा राज में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ सूचना का अधिकार जैसे प्रभावी माध्यम से कांग्रेस उपभोक्ताओं के हित में जमीनी संघर्ष कर न्याय दिलायेगी**

### उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस का उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ गांव-गांव चलायेगा जनजागरण अभियान



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मप्र विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष, विधायक डॉ. राजेन्द्र सिंह के मुख्य आतिथ्य में प्रदेश कांग्रेस उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ल की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आहूत की गई। मप्र कांग्रेस के महामंत्री समस्त विभागों एवं प्रकोष्ठों के प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान, पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा विशेष रूप से बैठक में उपस्थित रहे। डॉ. राजेन्द्र सिंह ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि वर्तमान समय में आम उपभोक्ता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहा है, आम नागरिक अधिकारों के अभाव में अपने हक की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ नहीं लड़ पातें, इसलिए उपभोक्ताओं को संरक्षण मिलना और उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी होना आज पहली प्राथमिकता बन गया है। बाजार में बढ़ती अनियमितताओं एवं उपभोक्ताओं के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ जागरूकता ही उपभोक्ताओं का सबसे बड़ा हथियार है और इसका उपयोग सभी उपभोक्ताओं को पूरे साहस के साथ करना चाहिए। क्योंकि ठेकेदार और कुछ प्रभावी लोग बरगलाकर अपरोक्ष रूप से उपभोक्ताओं को ठगी का शिकार बना रहे हैं। आवश्यकता पड़ने पर हमें मजबूती से अपनी लड़ाई लड़ना हैं। कांग्रेस का उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ शुक्ल के नेतृत्व में उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने के लिए प्रभावी कार्य कर रहा है और हम सभी को कंधे से कंधा मिलाकर इस लड़ाई में साथ चलने की आवश्यकता है। मप्र कांग्रेस के महामंत्री और समस्त विभागों और प्रकोष्ठों के प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान ने बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि आज भी अधिकांश लोगों को उपभोक्ता अधिकारों की पर्याप्त जानकारी नहीं है, इसलिए जागरूकता अभियान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और उनके अधिकारों के लिए गांव-गांव तक ब्लाक स्तर तक उपभोक्ता हेल्पलाइन अभियान, नुक्कड़ सभाओं, सोशल मीडिया एवं जनसंपर्क के माध्यम से जनजागरण अभियान चलाकर आम नागरिकों एवं उपभोक्ताओं को जागरूक करने की दिशा में कार्य करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन में सक्रिय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्मान दिलाया जायेगा। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ सूचना का अधिकार जैसे प्रभावी माध्यमों के उपयोग पर भी जोर दिया। प्रदेश कांग्रेस उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर शुक्ला ने कहा कि उपभोक्ता हेल्पलाइन और नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर उपभोक्ताओं के हक और अधिकारों को उन तक पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। जल्द ही प्रदेशभर में प्रशिक्षण शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर मजबूत होकर आम जनता और उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में प्रभावी भूमिका निभा सकें। बैठक में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी एवं गुणवत्ता संबंधी विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया। बैठक के अंत में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि कांग्रेस पार्टी के माध्यम से उपभोक्ताओं को जागरूक कर उनके अधिकारों की रक्षा हेतु व्यापक अभियान चलाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने के लिए हम उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहकर कार्य करेंगे। बैठक में कांग्रेस उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी सै. साहिद हुसैन, संदीप सूरी, अर्जुन सोनी, राजकुमार सर्राफ, राम जी शर्मा, पंकज कुमार पाठक, रमाशंकर शुक्ल, अमित सिंह, अशोक सोनी, विकास जोशी सहित बड़ी संख्या में प्रदेश भर से आये प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष उपस्थित रहे।



# उर्स के दौरान मिल रही सुगम यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** अभिनय विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक कटनी के निर्देशन तथा डॉ. संतोष डेहरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नेहा विश्वकर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक कटनी के मार्गदर्शन में नगर निगम कटनी के समीप स्थित दरगाह शरीफ में आयोजित होने वाले सैय्यद बाबा उर्स के शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफल आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए यातायात थाना प्रभारी अनूप सिंह एवं कोतवाली थाना प्रभारी राखी पाण्डेय द्वारा उर्स आयोजन कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर समन्वय विचार विमर्श किया। कार्यक्रम के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा यातायात संचालन को सुगम बनाए रखने संबंधी आवश्यक बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। आयोजन कमेटी को निर्देशित किया गया कि निर्धारित पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवकों (वॉलेंटियर्स) की तैनाती सुनिश्चित करें, जिससे श्रद्धालुओं एवं वाहन चालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। श्रद्धालुओं एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शाम 18 (6 बजे) बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक मिशन चौक से मुख्य रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले मार्ग पर आंशिक यातायात डायवर्सन लागू किया गया है, जो निम्नानुसार रहेगा। वैकल्पिक मार्ग (मिशन चौक से मुख्य रेलवे स्टेशन हेतु)- मिशन चौक से मुख्य रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन अब सीधे मार्ग से न जाकर, मिशन चौक, मुड़वारा स्टेशन, थाना तिराहा, सुभाष चौक मार्ग होते हुए मुख्य रेलवे स्टेशन की ओर जा सकेंगे। एक तरफा मार्ग- थाना तिराहा से मिशन चौक की ओर जाने वाला मार्ग पूर्णतः वन-वे रहेगा। इस मार्ग पर वाहन केवल थाना तिराहा से मिशन चौक की ओर ही संचालित हो सकेंगे। विपरीत दिशा में आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

समस्त नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं वाहन चालकों से अनुरोध है कि उर्स आयोजन के दौरान निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें, यातायात नियमों का पालन करें तथा पुलिस एवं प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान करें, ताकि सभी श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित वातावरण में कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकें।

**फोटो : विकास गुप्ता**

# कटनी नदी के सीमांकन के आदेश से भूमाफियाओं में हड़कंप

### ग्रीन बेल्ट में कब्जा करने वाले परेशान, दो दल एक सप्ताह में देंगे सीमांकन रिपोर्ट

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी नदी के सीमांकन कराने के कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश के पर सीमांकन के लिए दो विशेष राजस्व दलों का गठन किया गया है। ये आदेश जारी होते ही ग्रीन बेल्ट में कब्जा करने वालों में हड़कंप मच गया है। ऐसे भू माफिया अभी से परेशान नजर आ रहे हैं क्योंकि प्रशासन का रुख सख्त रहा तो इन पर कार्यवाही तय है। एक उद्योगपति तो लगातार ग्रीन बेल्ट में निर्माण को लेकर निशाने पर हैं। जानकारी के मुताबिक गठित किए गए दल नगर निगम के सहयोग से मौके पर पहुंचकर नदी की वास्तविक सीमाओं का निर्धारण करेंगे तथा सीमा चिन्ह स्थापित कराएंगे। जारी आदेश के अनुसार सीमांकन कार्य को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए दो अलग- अलग टीमों का गठन किया गया है। दल क्रमांक-1 की जिम्मेदारी राजस्व निरीक्षक विभा गर्ग को दी गई है, जिनके साथ पटवारी अमित कनकने, धर्मेन्द्र ताम्रकार, दादूराम पटेल, सुभाष गर्ग एवं राजेश दुबे दल में शामिल हैं। वहीं दल



क्रमांक-2 का प्रभारी राजस्व निरीक्षक ब्रजबिहारी दुबे को बनाया गया है। इस दल में पटवारी तुलाराम वर्मा, विनीत सिंह बघेल, संदीप गर्ग, नितेश पाण्डेय एवं विवेक बहरे को शामिल किया गया है। दोनों दल सीमांकन की कार्यवाही पूर्ण कर निर्धारित प्रारूप में सीमांकन प्रतिवेदन, पंचनामा, फील्डबुक एवं नक्शा ट्रेस तहसीलदार कटनी नगर के माध्यम से एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करेंगे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सीमांकन रिपोर्ट के बाद यदि नदी क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण पाया जाता है, तो संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया जाएगा।

# कमिश्नर ने फिर खोली लाल पहाड़ी की फाइल

### करोड़ों की सरकारी जमीन पर कब्जे की जांच शुरू

### फर्जी एनओसी और हाईकोर्ट आदेशों के दुरुपयोग के आरोपों में कितनी सच्चाई ?



कटनी (स्वतंत्रमत)। बरगवां क्षेत्र की लाल पहाड़ी एक बार फिर चर्चाओं में है। करोड़ों की इस जमीन पर कथित कब्जे को लेकर जांच शुरू कर दी गई है। नगर निगम कमिश्नर तपस्या परिहार ने एक बार फिर लाल पहाड़ी की फाइल खोल दी है। आरोप लगते रहे है कि पिछले कई वर्षों से भू-माफियाओं और कुछ विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से करोड़ों रुपये की सरकारी जमीन को खुर्द-बुर्द किया जा रहा था। मामले में फर्जी एनओसी जारी करने और हाईकोर्ट के आदेशों का गलत उपयोग कर प्रशासन को गुमराह करने जैसी गंभीर शिकायतें सामने आई हैं। मामले की शिकायत प्रशासन तक पहुंचने के बाद नगर निगम कमिश्नर तपस्या परिहार ने सख्त रुख अपनाते हुए पूरे प्रकरण की जांच शुरू करा दी है।

शुक्रवार 23 मई से इस कथित जमीन घोटाले की औपचारिक जांच प्रारंभ कर दी गई है। प्रशासनिक हलकों में इसे शहर के बड़े भू-घोटालों में से एक माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर और नगर निगम आयुक्त को दस्तावेजों सहित शिकायत सौंपकर आरोप लगाया कि सरकारी भूमि को निजी बताकर ऊंचे दामों में बेचा गया। शिकायत में फर्जी तरीके से जारी की गई एनओसी को तत्काल निरस्त करने तथा इसमें शामिल अधिकारियों, कर्मचारियों और भू-माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।

#### जांच में इन बिंदुओं पर फोकस

करोड़ों रुपये मूल्य की भूमि के लिए बिना वैधानिक दस्तावेजों के एनओसी कैसे जारी हुई। किन अधिकारियों और कर्मचारियों की अनुमति या हस्ताक्षर से फाइलें आगे बढ़ाई गईं। हाईकोर्ट के आदेशों का गलत हवाला देकर प्रशासन को भ्रमित करने का प्रयास किया गया या नहीं। फाइलों को दबाने और नियमों को नजरअंदाज कर भू-माफियाओं को लाभ पहुंचाने में किसकी भूमिका रही। नगर निगम कमिश्नर तपस्या परिहार के सख्त तेवरों के बाद माना जा रहा है कि जांच की आंच कई रसूखदार लोगों तक पहुंच सकती है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद फर्जी एनओसी निरस्त की जाएगी और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

# विजयराघवगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं की सघन निगरानी

### मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने अभियान, एएनसी पंजीयन व टीकाकरण की हुई जांच

कटनी (स्वतंत्रमत)। जिले में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी तेज कर दी गई है। इसी क्रम में विकासखंड विजयराघवगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त टीम ने व्यापक निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रतिभा पांडे के नेतृत्व में टीम ने ग्राम अमेहटा क्रमांक-1 एवं 3, सलैया डगर तथा हरदुआ खुर्द का भ्रमण किया। टीम के साथ मेडिकल ऑफिसर डॉ. डेनियल और परियोजना अधिकारी संतोष अग्रवाल भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने ग्राम स्तर पर आयोजित पोषण एवं स्वास्थ्य



दिवस की गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन, समय पर टीकाकरण, हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाएं तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की स्थिति की जांच की गई। इसके साथ ही कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और उनके पोषण सुधार से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के पंजीयन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने फील्ड निरीक्षण के दौरान जहां भी कमियां पाई गईं, वहां तत्काल सुधार के निर्देश दिए। प्रशासन का कहना है कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाना तथा हर गर्भवती महिला तक समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इस तरह के निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# एक थाने में पांच साल से ज्यादा नहीं रहेंगे पुलिसकर्मी

### पुलिस मुख्यालय ने जारी किए नए निर्देश, 1 से 5 जून तक होंगे तबादले

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस थानों में लंबे समय से जमे अधिकारी-कर्मचारियों को हटाने के लिए पुलिस मुख्यालय ने बड़ा फैसला लिया है। मध्यप्रदेश पुलिस ने सभी पुलिस आयुक्तों और जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी कर कहा है कि किसी भी पुलिसकर्मी की एक ही थाने में पदस्थापना सामान्यतः चार वर्ष और अधिकतम पांच वर्ष से अधिक नहीं रहेगी। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि थानों में पारदर्शी, प्रभावी और जनोन्मुखी पुलिस व्यवस्था बनाए रखने के लिए समय-समय पर अधिकारियों और कर्मचारियों का स्थानांतरण जरूरी है। मुख्यालय के अनुसार वर्ष 2025 में लंबे समय से एक ही थाने में पदस्थ कर्मचारियों के तबादलों का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला था। आदेश के मुताबिक किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को तय अवधि पूरी होने के बाद उसी थाने में दोबारा उसी पद पर पदस्थ नहीं किया जाएगा। वहीं अलग-अलग पदों पर पुनः पदस्थापना के लिए कम से कम तीन वर्ष का अंतराल अनिवार्य रहेगा। पुलिस मुख्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि आरक्षक से लेकर उप निरीक्षक स्तर तक किसी कर्मचारी की एक ही अनुविभाग में कुल पदस्थापना अवधि 10 वर्ष से अधिक नहीं होगी। इसमें अटैचमेंट की अवधि भी शामिल की जाएगी। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे थानों में पदस्थ आरक्षक से उप निरीक्षक तक के कर्मचारियों के सेवाकाल का तत्काल परीक्षण करें और 1 जून से 5 जून 2026 के बीच स्थानांतरण आदेश जारी करें।

# किसान के बैंक खाते में ठग ने लगाई सेंध

### बैंक खाते से किया एक लाख 88 हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कछगवां में एक युवक के बैंक खाते से उसकी बिना अनुमति और जानकारी के 1 लाख 88 हजार की रकम पार हो गई। शातिर ठग ने यूपीआई ट्रांजैक्शन के माध्यम से ऑनलाइन ठगी की। शिकायत पर कुठला पुलिस ने मामला दर्ज कर सायबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कछगवां निवासी अंकित राय पिता परमानंद राय का कुठला क्षेत्र में स्थित एक बैंक में खाता है। अंकित ने पुलिस को बताया कि 12-13 मई को उसके मोबाइल पर अचानक पैसे कटने के मैसेज आए, जिसे देखकर उनके होश उड़ गए। किसी अज्ञात शातिर हैकर या ठग ने उनके खाते में सेंध लगाते हुए बिना किसी सहमति और बिना किसी ओटीपी शेयरिंग के कुल 1 लाख 88 हजार की राशि अन्य खातों में ट्रांसफर कर ली। ठगों ने इस राशि को दो अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर किया। शातिर ठग ने पीड़ित के खाते से पहले 90 हजार रूपए उड़ाए। यह राशि कुलदीप नामक व्यक्ति के एचडीएफसी बैंक खाते में ट्रांसफर की गई। इसके बाद 13 मई को 98 हजार की रकम पर हाथ साफ किया गया। यह राशि विशाल पी नामक खाते में ट्रांसफर की गई। अंकित को जब धोखाधड़ी का अहसास हुआ, तब उसने बैंक से संपर्क कर खाते को ब्लाक कराया और कुठला थाने में शिकायत दर्ज कराई। कुठला पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और कदम

### बाबू जगजीवन राम एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में लाखों की लागत से नाली-नाला निर्माण कार्यों का भूमिपूजन संपन्न

### महापौर, क्षेत्रीय पार्षदों एवं नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में निर्माण कार्यों का हुआ शुभारंभ



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार एवं वर्षा ऋतु के पूर्व बेहतर जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार 21 मई को बाबू जगजीवन राम एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में विभिन्न निर्माण कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम महापौर प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद फामिदा आफताब चोखे भाई एवं अर्चना विनीत जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुए। कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल सदस्यों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। कार्यक्रम अंतर्गत बाबू जगजीवन राम वार्ड स्थित जैन कॉलोनी एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड अंतर्गत मंगवाई कॉलोनी में विभिन्न स्थानों पर कुल लगभग 22 लाख रुपये की लागत से नाली एवं नाला निर्माण कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने से क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था और अधिक सुगम एवं व्यवस्थित हो सकेगी, जिससे क्षेत्रवासियों को वर्षा ऋतु के दौरान होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि शहर में विकास कार्यों को निरंतर गति देने के साथ नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नाली एवं नाला निर्माण जैसे कार्य आमजन की दैनिक जरूरतों से सीधे जुड़े होते हैं और इनसे क्षेत्र में स्वच्छता एवं सुगम जल निकासी व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता एवं तय समय-सीमा में पूर्ण कराए जाएं, ताकि नागरिकों को शीघ्र बेहतर सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके। भूमिपूजन कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य डॉ. रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, सुरेंद्र गुप्ता, उमेंद्र अहिरवार, पार्षद शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद आफताब चोखे भाई सहित प्रेमा रैकवार, आशिका निषाद, सुनीता ठाकुर, मिंता निषाद, संजना ठाकुर, अशोक तिवारी, कमल पांडे, अंकित कोरी, साहिल खान एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महापौर, क्षेत्रीय पार्षद एवं नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार जताया।

**फोटो : विकास गुप्ता**

# टी20 महिला विश्व कप में जीत के इरादे से उतरेगी भारतीय टीमः मंधाना

### अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप की तैयारियां में जुटी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

बेंगलुरु

भारतीय महिला क्रिकेट टीम अगले माह होने वाले टी20 विश्वकप की तैयारियां में लगी है। भारतीय टीम का लक्ष्य एकदिवसीय के बाद टी20 खिताब भी अपने नाम करना है और टीम इसको लेकर प्रयास भी कर रही है। टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने का कहना है कि टीम टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह से तैयार है। उसका मनोबल बढ़ा हुआ है और वह जीत हासिल करने में कोई कसर नहीं रखेगी। यह टूर्नामेंट 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 14 जून को परंपरागत प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के



खिलाफ मैच से करेगी।

मंधाना टीम की तैयारियों से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, हमारा अभ्यास शिविर बहुत अच्छा रहा। मैं अभी इस बारे में इतना ही बताना चाहती हूं। साथ ही कहा कि सभी खिलाड़ी अच्छी स्थिति में दिख रही हैं। उन्होंने बहुत अच्छी तरह से अभ्यास किया है और सभी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। टीम में एक सकारात्मक ऊर्जा है और हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक है। भारतीय टीम ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में एक गहन अभ्यास शिविर में हिस्सा लिया। इस शिविर का उद्देश्य खिलाड़ियों को आगामी चुनौतियों के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना था, जिसमें फिटनेस, फील्डिंग और विभिन्न मैच परिदृश्यों पर काम किया गया। टीम 22 मई को मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की महत्वपूर्ण टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलने के लिए रवाना होगी। इससे टीम को टूर्नामेंट के लिए लय हासिल करने में सहायता मिलेगी

मंधाना ने जोर देकर कहा कि टीम अपनी तैयारियों को लेकर आश्वस्त है और उसका एकमात्र लक्ष्य विश्व कप जीतना है। उन्होंने कहा, हम विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं और उससे पहले हमें एक सीरीज में खेलना है। हमारी तैयारी अच्छी चल रही है और हम आगे भी कड़ी मेहनत करते रहेंगे। हमें पूरा विश्वास है कि हम विश्व कप जीतकर भारत को गौरवान्वित करेंगे और देशवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।

# रैंकिंग के पीछे बहुत जल्दी मत भागो सुधार के पीछे भागोः बोपन्ना

### एटीपी डबल्स रैंकिंग में दुनिया के सबसे उम्रदराज़ नंबर 1 खिलाड़ी का जीता खिताब

नयी दिल्ली

जिस उम्र में ज़्यादातर टेनिस खिलाड़ी खेल से संन्यास ले लेते हैं, उस उम्र में भी रोहन बोपन्ना नई ऊंचाइयां छूते रहे। साल 2024 में, 43 साल की उम्र में, भारतीय टेनिस के इस सितारे ने एटीपी डबल्स रैंकिंग में दुनिया के सबसे उम्रदराज़ नंबर 1 खिलाड़ी का खिताब जीता। इसके अलावा, मैथ्यू एबडेन के साथ मिलकर ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब



जीतने के बाद, वह ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम पुरुष डबल्स का खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज़ खिलाड़ी भी बन गए।दो दशकों से भी ज़्यादा लंबे करियर के बावजूद, बोपन्ना कहते हैं कि यह विश्वास कि उनका काम अभी अधूरा है, उन्हें चोटों, असफलताओं और उन पलों में भी प्रेरित करता रहा जब उन्हें लगा कि अब संन्यास का समय आ गया है। एक खास इंटरव्यू में, बोपन्ना ने अपने लंबे करियर, भारत का प्रतिनिधित्व करने, टूर के दौरान किए गए त्याग और भारतीय टेनिस के भविष्य को लेकर अपनी उम्मीदों पर खुलकर बात की।

***टेनिस खिलाड़ियों के लिए सलाह***- रैंकिंग के पीछे बहुत जल्दी मत भागो – सुधार के पीछे भागो। अच्छी आदतें डालो, सब्र रखो और यह समझो कि टेनिस में तरक्की कभी भी सीधी रेखा में नहीं होती। इसमें हार, चोटें, शंकाएँ और मुश्किल दौर भी आएँगे।जो खिलाड़ी टिक पाते हैं, वे आम तौर पर वही होते हैं जो सिर्फ़ शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि भावनात्मक और मानसिक रूप से भी एक जैसे बने रहते हैं।40 की उम्र के बाद भी जोश बरकराररोहन बोपन्ना- सच कहूं तो, कई बार ऐसे पल आए जब मुझे लगा कि अब संन्यास ले लेना चाहिए।चोटों से उबरना मुश्किल होता है, लेकिन हार और खुद पर शक कभी-कभी उससे भी ज़्यादा तकलीफ़ देते हैं।जिस चीज़ ने मुझे आगे बढ़ने की हिम्मत दी, वह था यह विश्वास कि मेरा काम अभी अधूरा है।मुझे सच में लगता था कि अगर मैं अनुशासन में रहूं और लगातार खुद में सुधार करता रहूं, तो मैं अब भी खेल के सबसे ऊंचे स्तर पर मुकाबला कर सकता हूं।साथ ही, अपने आस-पास सही लोगों का होना भी बहुत मददगार साबित होता है। मैं डबल्स को और ज़्यादा लोकप्रिय बनाऊँगा और इसे पूरे टेनिस खेल का एक अभिन्न अंग बनाऊँगा।बेहतर कहानी कहने का तरीका, लगातार जोड़ियाँ, प्रसारण पर ज़्यादा ध्यान और खिलाड़ियों के व्यक्तित्व का ज़ोरदार प्रचार-प्रसार इसमें बहुत मदद करेगा।डबल्स को सीधे देखना बेहद रोमांचक होता है, लेकिन प्रशंसकों के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ने के लिए इसे और ज़्यादा लोकप्रियता और निरंतरता की ज़रूरत है।

# सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ पाएंगे जो रूट?

### इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज ने तोड़ी चुप्पी

नई दिल्ली

टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम दर्ज है। 15,921 रनों का यह ऐतिहासिक आंकड़ा लंबे समय तक अटूट माना जाता रहा, लेकिन अब इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट इस रिकॉर्ड के बेहद करीब पहुंचते दिखाई दे रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में लगातार शानदार प्रदर्शन के दम पर रूट ने क्रिकेट जगत में इस बहस को तेज कर दिया है कि क्या वह सचिन का यह महान रिकॉर्ड तोड़ पाएंगे। जो रूट इस समय टेस्ट क्रिकेट में सबसे



ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उनके नाम 13,943 रन दर्ज हैं और वह सचिन तेंदुलकर से सिर्फ 1,978 रन पीछे हैं। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए माना जा रहा है कि अगर रूट फिट रहते हैं और अगले दो साल तक इसी निरंतरता के साथ खेलते हैं, तो वह इस रिकॉर्ड तक पहुंच सकते हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में जो रूट ने पहली बार इस मुद्दे पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि अब उनसे यह सवाल इतनी बार पूछा जाता है कि वह चाहकर भी इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते। रूट ने सचिन तेंदुलकर की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने क्रिकेट में जो हासिल किया, वह असाधारण है। रूट ने कहा कि सचिन का करियर उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि सचिन ने उनके जन्म से पहले टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था और जब रूट ने टेस्ट क्रिकेट में कदम रखा, तब भी सचिन खेल रहे थे। रूट के मुताबिक इतनी लंबी अवधि तक शीर्ष स्तर पर खेलना अपने आप में एक अद्भुत उपलब्धि है। उन्होंने यह भी कहा कि सिर्फ टेस्ट क्रिकेट ही नहीं, बल्कि वनडे क्रिकेट में सचिन के 49 शतक भी उनकी महानता को साबित करते हैं। हालांकि रूट ने साफ किया कि उनका ध्यान रिकॉर्ड्स से ज्यादा अपने खेल को लगातार बेहतर बनाने पर रहता है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा अपनी बल्लेबाजी में कुछ नया जोड़ने और तकनीकी रूप से खुद को और मजबूत बनाने की कोशिश करते हैं। रूट के अनुसार जब वह क्रीज पर होते हैं तो उनका पूरा फोकस सिर्फ मैच की परिस्थितियों के अनुसार खेलने पर रहता है, न कि आंकड़ों या रिकॉर्ड्स पर। इंग्लैंड के इस दिग्गज बल्लेबाज की निरंतरता और शानदार तकनीक ने उन्हें आधुनिक दौर के सबसे सफल टेस्ट बल्लेबाजों में शामिल कर दिया है। अब क्रिकेट प्रेमियों की नजर इस बात पर टिकी है कि क्या जो रूट आने वाले समय में सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने के विश्व रिकॉर्ड को पीछे छोड़ पाएंगे या नहीं।

## विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और आईपीएल से लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर विजय शंकर ने घरेलू क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए अपने फैसले की जानकारी दी। विजय शंकर ने कहा कि वह अब नए अवसरों की तलाश करना चाहते हैं और अधिक क्रिकेट खेलने के उद्देश्य से यह कदम उठा रहे हैं। उनके इस फैसले के बाद अब विदेशी टी-20 लीग्स में खेलने का रास्ता पूरी तरह खुल गया है। '3डी प्लेयर' के नाम से मशहूर विजय शंकर ने वर्ष 2018 में भारतीय टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने भारत के लिए 12 वनडे और 9 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। अपने करियर के दौरान उन्होंने बल्लेबाजी, मध्यम गति की गेंदबाजी और शानदार फील्डिंग से पहचान बनाई। इसी बहुमुखी प्रदर्शन के कारण उन्हें '3डी प्लेयर' कहा जाने लगा था। अपने संन्यास संदेश में विजय शंकर ने लिखा कि क्रिकेट उनके जीवन का सबसे अहम हिस्सा रहा है। उन्होंने बताया कि 10 साल की उम्र से क्रिकेट खेलना शुरू करने के बाद उन्हें हर स्तर पर खेलने और देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला, जो उनके लिए सबसे गर्व और खुशी के पल रहे।

# केंद्र सरकार को 2,86,588 करोड़ रुपये देगा रिजर्व बैंक

मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) लेखा वर्ष 2025-26 की अपनी शुद्ध आय में से 2,86,588.46 करोड़ रुपये केंद्र सरकार को हस्तांतरित करेगा।गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 623वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया।बैठक में बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए रिज़र्व बैंक के वार्षिक खातों पर विचार-विमर्श किया।जोखिम प्रावधान और वैधानिक निधियों में हस्तांतरण से पहले बैंक की शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025-26 में 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही जिसमें वर्तमान व्यापक आर्थिक




परिस्थितियों, बैंक के वित्तीय प्रदर्शन और उपयुक्त जोखिम बफर की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, केंद्रीय बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1,09,379.64 करोड़ रुपये आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) में स्थानांतरित करने और लेखा वर्ष 2025-26 के लिए 2,86,588.46 करोड़ रुपये की अधिशेष राशि केंद्र सरकार को हस्तांतरित करने की मंजूरी दी।संशोधित आर्थिक पूंजी ढांचा (ईसीएफ) सीआरबी को बैलेंस शीट के आकार के 4.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत के बीच बनाये रखने का लचीलापन प्रदान करता है।केंद्रीय बोर्ड ने कहा है कि सीआरबी को बैलेंस शीट के आकार के 6.5 प्रतिशत पर बनाये रखने का निर्णय लिया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में यह राशि 44,861.70 करोड़ रुपये थी जिसे बढ़ाकर 1,09,379.64 करोड़ रुपये किया गया है। केंद्रीय बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि बैंक की सकल आय में सालना 26.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई।साथ ही जोखिम प्रावधानों से पहले व्यय में 27.60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।जोखिम प्रावधान और वैधानिक निधियों में हस्तांतरण से पहले बैंक की शुद्ध आय वित्त वर्ष 2025-26 में 3,95,972.10 करोड़ रुपये रही।वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 3,13,455.77 करोड़ था।बैंक की बैलेंस शीट 31 मार्च 2026 तक 20.61 प्रतिशत बढ़कर 91,97,121.08 करोड़ रुपये हो गयी।

## एशियाई उत्पादकता संगठन के संचालन निकाय की नयी दिल्ली बैठक संपन्न

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद (एनपीसी) की मेजबानी में एशियाई उत्पादकता संगठन (एपीओ) के संचालन निकाय का 68वां सत्र एपीओ विजन 2030 के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और डिजिटल परिवर्तन, सतत विकास, नवाचार, क्षमता विकास और उत्पादकता-आधारित विकास जैसे क्षेत्रों में परस्पर सहयोग को मजबूत करने की सामूहिक प्रतिबद्धता के साथ सम्पन्न हुआ।निकाय की 69वीं बैठक लाओ में की जाएगी।वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की मेजबानी में तीन दिन का यह सम्मेलन 20-22 मई तक भारत मंडपम में आयोजित किया गया था।इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय उत्पादकता संगठनों (एनपीओ) के प्रमुखों, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, नीति निर्माताओं, उत्पादकता विशेषज्ञों और एपीओ सदस्य अर्थव्यवस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# व्यापार समझौता वार्ताओं में गति मिलने की उम्मीद

### पीयूष गोयल बड़े व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल के साथ कनाडा जाने को तैयार

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल देश के व्यापार और उद्योग जगत के एक बड़े प्रतिनिधिमंडल के साथ शनिवार को कनाडा की यात्रा के लिए प्रस्थान कर रहे हैं और इस दौरान वहां अपने समकक्ष वाणिज्य मंत्री मनिंदर सिद्धू के साथ बैठक और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से भी मिलेंगे।श्री गोयल ने यहां संवाददाताओं से बातचीत कहा कि उनके साथ कनाडा जा रहे व्यावसायिक शिष्टमंडल में करीब स्थानीय व्यापार एवं उद्योग जगत के करीब 150 प्रतिनिधि शामिल हैं।श्री गोयल ने कहा कि इस दौरान उनकी प्रधानमंत्री कार्नी से भी मुलकात होगी जिन्होंने इस यात्रा को विशेष महत्व देते हुए इस मुलाकात के लिए समय रखा है।श्री गोयल ने उम्मीद जतायी कि इस यात्रा से भारत और कनाडा के



बीच व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सेपा) के लिए चल रही वार्ता को गति मिलेगी।उन्होंने कहा कि इस बातचीत में दोनों देशों के बीच व्यापार को पांच साल में सालाना 50 अरब अमेरिकी डॉलर के स्तर पर ले जाने का लक्ष्य है।कनाडा को भारत का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार और निवेश का स्रोत बताते हुए श्री गोयल ने कहा कि दोनों देश एक दूसरे के पूरक है।कनाडा खनिज ईंधन और यूरेनियम का प्रमुख उत्पादक देश है और उन्नत प्रौद्योगिकी और निवेश का स्रोत रहा है।



# चावल, गेहूं नरम, दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

नयी दिल्ली

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की औसत कीमत गिर गयी।चावल के साथ गेहूं में भी नरमी देखी गयी।चीनी के भाव में टिकाव रहा जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 11 रुपये घटकर 3,859.37 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी।गेहूं 10 रुपये की गिरावट में 2,774 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।आटा 12 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा।मसूर दाल की औसत कीमत 23 रुपये और चना दाल की 18 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी।उड़द दाल आठ रुपये और मूंग दाल सात रुपये सस्ती हुई।तुअर दाल की कीमत 18 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी।स्थानीय बाजारों में सरसों तेल 44 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया।वनस्पति चार रुपये और पाम ऑयल तीन रुपये सस्ता हुआ।सूरजमुखी तेल की कीमत 35 रुपये और सोया तेल की 30 रुपये बढ़ गयी। मूंगफली तेल 21 रुपये महंगा हुआ।


# भारतीय शेयर बाजार में पूरे हफ्ते दिखा उतार-चढ़ाव का खेल

### भारी बिकवाली के बीच भी दिखी खरीदारी की चमक

### कुछ सेक्टरों ने दी संजीवनी

मुंबई

बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार के लिए अत्यधिक उतार-चढ़ाव और अप्रत्याशित झटकों से भरा रहा, जहां वैश्विक भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और घरेलू आर्थिक संकेतकों ने बाजार की चाल तय की। निवेशकों को हर दिन बाजार की शुरुआती गिरावट और फिर दिन के अंत में शानदार रिकवरी या इसके विपरीत शुरुआती तेजी के बाद सुस्त समापन जैसे नाटकीय परिवर्तन देखने को मिले। पश्चिमी एशिया में तनाव, कच्चे तेल की कीमतें, डॉलर के मुकाबले रुपये की रिकॉर्ड गिरावट और विदेशी फंड के प्रवाह जैसे कारकों ने बाजार की दिशा को लगातार




प्रभावित किया, जिससे यह सप्ताह वैश्विक संकेतों और घरेलू लचीलेपन के बीच झूलता रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज लाल निशान के साथ खुला, जहां सेंसेक्स 900 से अधिक अंक और निफ्टी 255 से अधिक अंक गिर गया। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया अपने रिकॉर्ड निचले स्तर 96.33 (अस्थायी) पर पहुंच गया, जिसने निवेशकों की चिंता और बढ़ा दी। हालांकि, बाजार ने दिन के अंत तक जबरदस्त वापसी करते हुए निवेशकों को चौंका दिया। सेंसेक्स मामूली रूप से 77.05 अंकों की वृद्धि दर्ज कर हरे निशान पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी में भी 6.45 अंकों की बढ़त रही। मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान पर नियोजित सैन्य हमले रोकने और समझौते की संभावना जताने की खबर ने बाजार में एक नई उम्मीद जगाई। इस सकारात्मक खबर के दम पर भारतीय शेयर बाजार ने शुरुआती कारोबार में जोरदार तेजी दर्ज की। सेंसेक्स 366.71 अंक उछलकर 75,706.88 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी में भी 107.45 अंकों की बढ़त दर्ज हुई। लेकिन यह तेजी भी दिन के अंत तक कायम नहीं रह पाई। शुरुआती बढ़त गंवाकर दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए, सेंसेक्स 75,200.85 और निफ्टी 23,618.00 पर कारोबार समाप्त हुआ। बुधवार को भारतीय शेयर बाजार एक बार फिर भारी बिकवाली के दबाव में खुले। बाजार विशेषज्ञों ने कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, कमजोर होती मुद्रा और महंगाई की चिंताओं को निवेशकों की धारणा पर भारी पड़ने वाला बताया। निफ्टी 50 और बीएसई सेंसेक्स दोनों में शुरुआती कारोबार में बड़ी गिरावट दर्ज हुई। हालांकि, प्रमुख एशियाई बाजारों में छाई सुस्ती और कमजोरी के बावजूद, भारतीय बाजारों ने जबरदस्त लचीलापन दिखाया। तेल व गैस, ऑटो और वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में हुई जोरदार खरीदारी के दम पर घरेलू सूचकांकों ने दिन के निचले स्तरों से शानदार रिकवरी की और अंततः हरे निशान में बंद होने में सफल रहा। सेंसेक्स 117.54 अंकों की बढ़त के साथ 75,318.39 और निफ्टी 41 अंकों की बढ़त के साथ 23,659 पर बंद हुआ। गुरुवार की स्थिरता और शुक्रवार का सकारात्मक समापन गुरुवार को पश्चिम एशिया संघर्ष के जल्द समाप्त होने की उम्मीदों के बीच तेल की कीमतों में नरमी और वैश्विक बाजारों में आई तेजी के कारण बेंचमार्क इक्विटी सूचकांकों में शुरुआती तेजी देखी गई। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने अच्छी बढ़त के साथ कारोबार शुरू किया। हालांकि, दिन का अंत बेहद सुस्त माहौल में हुआ। पूरे दिन के उतार-चढ़ाव के बाद दोनों प्रमुख सूचकांक लगभग सपाट स्तर पर बंद हुए, सेंसेक्स 135.03 अंक टूटकर 75,183.36 पर और निफ्टी महज 4.30 अंकों की मामूली गिरावट के साथ 23,654.70 पर सेटल हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को ईरान तनाव में नरमी की उम्मीद और वैश्विक आशावाद के चलते भारतीय बाजारों में तेजी जारी रही। प्रमुख एशियाई सूचकांकों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जिससे भू-राजनीतिक तनाव में मिली संक्षिप्त राहत ने बाजार को सकारात्मक संकेत दिए। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 332.39 अंक चढ़कर 75,507.09 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी 84.60 अंक बढ़कर 23,747.40 पर कारोबार कर रहा था। बैंकिंग और एनबीएफसी शेयरों में बढ़त के दम पर हफ्ते का अंत सकारात्मक रहा, सेंसेक्स 232 अंक चढ़कर 75,415 पर और निफ्टी 23,700 के पार बंद हुआ।

# मध्यप्रदेश में जल संकट भयावह, भाजपा सरकार पूरी तरह विफल :जीतू पटवारी

## इंदौर सहित प्रदेश के 15 जिलों में जनता बूंद-बूंद पानी को तरस रही

## भाजपा संरक्षण में फल-फूल रहा टैंकर माफिया

भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में गहराते जल संकट को लेकर भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अब राजधानी के ठंडे कमरों और सरकारी फाइलों में दर्ज झूठी उपलब्धियों से बाहर निकलकर जनता की वास्तविक पीड़ा देखें। जल गंगा संवर्धन जैसे सरकारी अभियानों के बड़े-बड़े दावे जमीन



पर पूरी तरह विफल साबित हुए हैं और आधी से ज्यादा आबादी भीषण जल संकट से जूझ रही है।

### इंदौर सहित 15 जिलों में हाहाकार, सड़कों पर उतरी जनता

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकार को जमीनी हकीकत देखनी है तो उसे इंदौर जाना चाहिए, जहाँ लोग पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जिस इंदौर ने भाजपा को लगातार भारी बहुमत दिया, आज वहीं की जनता पानी के लिए सड़कों पर उतरने और भाजपा विधायकों के घरों पर धरना देने को मजबूर है। श्री पटवारी ने भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, रीवा, सतना, मुरैना, शिवपुरी, खरगोन, बड़वानी और धार सहित प्रदेश के 15 प्रमुख जिलों का हवाला देते हुए कहा कि स्थानीय निकाय निष्क्रिय हैं और पूरा तंत्र सोया हुआ है।

### रायसेन की घटना मोहन सरकार का नया रिपोर्ट कार्ड

श्री पटवारी ने इंदौर के भाजपा विधायक रमेश मेंदोला, सांसद शंकर लालवानी और जिले के प्रभारी मुख्यमंत्री से सवाल किया कि स्मार्ट सिटी में हजारों करोड़ की नल-जल योजनाओं के बावजूद हर गर्मी में टैंकरों का कारोबार क्यों बढ़ जाता है? उन्होंने सीधा आरोप लगाया कि सत्ता के संरक्षण में प्रदेशभर में टैंकर माफिया सक्रिय है। भाजपा सरकार ने जल संकट समाप्त करने के बजाय पानी को भ्रष्टाचार और निजी स्वार्थ का जरिया बना दिया है। प्रेस वार्ता के दौरान श्री पटवारी ने रायसेन जिले में पानी की तलाश के दौरान कुएं में डूबने से तीन आदिवासी बच्चियों की दर्दनाक मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने इस घटना को हृदयविदारक बताते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में अब पानी तक पहुँच बनाने का प्रयास भी जानलेवा होता जा रहा है। मासूम बच्चियों की मौत मोहन सरकार का नया रिपोर्ट कार्ड है, जो बताता है कि सरकार बुनियादी सुविधाएं देने में भी पूरी तरह नाकाम रही है।

### कांग्रेस की प्रमुख मांगें

- जल संकट से प्रभावित जिलों में तत्काल आपातकालीन व्यवस्था लागू की जाए।
- पानी की कालाबाजारी करने वाले टैंकर माफिया पर सख्त कार्रवाई हो।
- जलापूर्ति व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रशासन की जवाबदेही तय की जाए।
- रायसेन घटना की उच्चस्तरीय जांच कराकर पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए।

# समर्थन मूल्य पर देश में सबसे अधिक 13.10 लाख किसानों से हुआ गेहूं का उपार्जन

## अब तक 100 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन हुआ

## अभी भी जारी, गेहूं उपार्जन में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर

भोपाल

मध्यप्रदेश न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक 13 लाख 10 हजार किसानों से गेहूं का उपार्जन कर देश में नंबर-1 स्थान पर है। इस तरह से मध्यप्रदेश समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के मामले में सर्वाधिक किसानों को लाभांवित करने वाला राज्य है। यही नहीं अब तक लगभग 100 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन कर मध्यप्रदेश पंजाब के बाद दूसरे स्थान पर है। गेहूं का उपार्जन अभी भी जारी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि प्रदेश सरकार किसानों के हित में सतत कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 की अवधि को



छोड़कर विगत 10 वर्षों में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं का सर्वाधिक उपार्जन किया गया है।

### मुख्यमंत्री कर रहे सतत मॉनिटरिंग

मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से 78 लाख मीट्रिक टन गेहूँ के उपार्जन लक्ष्य को केन्द्र सरकार द्वारा 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश में हो रहे गेहूँ उपार्जन की सतत मॉनीटरिंग की जा रही है। उन्होंने स्वयं खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर तौल व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता और खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिये उपलब्ध जरूरी सुविधाओं का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। साथ ही किसानों से संवाद कर उपार्जित गेहूँ के भुगतान आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानों के हित में जिन किसानों ने स्लाट बुक करा लिये हैं, उनके गेहूं उपार्जन की अवधि 23 मई से बढ़ाकर 28 मई तक कर दी है।

### किसानों को 20,680 करोड़ से अधिक का भुगतान

किसानों को अब तक उपार्जित गेहूं का 20,680.83 करोड़ रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल काटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई तथा तौल काटों में वृद्धि का अधिकार जिलों को दिया गया। किसानों की सुविधा के लिये तौल पर्ची बनाने का समय शाम 6 बजे से बढ़ाकर रात 10 बजे तक किया गया। देयक जारी करने का समय भी रात 12 बजे तक कर दिया गया है। गेहूं का उपार्जन सप्ताह में 6 दिन तक किया जा रहा है। उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिये पीने का पानी, बैठने के छायांदार स्थान और जन-सुविधाओं की व्यवस्थाएं की गई हैं। किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है।

# राज्य स्तरीय जैव-विविधता पुरस्कारों में दक्षिण पन्ना का परचम

## जैव-विविधता स्वामित्व रखने वाला सर्वश्रेष्ठ विभाग सम्मान से हुआ सम्मानित

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस 22 मई 2026 के अवसर पर भोपाल स्थित भारतीय वन प्रबंधन संस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य जैव-विविधता बोर्ड द्वारा घोषित राज्य स्तरीय वार्षिक जैव-विविधता पुरस्कार 2024 एवं 2025 में दक्षिण पन्ना वनमण्डल को जैव-विविधता स्वामित्व रखने वाला सर्वश्रेष्ठ विभाग श्रेणी में सम्मानित किया गया।

दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा जैव-विविधता संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में अनेक अभिनव एवं जनभागीदारी आधारित कार्य किए गए। वनमण्डल द्वारा पक्षियों, तितलियों, औषधीय पौधों, विरासत वृक्षों, प्राकृतिक झिरियों तथा स्थानीय जैविक धरोहरों का व्यापक अभिलेखीकरण एवं दस्तावेजीकरण किया गया। साथ ही स्थानीय स्तर पर जैव-विविधता संरक्षण



के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए गए। गिद्ध संरक्षण के क्षेत्र में दक्षिण पन्ना द्वारा वल्चर फ्रेंडली गौशाला, सतत मॉनिटरिंग, प्रतिबंधित दवाइयों की रोकथाम एवं ग्रामीण सहयोग आधारित संरक्षण मॉडल विकसित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप दक्षिण पन्ना क्षेत्र में गिद्धों की संख्या में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2021 में जहां गिद्धों की संख्या 614 थी, वहीं वर्ष 2025-26 में यह बढ़कर 1127 तक पहुँच गई। मानव-सर्प संघर्ष को कम करने एवं सर्पदंश से बचाव के लिये दक्षिण पन्ना वनमण्डल द्वारा विशेष सांप-सीढ़ी आधारित शैक्षणिक खेल विकसित किया गया। इस नवाचार के माध्यम से हजारों बच्चों एवं ग्रामीणों को सर्पदंश से बचाव, प्राथमिक उपचार एवं वैज्ञानिक जानकारी सरल तरीके से उपलब्ध कराई गई। इस पहल से जनजागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई तथा मानव-सर्प संघर्ष संबंधी भ्रांतियों को कम करने में सहायता मिली।

***जैव-विविधता संरक्षण में डिंडोरी वनमण्डल हुआ पुरस्कृत***- मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा प्रदेश में जैव-विविधता संरक्षण को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से प्रारंभ किये गये राज्य स्तरीय वार्षिक जैव-विविधता पुरस्कार-2024 एवं 2025 अंतर्गत वनमंडल डिंडोरी को पहुंच एवं लाभ प्रभाजन के अधिकतम अनुबंध श्रेष्ठ वनमंडल अतंर्गत वर्ष 2023-24 में प्रथम स्थान एवं वर्ष 2024-25 में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जैव-विविधता प्राधिकरण, चेन्नई के अध्यक्ष वीरेंद्र आर. तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय वन प्रबंधन संस्थान, भोपाल के निदेशक डॉ. के. रविचंद्रन ने की तथा राष्ट्रीय जैव-विविधता प्राधिकरण के सदस्य सचिव डॉ. बी. बालाजी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मध्यप्रदेश राज्य जैव-विविधता बोर्ड के सदस्य सचिव सुदीप सिंह ने किया। राज्य स्तरीय पुरस्कार दक्षिण पन्ना वनमण्डल की ओर से वनमण्डलाधिकारी अनुपम शर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी पवई नितेश पटेल एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी कल्दा परिवेश भदौरिया द्वारा प्राप्त किया गया। दक्षिण पन्ना वनमण्डल के नामांकन की अनुशंसा जिला कलेक्टर श्रीमती उषा परमार एवं वनमण्डलाधिकारी द्वारा की गई थी।



## जनपद तेंदूखेड़ा एवं जबेरा में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का किया निरीक्षण

**दमोह।** राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक शरद कुमार श्रोत्रि ने जनपद तेंदूखेड़ा एवं जबेरा क्षेत्र का भ्रमण कर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों बीएलओ से चर्चा कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन संबंधी कार्यों की जानकारी प्राप्त की। प्रेक्षक श्री श्रोत्रि ने बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता एवं गंभीरता के साथ निर्धारित समय.सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करना निर्वाचन प्रक्रिया की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए।

## झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से किशोरी की मौत

**हटा।** पटेरा क्षेत्र में महेवा गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी रिंकी बर्मन की झोलाछाप डॉक्टर के इलाज से मौत के मामले में परिजनों की रिपोर्ट पर रनेह थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर झोलाछाप डॉक्टर लीलाधर पिता नन्हे भाई चौधरी निवासी बमनपुरा को गिरफ्तार का न्यायालय पेश किया है। गौरतलब है कि रिंकी बर्मन की स्वास्थ्य खराब होने पर इलाज के दौरान मौत हुई थी। परिजनों ने बमनपुरा में एक डॉक्टर पर गलत इलाज के आरोप लगाते हुए पटेरा में चक्काजाम प्रदर्शन किया था पुलिस द्वारा जांच करवाई के उपरांत कार्यवाही की है।

## हरियाणा से आगर तक सामाजिक यात्रा पर निकले सुरेश गर्ग हटा पहुंचे

**हटा।** हरियाणा प्रांत के हिसार-करनाल से मध्यप्रदेश के आगर तक अकेले सामाजिक यात्रा पर निकले सुरेश गर्ग हटा पहुंचे, जहां अग्रवाल समाज के अध्यक्ष उमेशचंद बजाज एवं भोले फौजदार द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान सुरेश गर्ग ने समाज के पंचगणों के साथ अग्रवाल समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज के प्रत्येक घर में महाराजा अग्रसेन एवं समाज की कुलदेवी महालक्ष्मी की प्रतिदिन पूजा अर्चना एवं आरती होना चाहिए। उन्होंने अंतरजातीय विवाहों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रवृत्तियों से समाज धीरे-धीरे सिमटता जाएगा और महाराजा अग्रसेनद्वारा चलाया गया सामाजिक आंदोलन कमजोर पड़ सकता है। सुरेश गर्ग ने समाज के लोगों से नियमित बैठकों के माध्यम से सामाजिक सुधारों को लागू करने का आव्हान किया। चर्चा के दौरान पंचगण नंदकुमार बीड़ी वाले, सुरेश फौजदार, रविचंद दीवाले वाले, प्रहलाद व्या एवं हरेंद्र अग्रवाल सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

## चेक बाउंस मामले में शिक्षक को तीन माह की कारावास

**दमोह।** न्यायालय ने वर्ष 2019 के एक चेक बाउंस प्रकरण में आरोपी शिक्षक को दोषी करार देते हुए जेल भेजने के आदेश जारी किए हैंण् यह फैसला न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दीर्घा ऐरन की अदालत द्वारा सुनाया गया। प्रकरण में परिवादी दिनेश चौबे ने बताया कि आरोपी शिक्षक मूलचंद द्वारा निजी पारिवारिक जरूरत को बताते हुए मुझसे 6,10,000 की रकम उधार ली गई थी जिसे आवेस्क ने अपने एसबीआई के खाते से मूलचंद के खाते में आरटीजीएस के द्वारा ट्रांसफर किया था। यह राशि दिनेश चौबे ने उस समय दी जब वह दमोह जबलपुर टोल रोड प्रोजेक्ट पर इंचार्ज के रूप में कार्यरत था। मूलचंद द्वारा रकम के बदले दिया गया चेक बैंक में प्रस्तुत करने पर 14 जून 2019 को अनादृत हो गया था। इसके बाद परिवादी ने अधिवक्ता के माध्यम से 20 जून 2019 को विधिक नोटिस भेजा जिसकी रजिस्टर्ड डाक रसीद व अभिस्वीकृति भी न्यायालय में प्रस्तुत की गई। अदालत ने अपने निर्णय में माना कि आरोपी को 24 जून 2019 को नोटिस प्राप्त हो गया था लेकिन नियमानुसार निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं किया गया। न्यायालय ने यह भी उल्लेख किया कि आरोपी की ओर से ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया जिससे भुगतान किए जाने की पुष्टि हो सके। न्यायालय ने उपलब्ध दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत आरोप को युक्तियुक्त संदेह से परे प्रमाणित माना।

## मलेशिया इंटरनेशनल चैंपियनशिप में मेडल जीतकर हटा पहुंची नियति दीक्षित का हुआ स्वागत

हटा

मलेशिया में आयोजित इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतने वाली हटा की बेटी नियति दीक्षित का नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। 9 मई 2026 को मलेशिया में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अंडर 14 एज कैटेगरी में नियति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड एवं सिल्वर मेडल अपने नाम किए। 10 देशों की सहभागिता वाली इस प्रतियोगिता में नियति ने अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष का बेहतरीन परिचय देकर हटा सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया।




हटा पहुंचने पर स्थानीय बुंदेली रसोई होटल में नागरिकों एवं समाजजनों द्वारा बेटी की इस उपलब्धि पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान नियति के पिता अशोक दीक्षित एवं मां अमृता दीक्षित का भी फूलमालाओं से सम्मान कर शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रशांत नीलू पाठक, अशोक पाराशर, मदन गोपाल पाराशर, अंशुल पाराशर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इसके पूर्व स्कोर में पूर्व मंत्री पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने बिटिया नियति का सम्मान किया। सर्व ब्राम्हण समाज की ओर से ब्राम्हण धर्मशाला में भी नियति का सम्मान समाजजनों द्वारा किया गया समाज अध्यक्ष महेश पुरानी ने उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने उमाश्री काम्प्लेक्स में आयोजित सादे समारोह में नियती को सम्मानित कर बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य जनों ने नियति दीक्षित की इस उपलब्धि को हटा नगर के लिए गौरव का क्षण बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बीएलबीसी बैठक में शासकीय योजनाओं की दी जानकारी

**दमोह।** जिला कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशन में आजीविका कार्यालय जबेरा में शुक्रवार को बीएलबीसी बैठक आयोजित की गई। बैठक में एलडीएम हेमंत कुमारए स्वाति शाखा प्रबंधक अभिषेक रंजन, आकाशदास सहित आजीविका कार्यालय से एबीएम अजय शुक्ला एवं ह्रदेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में एलडीएम हेमंत कुमार द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी एवं स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बैंकों को लक्ष्य आवंटन, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. आंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, पीएमएफएमई एवं पशुपालन विभाग की योजनाओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में जिले में बैंकों में नगदी संकट के चलते किसानों को भुगतान में आ रही समस्याओं पर भी चर्चा हुई। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर किसानों को राहत पहुंचाने के लिए लगातार सहयोग करने की बात कही गई। बैठक में जबेरा ब्लॉक के समस्त कियोस्क संचालकों की उपस्थिति रही।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में क्षीर धारा ग्राम योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

## दुग्ध उत्पादन दोगुना करने 65 ग्रामों का चयन

दमोह

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव की अध्यक्षता में 22 मई को कलेक्टर सभाकक्ष में क्षीर धारा ग्राम योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण फुलपगारे सहित पशुपालन एवं डेयरी विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, आजीविका मिशन, सहकारिता विभाग, दुग्ध संघ, कृषि विज्ञान केन्द्र एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में




बताया गया कि मुख्यमंत्री की मंशानुसार प्रदेश में पशुपालन विभाग द्वारा क्षीर धारा ग्राम योजनाश् एवं हिरण्यगर्भा अभियान जैसे नवाचार प्रारंभ किए गए हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाना एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना है। क्षीर धारा ग्राम योजना के अंतर्गत जिले के 65 ग्रामों का चयन किया गया है। चयनित ग्रामों को आदर्श पशुपालन ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा। योजना के तहत देशी गायों में उन्नत दुधारू नस्ल के बीज से गर्भाधान कराया जाएगा जिससे पशुधन की गुणवत्ता एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो सके। बैठक में ग्रामों में आवारा नाटों के बधियाकरण एवं उन्हें गौशालाओं में भेजने की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इससे आवारा पशुओं की संख्या में कमी आएगी तथा पशुधन प्रबंधन अधिक प्रभावी होगा। योजना के अंतर्गत चयनित ग्रामों में दुग्ध समितियों का गठन कर दुग्ध संग्रहण केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इससे ग्रामीणों को दुग्ध विक्रय की बेहतर सुविधा मिलेगी तथा उनकी आय में वृद्धि होगी।

कृषि विभाग द्वारा चयनित ग्रामों में चारा बीज वितरण एवं चारा उत्पादन बढ़ाने की कार्ययोजना बनाई गई है। वहीं सहकारिता विभाग पात्र एवं इच्छुक पशुपालकों को पशुपालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी का लाभ उपलब्ध कराएगा। बैठक में मुख्यमंत्री द्वारा 21 मई को पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का भी उल्लेख किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश को मिल्क कैपिटल बनाने के प्रयास अब परिणाम देने लगे हैं। प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 9.67 लाख किलोग्राम दुग्ध संकलन दर्ज किया गया है जो गत वर्ष की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 0554/अ-6/2025-2026

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रीति दुबे पति श्री जितेश दुबे, निवासी- जी-4/15, कामाक्षी परिसर गोपाल विहार, राजेन्द्र प्रसाद वार्ड जबलपुर के द्वारा मौजा माढोताल स्थित खसरा नं. 34/1, 34/2, 35/3 एवं 35/4 के भाग का खुला आवासीय भूखंड क्रमांक 95 रकवा 1682 वर्गफुट भूमि उर्मिला दुबे पति गिरजा दत्त दुबे का नाम वर्तमान खसरे में दर्ज है। उर्मिला दुबे की मृत्यु दिनांक 14.06.2021 को हो गई है उर्मिला द्वारा निष्पादित वसीयतनामा दिनांक 21.01.2021 के आधार पर आवेदक द्वारा नाम दर्ज कराने हेतु पंजीकृत मृत्यु प्रमाण पत्र एवं फार्म पी- II खसरा की छाया प्रति संलग्न कर आवेदन पत्र सहित प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त विक्रय पत्र/फौती नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 3.6.2026 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 19.5.2026 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक- 19/5/2026
पेशी दिनांक- 3/6/2026

मुहर

नायब तहसीलदार, अधारताल, जबलपुर

PADMA



> संभाग प्रभारी ने पुलिस को लिखा पत्र

## मिनी स्टेडियम की बाउंड्रीवॉल को किया क्षतिग्रस्त

**जबलपुर।** नगर निगम के लालमाटी संभाग अंतर्गत सिद्धबाबा वार्ड में स्थित मिनी स्टेडियम की सुरक्षा को लेकर कार्यवाही की गई है। इस संबंध में संभागीय यंत्री ने बताया कि करियापाथर मुक्तिधाम के समीप बने इस मिनी स्टेडियम की बाउंड्रीवॉल को बार-बार क्षतिग्रस्त करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 09, लालमाटी द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुए घमापुर थाना प्रभारी को पत्र लिखकर अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया गया है।

> कोतवाली थाना क्षेत्र में वारदात

## एक करोड़ की डिमांड कर घर में की तोड़फोड़

**जबलपुर।** कोतवाली थाने में सौरभ आनंद उम्र 31 वर्ष निवासी पारिजात बिल्डिंग के पीछे चेरीताल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि सुबह उसके बड़े पिताजी का बेटा अर्पण आनंद शराब पीकर उसके घर आया और उसके साथ गाली गलोज करते हुये एक करोड़ रूपये की मांग कर दरवाजे पर पत्थर मार रहा था। जिसे रूपये देने एवं पत्थर मारने से मना करने पर घर के दरवाजे को छतिग्रस्त कर दिया एवं घर के सामने खडी स्विफ्ट कार में पत्थर मारकर कांच तोड दिया, तथा छत पर चढकर हेमंत सोनी की पानी की टंकी भी पत्थर मारकर तोड दिया।





# विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम

### रोजगार मेले में 201 युवाओं को केन्द्रीय मंत्री ने प्रदान किए नियुक्ति पत्र

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेन्द्र कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं। मदन महल स्थित कमेटी हॉल में आयोजित 19वें रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ कुमार ने कहा कि अब तक देशभर में आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से 11.39 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि आज देश के 47 स्थानों पर आयोजित



रोजगार मेले में रेलवे, बैंकिंग, पोस्टल सहित विभिन्न विभागों में 51 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवा के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। जबलपुर में 201 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे केवल नौकरी पाने तक सीमित न रहें, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, कौशल विकास और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं ने युवाओं को नई संभावनाएं प्रदान की हैं।

#### योजनाओं से करोड़ों लोगों को मिल रहा लाभ

डॉ कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, मुद्रा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से देश के करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। उन्होंने युवाओं से नौकरी चाहने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनने का संकल्प लेने का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री ने केंद्र सरकार के पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से 2026 के बीच भारत ने आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, तकनीक और उद्यमिता के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 से पहले देश में केवल 74 हवाई अड्डे संचालित थे, जबकि मार्च 2025 तक इनकी संख्या बढ़कर 160 हो चुकी है। उड़ान योजना के तहत 625 नए हवाई मार्ग शुरू किए गए हैं, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिली है। शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में हुए विस्तार का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में 7 नए आईआईटीए 16 ट्रिपल आईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स और 390 नए विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं। मेडिकल शिक्षा में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा मेडिकल सीटों की संख्या 80 हजार से बढ़कर 1.70 लाख से अधिक हो गई है।

#### 2 लाख से अधिक हुई स्टार्टअप की संख्या

उन्होंने रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण और स्टार्टअप इंडिया अभियान की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया। डॉ कुमार ने कहा कि वर्ष 2014 में देश में 500 से कम स्टार्टअप थे, जबकि आज उनकी संख्या 2 लाख से अधिक हो चुकी है और भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का प्रसारण लोगों ने देखा और सुना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डीजल, पेट्रोल बचाव के आव्हान पर केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र सिंह सर्किट हाऊस से मदन महल उत्सव कम्यूनिटी हॉल तक ई-रिक्शा से पहुंचे। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मिक, सांसद आशीष दुबे, विधायक अजय विश्नोई, विधायक अशोक रोहाणी एवं विधायक डॉ अभिलाष पांडे सहित रेलवे, बैंकिंग और पोस्टल विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।



# सात दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों ने सीखी एक से बढ़कर एक कलाएं

### हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में 'शिक्षा में नाटक एवं कला' के अंतर्गत हुआ आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में प्राचार्य, डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी की अध्यक्षता में ईपीसी 'शिक्षा में नाटक एवं कला' के अंतर्गत फेविक्रिल द्वारा आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यशाला में फेविक्रिल की प्रशिक्षिकाएं अंशु अग्रवाल एवं कुसुम करेचा ने छात्राओं को आर्ट एंड क्राफ्ट, पोस्टर आर्ट, पेपर आर्ट सहित विभिन्न रचनात्मक विधाओं का प्रशिक्षण प्रदान किया । उन्होंने छात्राओं को कला के माध्यम से शिक्षण को प्रभावी एवं रोचक बनाने की तकनीकों से अवगत कराया, जिससे उनकी रचनात्मकता एवं कौशल में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। समापन अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए कहा कि कार्यशाला में अर्जित ज्ञान और कौशल को अपनी शिक्षण प्रक्रिया में आत्मसात कर भविष्य को उज्ज्वल बनाएं तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में रचनात्मक शिक्षा का उपयोग करें।

#### लगाई गई आर्कषक प्रदर्शनी

इस अवसर पर छात्राओं द्वारा कार्यशाला के दौरान तैयार की गई कलात्मक सामग्रियों की आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसने सभी का ध्यान आकर्षित किया और छात्राओं की प्रतिभा को सराहा गया । कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की उप-प्राचार्य, डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ । कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की डॉ. निरुपमा पाठक, डॉ. अलका श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि शुक्ला, डॉ. निधि माथुर, ऋ षभ भट्ट, लाइब्रेरियन ज्योति शर्मा, कार्यालयीन कर्मचारियों नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे, प्रीति नामदेव एवं विजय दहायत का विशेष योगदान रहा ।

## केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू का आगमन आज

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** केन्द्र सरकार के आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू का रविवार 24 मई को सुबह 4.15 बजे रेल मार्ग द्वारा जबलपुर आगमन होगा। श्री साहू रेल्वे स्टेशन से सीधे सर्किट हाउस पहुंचेंगे तथा सुबह 9 बजे से स्मालर्ट सिटीए स्वच्छ भारत मिशन, अमृत एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों का स्थहल निरीक्षण करेंगे। केन्द्रीय राज्य मंत्री सुबह 11 बजे अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में शामिल होंगे तथा दोपहर 2 बजे से जबलपुर स्माभर्ट सिटी, स्वच्छ भारत मिशन शहरी, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं अमृत योजना के कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे। श्री साहू शाम 4.15 बजे भेड़ाघाट जायेंगे तथा शाम 5.30 बजे भेड़ाघाट से जबलपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। केन्द्रीय राज्य मंत्री शाम 7.30 बजे जबलपुर एयरपोर्ट से वायुयान द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

### खिड़की की ग्रिल तोड़कर जेवर-नगदी उड़ा ले गए चोर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोरखपुर थाने में विनय मागो उम्र 58 वर्ष निवासी आदर्श नगर थाना गोरखपुर ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि उसकी कार एसेसिरिज की दुकान है। बीती रात वह अपने परिवार सहित घर में सो रहा था। जब उठकर देखा स्टोर रूम की खिड़की की ग्रिल, जाली व कांच टूटे हुये थे स्टोर रूम में रखे आलमारी का ताला टूटा था। आलमारी में रखी चांदी की लक्ष्मीजी, गणेशजी की मूर्ति, चांदी के 60-70 सिक्के, नगदी 50-60 हजार रूपये नहीं थे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### जहरीली वस्तु के सेवन से वृद्ध की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी थाने में विक्टोरिया अस्पताल से सूचना मिली कि नीलकंठ पटेल उम्र 60 वर्ष निवासी गांधी चौक गायत्री मंदिर के पास मानेगांव रांझी को किसी जहरीली वस्तु का सेवन करने से सिविल अस्पताल रांझी से रेफर होकर उपचार हेतु विक्टोरिया में लाया गया था। जहां पर डॉक्टर ने चैक कर नीलकंठ पटेल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### बाथरूम में गिरने से महिला की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी थाने में रोहित झारिया उम्र 25 वर्ष निवासी मोहनिया कलारी के पास आंगनबाड़ी के पीछे रांझी सूचना देकर बताया कि उसके मोहल्ले की एक महिला कृष्णा चौधरी उम्र 40 वर्ष निवासी मोहनिया कलारी के पास आंगनबाड़ी के पीछे रांझी की बाथरूम मे बेहोश होकर गिर कर खत्म हो गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस को महिला अपने घर के बाथरूम में मृत अवस्था में पड़ी है। पुलिस ने सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## ट्रैक्टर से टकराकर पलटा पिकअप वाहन, एक की मौत



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर से सिवनी के लिए रवाना हुई पिकअप गाड़ी लखनादौन में विगत दिन ट्रैक्टर से टकराकर पलट गई। हादसे में पिकअप सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई, वहीं 2 युवकों के शरीर पर गंभीर चोटें आई है। इसके अलावा पिकअप में लोड 12 बकरियां भी मारी गई है। पुलिस के मुताबिक बकरियों से भरा पिकअप वाहन जबलपुर से धूमा होते हुए बंडोल सिवनी जाने निकला। जब पिकअप राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित चौथा पुल से आगे बढ़ रहा था, इस दौरान सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर से टकराकर खेत में जाकर पलट गया। भिड़ंत इतनी जोरों से हुई कि पिकअप के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में बंडोल क्षेत्र के जुरतरा निवासी बालक राम पिता मूलचंद राठौर उम्र 50 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, उनका पुत्र कार्तिक राठौर 27 वर्ष व बंडोल निवासी शिवकुमार बंजारा 32 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। खबर मिते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया।

### मनोज नामदेव बने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार कांग्रेस प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं संगठन महामंत्री डॉ.संजय कामले एंव म.प्र. कांग्रेस कमेटी के महासचिव एंव सभी प्रकोष्टों एंव विभागों के प्रभारी डॉ.महेन्द्र सिंह चौहान एंव म.प्र. कांग्रेस स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय नारायण सितलानी के अनुमोदन उपरांत मनोज नामदेव को मप्र कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत म.प्र. कांग्रेस स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ठ में प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व वित्त मंत्री तरूण भानोत, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाबू विश्वमोहन, पूर्व विद्यायक विनय सक्सेना, शहर जिला स्वंतत्रता संग्राम सेनानी परिवार प्रकोष्ट के नगर अध्यक्ष रजेन्द्र रज्जू सराफ आदि ने बधाइयां प्रेषित की हैं।

## सिहोरा-मझौली के डबल लॉक केंद्रों का औचक निरीक्षण



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशनुसार शनिवार को उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे एवं जिला विपणन अधिकारी ने संयुक्त रूप से सिहोरा और मझोली स्थित रासायनिक उर्वरक डबल लॉक केंद्रों एवं गोदामों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान विक्रय केंद्रों पर किसानों की सुविधाओं की समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए गए कि तपती धूप और गर्मी को देखते हुए केंद्रों पर किसानों के बैठने के लिए शेड और ठंडे पानी की पुख्ता व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में किसानों की आवश्यकता के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। वर्तमान में कुल 37 हजार 778 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक का स्टॉक गोदामों में सुरक्षित है। इनमें 20 हजार 684 मीट्रिक टन यूरिया, 9 हजार 268 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट, 4 हजार 684 मीट्रिक टन एनपीके, 2 हजार 250 मीट्रिक टन टीएसपी और 892 मीट्रिक टन पोटाश शामिल है।

## केन्द्रीय विद्युत सचिव ने परखी कोयले की गुणवत्ता, देखा विद्युत का उत्पादन प्रदर्शन

### संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर का दौरा कर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

भारत सरकार के विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल ने संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर का एक दिवसीय दौरे में विद्युत गृह की विद्युत उत्पादन क्षमता, संचालन दक्षता व कोयला लोडिंग, सैंपलिंग एवं परीक्षण प्रक्रियाओं का विस्तृत अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने संजय गांधी ताप विद्युत गृह की उत्पादन उपलब्धियों एवं परिचालन प्रणाली की सराहना करते हुए इसे विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यप्रणाली का उदाहरण बताया। इस दौरान पंकज अग्रवाल ने मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह व वरिष्ठ अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक कर विद्युत उत्पादन से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं परिचालन पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने



संयंत्र में कोयले की गुणवत्ता, आपूर्ति प्रक्रिया तथा परीक्षण तंत्र को विस्तार से समझा एवं अभियंताओं से इस संबंध में व्यावहारिक अनुभव और चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की।

#### दिया संपूर्ण प्रक्रिया का प्रस्तुतिकरण

कोयले की गुणवत्ता प्रमुख चुनौती- समीक्षा बैठक में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल को कोयले की लोडिंग, अनलोडिंग, सैंपलिंग एवं परीक्षण की संपूर्ण प्रक्रिया का विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। कोल वॉशरी संचालन एवं उसके निस्तारण तंत्र की जानकारी साझा की गई। बैठक के दौरान प्रबंध संचालक ने विद्युत उत्पादन संयंत्रों के समक्ष कोयले की गुणवत्ता एवं ग्रेड निर्धारण से जुड़ी चुनौतियों को प्रमुख विषय के रूप में प्रस्तुत किया तथा इस दिशा में बेहतर समाधान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

#### परिसर में किया पौधारोपण

बिरसिंगपुर परिसर के पर्यावरण को सराहा- केन्द्रीय विद्युत सचिव पंकज अग्रवाल व पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह सहित उपस्थित वरिष्ठ अभियंताओं द्वारा विद्युत गृह परिसर में पौधारोपण किया गया।

### कार की टक्कर से युवक की मौत

**सिहोरा।** सिहोरा थाना क्षेत्र के मझौली बायपास ब्रिज के पास टाटा सफारी की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल बाइक सवार को सिहोरा के शासकीय सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां से इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक सूरज सिंह गोंड पिता बलवीर सिंह गोंड उम्र 32 वर्ष निवासी मनसकरा वार्ड नंबर 1 शनिवार सुबह 10 बजे हाइवा चलाने दर्शनी माइंस जा रहा था। जैसे ही वह मझौली बाईपास ब्रिज के नीचे पहुंचा है टाटा सफारी ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**